सूर्योदय 5:52 सूर्यास्त 6:51

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.0 न्यू | 20.0 अधि |
| धर्मशाला | 17.0 न्यू | 27.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,989 |
| निफ्टी | 24,197 |

सोना 1,53,305 | चांदी 2,53, 230

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026 | 4 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 108, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### चारधाम की यात्रा 19 अप्रैल से होगी शुरू

**एजेंसी, रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड में इस बार चारधाम यात्रा 19 अप्रैल से शुरू हो रही है, जिसके तीन दिन बाद 22 अप्रैल को बर्फ की चादर के बीच केदारनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। यहां श्रद्धालुओं के लिए ग्लेशियर काटकर स्नो कॉरिडोर तैयार किया गया है, जिससे वे बर्फ की ऊंची दीवारों के बीच से होकर बाबा केदार के दर्शन कर सकेंगे। श्रद्धालुओं के उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पहले दिन हुए 42,405 रजिस्ट्रेशन की संख्या बढ़कर 15 अप्रैल तक 5,96,100 पहुंच गई है। रुद्रप्रयाग के डीएम विशाल मिश्रा के अनुसार, 100 से ज्यादा श्रमिकों ने दिन-रात काम कर बर्फ की मोटी परतों को काटते हुए श्रद्धालुओं के लिए रास्ता तैयार कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### प. बंगाल में बीएसएफ कैंप में लगी आग, जवान शहीद

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के हिंगलगंज इलाके में बीएसएफ के एक कैंप में आग लगने से एक जवान की मौत हो गई। मृतक की पहचान एएसआई जगी राम के रूप में हुई है। वह सूत्रों के अनुसार, यह हादसा गुरुवार सुबह हिंगलगंज के बांकरा स्थित बीएसएफ की 77वीं बटालियन के कैंप में हुआ। बताया जा रहा है कि ज्योति राम सिंह कैंप के उस कमरे में गए थे, जहां ईंधन (फ्यूल) का भंडारण किया जाता है। इसी दौरान स्पीडबोट में तेल भरते समय अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैल गई कि वह बाहर निकलने का मौका नहीं पा सके और कमरे में गंभीर रूप से झुलसने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

### फ्रॉड लोन केस में अनिल अंबानी को सुप्रीम झटका

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से व्यवसायी अनिल अंबानी को बड़ा झटका लगा है। एक मामले में कोर्ट ने उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया है। उन्होंने बॉम्बे हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें बैंकों को उनके लोन अकाउंट को फ्रॉड (धोखाधड़ी) की श्रेणी में डालने की अनुमति मिली थी। इंडियन ओवरसीज बैंक सहित दो बैंक अब इस कार्रवाई को आगे बढ़ा सकते हैं। इससे पहले हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने दिसंबर 2025 के अपने आदेश में अनिल अंबानी को अंतरिम राहत दी थी। लेकिन डिवीजन बेंच ने उस पुराने आदेश को रद्द कर दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने भी डिवीजन बेंच के फैसले में दखल देने से मना कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### स्पाइसजेट और अकासा एयर के विमान टकराए

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट का विमान अकासा एयर के विमान से टकरा गया। घटना वीरवार दोपहर 2 बजे हुई। जानकारी के मुताबिक अकासा एयर की दिल्ली से हैदराबाद जाने वाली फ्लाइट नंबर क्यूपीवी 406 पार्किंग वे से पुशबैक कर रहा था, तभी लेह से दिल्ली आया स्पाइसजेट का बी37-700 विमान टैक्सी वे से गेट की तरफ बढ़ते समय उससे टकरा गया। हादसे में स्पाइसजेट विमान के राइट विंगलेट टूट गया। वहीं, अकासा के प्लेन के लेफ्ट होरिजोंटल स्टेबलाइजर को नुकसान पहुंचा है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- शिमला के मड़ावग ने रचा अमीर गांव का इतिहास -पेज 2
- सिया हत्याकांड की फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो सुनवाई -पेज 9
- 20 अप्रैल से कसोल में शुरू होगा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट -पेज 11


# संसद में गूंजी महिलाओं के हक की आवाज

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- महिला आरक्षण का विपक्ष ले ले क्रेडिट, ब्लैंक चेक देने को तैयार

## प्रियंका का जवाब- महिलाएं बार-बार बहकाने वाले पुरुषों को पहचान लेती हैं, रहें सावधान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसद के विशेष सत्र में वीरवार को लोकसभा में सरकार ने तीन अहम विधेयक पेश किए। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने इसका विरोध किया। इस पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि वेणुगोपाल विधेयकों के गुण-दोष पर टिप्पणी नहीं कर सकते। वह केवल तकनीकी आपत्तियां उठा सकते हैं। सरकार बहस के दौरान विपक्ष को मजबूत जवाब देगी। समाजवादी पार्टी ने महिला आरक्षण विधेयक का विरोध न करने का फैसला किया है।

संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महिला आरक्षण पर अगर साथ चलेंगे तो किसी को भी नुकसान नहीं होगा। इसे पारित करने का हमें क्रेडिट नहीं चाहिए, जैसे ही पारित हो जाए तो मैं एड देकर सबको धन्यवाद देने को तैयार हूं। सबकी फोटो छपवा देंगे। ले लो जी क्रेडिट। सामने से क्रेडिट का ब्लैंक चेक आपको दे रहा हूं। जिसको भी गारंटी चाहिए, वो देता हूं। अगर गारंटी शब्द चाहिए तो मैं वह शब्द भी उपयोग करता हूं, वादा की बात करते हो तो उसे भी इस्तेमाल करता हूं। तमिल में कोई शब्द हो तो मैं उसे भी कहता हूं, क्योंकि जब नीयत साफ है तो शब्दों का खेल करने की जरूरत नहीं है।

वहीं, प्रियंका गांधी ने कहा, 'पीएम कह रहे हैं कि उन्हें इसका श्रेय नहीं चाहिए। मैं कहती हूं कि बार-बार बहकाने वाले पुरुषों को महिलाएं पहचान लेती हैं। सावधान हो जाइए नहीं तो पकड़े जाएंगे।' (अनंत ज्ञान)

### परिसीमन में किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं

**पीएम** मोदी ने महिला आरक्षण बिल से जुड़े संशोधनों पर कहा कि परिसीमन में किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। यह मोदी की गारंटी है और वादा है। पीएम ने कहा कि यहां कुछ लोगों को लगता है, इसमें कहीं न कहीं मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है। इसका अगर विरोध करेंगे तो स्वभाविक है कि राजनीतिक लाभ मुझे होगा। उन्होंने सभी दलों से सरकार की ओर से लाए गए तीन विधेयकों को सर्वसम्मति से पारित कराने का अनुरोध किया ताकि इससे महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का मार्ग प्रशस्त हो सके।





### परिसीमन से राजनीतिक हित साध रही सरकार

**प्रियंका** गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विपक्ष को धर्मसंकट में डालकर मनमानी करना चाहती है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण की बात कह कर सरकार परिसीमन के माध्यम से चुनावी हित साधना चाहती है। सरकार देश को गुमराह कर रही है और कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार के इस प्रयास का डटकर विरोध करेगी। सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करना चाहती है, ताकि वह जातिगत जनगणना के आंकड़ों के आधार पर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने से बच सके। उन्होंने कहा कि सरकार लोकसभा की सीटों में 50 प्रतिशत का इजाफा कर रही है लेकिन इससे जुड़े अधिनियम में यह कैसे किया जाएगा, इसके बारे में साफ नहीं है।

# पार्टी आधार पर पंचायत चुनाव नहीं लड़ेगी कांग्रेस : मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर स्पष्ट शब्दों में कहा कि देश में यदि किसी राजनीतिक दल ने महिलाओं के अधिकारों और उनके कल्याण के लिए निरंतर काम किया है, तो वह कांग्रेस पार्टी है। उन्होंने शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कांग्रेस ने हर स्तर पर ठोस पहल की है और आगे भी यह प्रतिबद्धता जारी रहेगी।



**◆ कहा-कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के कल्याण को दी प्राथमिकता**

सुक्खू ने यह भी कहा कि महिला आरक्षण केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि समाज में समानता और भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसे कांग्रेस पूरी गंभीरता से देखती है। मुख्यमंत्री ने संगठनात्मक स्थिति पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के भीतर पूर्ण समन्वय है और सभी नेता एकजुट होकर काम कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी पंचायत चुनावों में कांग्रेस पार्टी के प्रतीक चिन्ह पर चुनाव नहीं लड़ा जाएगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जाएगी। सुक्खू ने विश्वास जताया कि प्रदेश में विकास की गति को बनाए रखते हुए कांग्रेस जनता के बीच मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगी और जमीनी मुद्दों पर केंद्रित राजनीति को आगे बढ़ाएगी।

# यौन उत्पीड़न के मामलों में 3 सहायक प्रोफेसर बर्खास्त

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था की मर्यादा और छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए राज्य सरकार ने यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ के मामलों में कड़ा रुख अपनाया है। तीन अलग-अलग मामलों में संलिप्त पाए गए तीन सहायक प्राध्यापकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनकी सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं।



**◆ सरकार ने अनिल, पवन और वीरेंद्र पर की कार्रवाई**

जानकारी के अनुसार, शिक्षा सचिव राकेश कंवर द्वारा जारी आदेशों के अनुसार सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय नादौन में रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इसी क्रम में जवाहर लाल नेहरू राजकीय ललित कला महाविद्यालय शिमला के सहायक प्राध्यापक पवन को भी यौन उत्पीड़न के मामले में तत्काल प्रभाव से नौकरी से हटा दिया गया। वहीं, राजकीय महाविद्यालय तीसा में गणित के सहायक प्राध्यापक डॉ. वीरेंद्र शर्मा पर भी इसी तरह की कार्रवाई करते हुए सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। सरकार के आदेशों के तहत इन शिक्षकों की बर्खास्तगी केवल वर्तमान सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें भविष्य में भी सरकारी सेवा के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी 27 अप्रैल को आएंगी हिमाचल

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का प्रस्तावित हिमाचल दौरा इस बार कई मायनों में खास माना जा रहा है। संभावित कार्यक्रम के अनुसार 27 अप्रैल से 2 मई 2026 तक राष्ट्रपति प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आधिकारिक गतिविधियों में भाग लेंगी। इस दौरान उनका प्रमुख ठिकाना शिमला स्थित राष्ट्रपति निवास, मशोबरा रहेगा, जहां से वे अलग-अलग कार्यक्रमों के लिए रवाना होंगी। लंबे अंतराल के बाद हो रहे इस दौरे को लेकर प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क नजर आ रही हैं। जानकारी के अनुसार दौरे के पहले दिन राष्ट्रपति पालम हवाई अड्डे से शिमला पहुंचकर सड़क मार्ग से मशोबरा जाएंगी। इसके बाद अगले दिन विभिन्न उद्घाटन कार्यक्रमों और औपचारिक बैठकों में हिस्सा लेंगी। 29 अप्रैल को उनका काफिला अटल टनल और सिस्सू क्षेत्र की ओर बढ़ेगा, जहां ब्रॉ अथॉरिटीज द्वारा प्रेजेंटेशन और समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।



# हिमाचल में पंचायत चुनाव तीन चरणों में करवाने की है तैयारी

**अनंत ज्ञान**

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत और शहरी निकाय चुनावों को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। राज्य में 3757 पंचायतों और 73 शहरी निकायों में चुनाव प्रस्तावित हैं, जिन्हें तीन चरणों में कराने की योजना बनाई जा रही है। चुनाव आयोग जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा कर सकता है। जानकारी के अनुसार प्रदेश में चुनाव 20, 22 और 23 मई या फिर 21, 23 और 24 मई को करवाए जाने का प्रस्ताव है।

हालांकि अंतिम निर्णय चुनाव आयोग द्वारा लिया जाएगा और इसमें बदलाव संभव है। मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्य अंतिम दौर में पहुंच चुका है, जिससे चुनावी प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की तैयारी की जा रही है। इस बार चुनावी तस्वीर कुछ अलग नजर आएगी। जहां पंचायत और अधिकतर शहरी निकाय चुनाव बिना पार्टी चिन्ह के होंगे, वहीं नगर निगम चुनाव पार्टी चिन्ह पर लड़े जाएंगे।

ऐसे में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही राजनीतिक दल नगर निगमों में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में हैं, जबकि पंचायत स्तर पर स्थानीय समीकरण और व्यक्तिगत प्रभाव अधिक अहम भूमिका निभाएंगे।

### सरकार आज कैबिनेट बैठक में करेगी चुनाव पर मंथन

**चुनावी** घोषणा से पहले मुख्यमंत्री सुक्खू ने 17 अप्रैल को कैबिनेट बैठक बुलाई है, जिसमें कई अहम फैसले लिए जा सकते हैं। माना जा रहा है कि बजट में घोषित योजनाओं को लागू करने और चुनाव से पहले जनता के बीच सकारात्मक संदेश देने की रणनीति बनाई जाएगी। अब सबकी नजर चुनाव आयोग की घोषणा और सियासी दलों की अगली चाल पर टिकी हुई है।

# अनुराग शर्मा ने ली राज्यसभा की शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने वीरवार को संसद परिसर में राज्यसभा सांसद के तौर पर शपथ ली। उन्हें उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अनुराग शर्मा दोनों सदनों में हिमाचल प्रदेश के एकमात्र सांसद हैं। उन्होंने संसद में हिमाचल प्रदेश के हितों की रक्षा के कार्य करने का संकल्प लिया और केंद्र सरकार के समक्ष हिमाचल के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के लिए हर संभव प्रयास करने का प्रण लिया। अनुराग शर्मा ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी, सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा उन्हें राज्यसभा भेजने के लिए धन्यवाद किया।



# ईरानी पोर्ट से निकले 13 जहाज लौटाए : यूएस

## कहा- 3 दिन में एक ने भी जहाज होर्मुज क्रॉस नहीं करने दिया

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने ईरान के बंदरगाहों से निकलने की कोशिश कर रहे 13 जहाजों को वापस लौटा दिया। अमेरिकी सेना ने ईरान के समुद्री इलाके में नाकाबंदी कर रखी है।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, सोमवार से शुरू हुई इस नाकाबंदी के बाद अब तक कोई भी जहाज इसे पार नहीं कर पाया है। ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने नाकाबंदी नहीं हटाई, तो वह खाड़ी इलाके में व्यापार को बाधित कर सकता है। (अनंत ज्ञान)



### ईरान ने डील नहीं मानी तो फिर जंग होगी

**अमेरिका** ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर उसने पीस डील नहीं मानी, तो फिर से जंग शुरू हो सकती है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान के पास समझौता करने का मौका है, लेकिन अगर उसने इसे ठुकराया तो अमेरिका दोबारा सैन्य कार्रवाई शुरू करेगा। उन्होंने बताया कि अमेरिकी फोर्सेस पूरी तरह तैयार हैं और किसी भी समय कॉम्बैट ऑपरेशन शुरू कर सकती हैं। हेगसेथ ने यह भी कहा कि अमेरिकी सेना राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश का इंतजार कर रही है और निर्देश मिलते ही कार्रवाई शुरू की जा सकती है। हेगसेथ ने कहा है कि अमेरिका ईरान पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखेगा। उन्होंने साफ किया कि यह कार्रवाई तब तक जारी रहेगी, जब तक अमेरिका अपने रणनीतिक लक्ष्य हासिल नहीं कर लेता।

# आंध्र में सड़क हादसे में आठ श्रद्धालुओं की मौत, 12 घायल

**एजेंसी, हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के कर्नुल जिले में गुरुवार तड़के एक सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 12 अन्य घायल हो गए। यह हादसा नेशनल हाईवे 167 पर कर्नुल जिले के धर्मापुर टोल प्लाजा से लगभग 8-9 किलोमीटर दूर कर्नाटक-आंध्र प्रदेश सीमा के पास हुआ। पुलिस के अनुसार प्रसिद्ध तीर्थस्थल मंत्रालयम स्थित श्री राघवेंद्र स्वामी मठ में दर्शन के लिए श्रद्धालु एक छोटी पिकअप गाड़ी से जा रहे थे। तभी कर्नाटक-आंध्र प्रदेश सीमा पर तड़के 3.30 बजे मंत्रालयम के चिलकलाडोना के पास पिकअप गाड़ी और रेडी-मिक्स लॉरी की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए। हादसे के समय पिकअप वाहन में कुल 21 लोग सवार थे।

इनमें पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों को यममिगनूर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यममिगनूर उपमंडल की डीएसपी भार्गवी ने बताया कि सात घायलों को बेहतर उपचार के लिए बाद में कुर्नुल स्थानांतरित किया गया, जबकि चार अन्य का एरिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक व्यक्ति की हालत स्थिर बताई गई है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही अधिक जानकारी सामने आएगी। आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में आज से चार दिन तक फिर बरसेंगे मेघ

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। प्रदेश में सक्रिय हुए वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते अगले चार दिनों तक मौसम खराब रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार अप्रैल के पहले पंद्रह दिनों में ही सामान्य से 81 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है, जो इस सीजन के लिए असामान्य स्थिति मानी जा रही है। गुरुवार से सक्रिय इस सिस्टम का असर 19 अप्रैल तक बना रहेगा, जिसके चलते पहाड़ी क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी और मध्य व निचले इलाकों में रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। शुक्रवार को इसके और अधिक सक्रिय होने की संभावना जताई गई है, जिसके चलते चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिलों में ओलावृष्टि, आंधी और तेज़ तूफ़ान का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन क्षेत्रों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है।

**◆ ओलावृष्टि और तेज तूफान चलने की चेतावनी**

मौसम विभाग ने 18 और 19 अप्रैल के लिए भी येलो अलर्ट जारी किया है, जिसके तहत चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिलों में मौसम के और बिगड़ने की आशंका है। हालांकि 20 अप्रैल से मौसम के साफ होने के संकेत दिए गए हैं। आने वाले दिनों में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्का हिमपात और अन्य हिस्सों में मध्यम बारिश होने की संभावना है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है।

**उपलब्धि** टाइम मैगजीन ने जारी की दुनिया के 100 प्रभावशाली लोगों की लिस्ट, भारतीय भी शामिल

# टाइम-100 सूची में सुंदर, रणबीर व विकास को स्थान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दुनिया की प्रतिष्ठित टाइम मैगजीन ने 2026 की टाइम-100 सूची जारी की, जिसमें भारत से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियों को शामिल किया गया। इस साल सुंदर पिचाई, रणबीर कपूर और शेफ विकास खन्ना को वैश्विक प्रभाव के लिए सम्मानित किया गया।

हर साल जारी होने वाली यह सूची मनोरंजन, तकनीक, वित्त, खेल, एक्टिवज्म और अकादमिक क्षेत्रों के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची होती है। टाइम मैगजीन की टाइम-100 सूची में पहले शाहरुख खान, सचिन तेंदुलकर, नरेंद्र मोदी, दीपिका पादुकोण और महात्मा गांधी भी शामिल हो चुके हैं। वहीं, फिल्म अभिनेता रणबीर कपूर ने अभी तक इस सम्मान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।







हालांकि, टाइम पत्रिका में रणबीर की प्रोफाइल अभिनेता आयुष्मान खुराना ने लिखी थी। उन्होंने लिखा, 'कुछ अभिनेता विरासत हासिल करने के लिए संघर्ष करते हैं और कुछ अभिनेता अपनी कला के दम पर विरासत बन जाते हैं। रणबीर कपूर इसी श्रेणी में आते हैं। (अनंत ज्ञान)

### पिछले साल लिस्ट में नहीं था एक भी भारतीय

**टाइम** मैगजीन की 2025 की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट जारी में किसी भी भारतीय को शामिल नहीं किया गया था। तब 21 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ था, जब लिस्ट में कोई भारतीय नहीं था।

### मेरे लिए यह गर्व का क्षण: विकास खन्ना

**मशहूर** शेफ विकास खन्ना ने इसे गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कहा कि 2026 की टाइम-100 सूची में शामिल होना मेरे लिए बेहद गर्व की बात है। खन्ना ने इस सम्मान का श्रेय अपने परिवार को दिया। उन्होंने कहा कि उनकी दादी, मां और बहन के त्याग, आशीर्वाद और मार्गदर्शन से वे इस मुकाम तक पहुंच सके हैं। इस सूची में राल्फ लॉरेन, केट हडसन, ईथन हॉक, मार्क केली और हिलारी नाइट जैसे वैश्विक दिग्गजों को उनके क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए शामिल किया गया है।

# बंगाल में बने सप्लीमेंट्री वोटर लिस्ट : कोर्ट

## ट्रिब्यूनल 21 अप्रैल तक जिन्हें वोटर मानेगा, वे 23 को डाल सकेंगे वोट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह पश्चिम बंगाल में सप्लीमेंट्री वोटर लिस्ट जारी करे। इसमें उन वोटर्स को शामिल किया जाए, जिनकी अपीलों पर ट्रिब्यूनल में फैसला हो गया है। कोर्ट ने कहा कि जिनकी अपीलें पेंडिंग हैं, उन्हें वोट डालने की इजाजत नहीं होगी। बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में 90.83 लाख वोटर्स के नाम काट दिए गए हैं। इन वोटर्स की अपील सुनने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ट्रिब्यूनल बनाए गए हैं।

बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए दो फेज में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को वोटिंग होना है। पहले फेज में जहां वोटिंग होना है, वहां 21 अप्रैल तक वोटर्स की अपील पर फैसला हो जाने पर वे वोट दे सकेंगे। वहीं दूसरे फेज वाले इलाकों के वोटर्स 27 अप्रैल तक अपील पर फैसला होने पर वोट डाल सकेंगे। जैसे ही ट्रिब्यूनल नाम जोड़ने का आदेश देगा, इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर तुरंत सूची में संशोधन करे। सीजेआई सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इस प्रक्रिया में बड़ी संख्या में नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं। (अनंत ज्ञान)



### वोटिंग अनिवार्य करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को देश में वोटिंग अनिवार्य करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसा आदेश नीतिगत दायरे में आता है और न्यायपालिका इसे जारी नहीं कर सकती। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि जान-बूझकर वोट न डालने वालों के लिए दंडात्मक कार्रवाई की मांग और वोटिंग अनिवार्य बनाने वाली याचिकाओं पर कोर्ट सुनवाई नहीं कर सकता। बेंच ने याचिकाकर्ता अजय गोयल से कहा कि वे अपनी शिकायतों को लेकर संबंधित पक्षों से संपर्क करें। याचिकाकर्ता ने यह भी मांग की थी कि जो लोग जान-बूझकर वोट डालने से दूर रहते हैं, उनके लिए सरकारी सुविधाओं पर रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

# शिमला में गायनी ओपीडी शिफ्ट करने पर केएनएच के बाहर भाजपा का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में कमला नेहरू हॉस्पिटल की गायनी ओपीडी को इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में शिफ्ट करने के फैसले को लेकर सियासी माहौल गर्मा गया है।

इस निर्णय के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने केएनएच के बाहर धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान यह मुद्दा महिलाओं की सुविधा और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ा बताते हुए सरकार के फैसले को जनविरोधी करार दिया गया। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का कहना है कि बिना पर्याप्त व्यवस्था और महिलाओं की सहमति के इस तरह का निर्णय लेना उनकी परेशानियों को बढ़ाने वाला है। उनका आरोप है कि दूर-दराज़ से आने वाली गर्भवती महिलाओं और मरीजों को अब अतिरिक्त दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द इस फैसले को वापस नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## आम की खुशबू से महकी मंडी, ग्राहकों में दिखा उत्साह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला की सब्जी मंडी में इन दिनों फलों के राजा आम की आमद ने खासा माहौल बना दिया है। महाराष्ट्र से ताजा खेप पहुंचने के साथ ही मंडी में आम की मीठी खुशबू फैल गई है, जिससे ग्राहकों का रुझान तेजी से बढ़ा है। लंबे इंतजार के बाद बाजार में पहुंचे इन आमों को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। व्यापारी भी इस बार अच्छी गुणवत्ता और बेहतर सप्लाई को लेकर संतुष्ट नजर आ रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार शुरुआती दौर में आम की कीमतें थोड़ी अधिक हैं, लेकिन जैसे-जैसे आवक बढ़ेगी, दामों में नरमी आने की उम्मीद है। वहीं ग्राहकों का कहना है कि मौसम की गर्मी के साथ आम का स्वाद बाजार में एक अलग ही ताजगी लेकर आया है। मंडी में बढ़ती चहल-पहल से साफ है कि आने वाले दिनों में आम की बिक्री और रफ्तार पकड़ेगी।

# सेब क्रांति से समृद्धि की कहानी, शिमला के मड़ावग ने रचा अमीर गांव का इतिहास

## 150 करोड़ का सेब उत्पादन, एशिया के समृद्ध गांवों में बनाई मजबूत पहचान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जिला शिमला का मड़ावग गांव आज देवभूमि हिमाचल की आर्थिक उन्नति का जीवंत प्रतीक बन चुका है, जहां सेब बागवानी ने समृद्धि की ऐसी कहानी लिखी है जो पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बन गई है।

आर्थिक सर्वेक्षण के ताजा आंकड़ों के मुताबिक हिमाचल प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय जहां 2,83,626 रुपए तक पहुंच चुकी है, वहीं मड़ावग जैसे गांवों ने इस औसत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। लगभग दो हजार की आबादी वाले इस गांव में प्रति व्यक्ति आय 70 से 75 लाख रुपए सालाना के आसपास आंकी जाती है, जो इसे देश ही नहीं बल्कि एशिया के सबसे समृद्ध गांवों की श्रेणी में खड़ा करती है।

जानकारी के अनुसार दरअसल, शिमला के ऊपरी शिमला में स्थित मड़ावग ने सेब उत्पादन को केवल खेती नहीं, बल्कि एक संगठित आर्थिक गतिविधि के रूप में विकसित किया है। यहां हर साल 150 करोड़ रुपए से अधिक का सेब उत्पादन होता है और करीब 400 परिवार इस बागवानी से सीधे जुड़े हैं। इससे पहले 1980 के दशक में क्यारी गांव ने एशिया के सबसे अमीर गांव का दर्जा हासिल किया था, जिसने इस क्षेत्र में बागवानी क्रांति की नींव रखी। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मड़ावग ने आधुनिक तकनीकों, बेहतर किस्मों और बाजार तक पहुंच के जरिए अपनी पहचान और मजबूत की है।

बता दें कि हिमाचल में बागवानी और कृषि क्षेत्र का संयुक्त योगदान प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में करीब 15 प्रतिशत है, जबकि पूरे राज्य में लगभग चार लाख परिवार इस व्यवसाय से जुड़े हैं। सेब उद्योग का सालाना कारोबार ही पांच हजार करोड़ रुपए के आसपास पहुंच चुका है। यही वजह है कि वर्ष 2011-12 से लेकर अब तक हिमाचल प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय लगातार राष्ट्रीय औसत से ऊपर बनी हुई है। इस आर्थिक मजबूती में शिमला जिला, विशेषकर ऐसे गांव, रीढ़ की हड्डी साबित हो रहे हैं।

### हर कड़ी चुनौती का किया मुकाबला

**हालांकि** इस सफलता को बनाए रखने के लिए चुनौतियों पर भी ध्यान देना जरूरी है। सिंचाई सुविधाओं का अभाव, मौसम की अनिश्चितता, ओलावृष्टि और बेसहारा पशुओं से फसलों को होने वाला नुकसान अभी भी बड़ी समस्या है। साथ ही, दूरदराज के बागानों से मंडियों तक सेब पहुंचाने की व्यवस्था को और मजबूत करने की जरूरत है। यदि सरकार इन बुनियादी मुद्दों पर ठोस कदम उठाती है, तो मड़ावग जैसे गांव न केवल हिमाचल बल्कि पूरे देश के ग्रामीण आर्थिक विकास का मॉडल आगे भी बने रह सकते हैं।

# ऑल्टो कार से 240 अवैध शराब की बोतलें की जब्त

अनंत ज्ञान

◆ **अन्य मामले में चिड़गांव क्षेत्र में स्थित एक वाइन शॉप से भी की भारी बरामदगी**

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले में पुलिस और आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में भारी मात्रा में शराब बरामद की है। पहले मामले में सदर थाना क्षेत्र में सूचना के आधार पर एक ऑल्टो कार की तलाशी ली गई, जिसमें देसी शराब (ऊना नंबर-1) के 20 कार्टन बरामद हुए। प्रत्येक कार्टन में 12 बोतलें (750 मिली) होने के चलते कुल 240 बोतलें जब्त की गईं। मौके पर मौजूद लोकपाल शर्मा (34), निवासी ओल्ड बस स्टैंड शिमला, ने खुद को वाहन का मालिक और चालक बताया, जिसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार दूसरे मामले में रोहड़ू उपमंडल के चिड़गांव क्षेत्र में स्थित एक वाइन शॉप पर आबकारी विभाग की टीम ने छापा मारकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी। यहां से 40 बोतल आईएमएफएल, 7 बोतल देसी शराब, 12 बोतल बीयर, 16 पिंट आईएमएफएल, 24 पिंट देसी शराब और 41 निप देसी शराब बरामद की गई। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि दुकान का लाइसेंस 31 मार्च 2025 को ही समाप्त हो चुका था, बावजूद इसके अवैध रूप से बिक्री जारी थी।

दोनों मामलों में पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई तेज कर दी है। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है, वहीं विभाग ने साफ संकेत दिए हैं कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ इसी तरह कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## प्रदेश में पंचायत चुनाव से पहले 'सम्मति मॉडल' की राजनीति तेज

# कुलदीप राठौर का बड़ा ऐलान, ठियोग में सर्वसम्मति से चुनी पंचायतों को मिलेंगे पांच लाख की प्रोत्साहन राशि

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनावों की आहट के साथ ही राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं और घोषणाओं का दौर भी खुलकर सामने आने लगा है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह द्वारा निर्विरोध चुनी जाने वाली पंचायतों को प्रोत्साहन देने की पहल के बाद अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुलदीप सिंह राठौर ने भी इसी दिशा में बड़ा ऐलान किया है।



राठौर ने स्पष्ट किया है कि ठियोग विधानसभा क्षेत्र में सर्वसम्मति से चुनी गई पंचायतों को विधायक निधि से पांच लाख रुपये दिए जाएंगे, जिससे विकास कार्यों को गति मिलेगी।

इस पहल को कांग्रेस विकास की निरंतरता और गांव स्तर पर आपसी सौहार्द बढ़ाने के रूप में पेश कर रही है। पार्टी का तर्क है कि निर्विरोध पंचायत बनने से अनावश्यक चुनावी खर्च पर रोक लगेगी और गांवों में भाईचारा मजबूत होगा। साथ ही, बिना चुनावी खींचतान के चुने गए प्रतिनिधि स्थानीय समस्याओं पर अधिक केंद्रित होकर काम कर सकेंगे, जिससे विकास कार्यों में तेजी आएगी।

हालांकि, राजनीतिक गलियारों में इस कदम को केवल विकास की दृष्टि से नहीं देखा जा रहा। जानकारों का मानना है कि यह रणनीति पंचायत चुनावों में कांग्रेस की पकड़ मजबूत करने का एक सुनियोजित प्रयास भी हो सकती है। निर्विरोध चुनावों के जरिए जहां विपक्ष की सक्रियता सीमित हो सकती है, वहीं पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को सहज जीत का रास्ता मिल सकता है। ऐसे में यह पहल विकास और राजनीति दोनों के संतुलन का संकेत देती नजर आ रही है।

### रणनीति के पीछे सियासी गुणा भाग

**हालांकि,** पंचायत स्तर पर सर्वसम्मति का मॉडल लागू करना आसान नहीं होता, क्योंकि स्थानीय स्तर पर गुटबाजी और व्यक्तिगत समीकरण हावी रहते हैं। ऐसे में आर्थिक प्रोत्साहन देकर सहमति बनाने की कोशिश निश्चित तौर पर एक राजनीतिक प्रयोग भी है। आने वाले चुनावों में यह स्पष्ट होगा कि यह पहल वास्तव में विकास का माध्यम बनती है या फिर राजनीतिक लाभ का जरिया। फिलहाल इतना तय है कि पंचायत चुनावों से पहले कांग्रेस ने अपनी रणनीति के संकेत साफ तौर पर दे दिए हैं।

# कोटखाई की बेटी तनिष्का ने रचा सफलता का नया इतिहास

अनंत ज्ञान

◆ **सीबीएसई 10वीं में 96.5% अंक हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का मान**

**ब्यूरो, शिमला।** उपमंडल कोटखाई की तहसील कलबोग के ग्राम पंचायत नगान के गोलो गांव की होनहार छात्रा तनिष्का चौहान, पुत्री श्री रणवीर चौहान, ने सीबीएसई की 10वीं कक्षा की परीक्षा में 96.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में शानदार सफलता हासिल की है। तनिष्का वर्तमान में डीएवी न्यू शिमला की छात्रा हैं। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे परिवार, गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा हर कोई उनकी मेहनत और लगन की सराहना कर रहा है। इस खुशी के अवसर पर उनकी माता रीता चौहान और पिता रणवीर चौहान ने तनिष्का को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि तनिष्का ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हैं।



# सीबीएसई परीक्षा में जवाहर नवोदय विद्यालय ठियोग के विद्यार्थियों का परिणाम 100 प्रतिशत

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, शिमला।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ठियोग के कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने सीबीएसई परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो न केवल संस्थान बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गया है। विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने इस उपलब्धि को संभव बनाया।

विद्यालय के मेधावी छात्रों में मास्टर नमन चौहान ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया, वहीं कुमारी किंजल मेहता ने 96.8 प्रतिशत, मास्टर राज्यवर्धन सिंह ने 96.4 प्रतिशत, कुमारी ऋधिका ने 95.8 प्रतिशत और कुमारी साक्षी भारद्वाज ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इन छात्रों की सफलता ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को एक बार फिर सिद्ध किया है। विद्यालय के प्राचार्य रोशन लाल तथा उप प्राचार्या पूनम खैतर ने इस शानदार उपलब्धि पर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की लगन, अनुशासन और शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी विद्यार्थी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे।

# स्प्रिंगडेल स्कूल खनेरी की छात्रा दृष्टि नेगी ने झटके 93 प्रतिशत अंक



**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर बुशहर के अंतर्गत खनेरी स्थित स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह उपलब्धि हासिल हुई। छात्राओं का प्रदर्शन सराहनीय रहा। दृष्टि नेगी ने 93 प्रतिशत अंकों से पहला, वंशिका जिष्टू ने 92.4 प्रतिशत से दूसरा तथा प्रत्याशा भंडारी ने 92.2 प्रतिशत से तीसरा स्थान प्राप्त किया। मिताली (91.8 प्रतिशत) और आरना (91 प्रतिशत) ने भी मेरिट में जगह बनाई। परिणाम घोषित होते ही स्कूल और घरों में खुशी की लहर दौड़ गई। अभिभावकों ने स्कूल की तारीफ की। टॉपर्स ने कहा कि नियमित पढ़ाई ही उनकी सफलता का राज है। प्रधानाचार्य ने बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं, केवल परिश्रम और अनुशासन से संभव है।

# राज्य सरकार की लापरवाही से अटका पिंजौर-नालागढ़ एनएच निर्माण: कश्यप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पिंजौर-बद्दी-नालागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-105 के निर्माण में हो रही देरी को लेकर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की लापरवाही और गैर-गंभीर रवैये के कारण यह महत्वपूर्ण परियोजना बुरी तरह प्रभावित हुई है।



कश्यप ने बताया कि उन्होंने इस मुद्दे को लोकसभा में नियम 377 के तहत उठाया, जिसके बाद केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से मिली जानकारी में स्पष्ट हुआ कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को ईपीसी कॉन्ट्रैक्टर एस पटेल इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ अनुबंध समाप्त करना पड़ा। इसका मुख्य कारण समय पर भूमि उपलब्ध न होना और लगातार उत्पन्न होती बाधाएं रही हैं। उन्होंने इसे प्रदेश सरकार की प्रशासनिक विफलता करार देते हुए कहा कि इसका खामियाजा प्रदेश की जनता और औद्योगिक क्षेत्र को भुगतना पड़ रहा है। कश्यप ने कहा कि भूमि अधिग्रहण में देरी, आवश्यक अनुमतियों का लंबित रहना और विभागों के बीच समन्वय की कमी इस परियोजना में सबसे बड़ी रुकावट बनी। मार्च 2025 तक भी भूमि का पूर्ण हस्तांतरण नहीं हो सका, जबकि हरियाणा में खनन अनुमति में देरी, उच्च वोल्टेज लाइनों की शिफ्टिंग और वर्ष 2023 की भारी बारिश ने भी कार्य को प्रभावित किया। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने अब नई निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी है और सड़क के रख-रखाव के लिए एजेंसियां भी तैनात की गई हैं। लगभग 30.300 किलोमीटर लंबे इस राष्ट्रीय राजमार्ग को उन्होंने क्षेत्र की आर्थिक जीवनरेखा बताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार केवल श्रेय लेने की राजनीति में लगी है, जबकि जमीनी स्तर पर विकास कार्य ठप पड़े हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा इस मुद्दे को लगातार उठाती रहेगी।

# हिमाचल में जंगल राज का माहौल, बेटियां असुरक्षित और नशा माफिया बेखौफ: डॉ. सन्नी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष डा सन्नी शुक्ला ने वीरवार को शिमला में पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश में आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं और हालात ऐसे बन गए हैं कि देवभूमि में जंगल राज जैसा माहौल दिखाई देने लगा है। इस दौरान भाजयुमो के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी निशांत ठाकुर भी मौजूद रहे।

सनी शुक्ला ने मंडी जिले के सरकाघाट में 19 वर्षीय छात्रा की हत्या की घटना को बेहद दुखद और चिंताजनक बताते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं सरकार की कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफलता को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में बेटियां दिन-दहाड़े सुरक्षित न हों, वहां सरकार को आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने मांग की कि इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराई जाए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि समाज में एक मजबूत संदेश जाए। भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष ने प्रदेश में बढ़ती नशाखोरी को भी गंभीर मुद्दा बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ (बीबीएन), मैहतपुर, संसारपुर टैरेस, काला अंब और पांवटा साहिब जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में नशा माफिया सक्रिय हो चुके हैं और युवा वर्ग तेजी से इसकी चपेट में आ रहा है। उन्होंने कहा कि बड़े स्तर पर कार्रवाई न होने से लोगों में यह धारणा बन रही है कि नशा तस्करों को सत्ता का संरक्षण मिल रहा है, जिससे बड़ी मछलियां कानून की पकड़ से बाहर रह जाती हैं।

# दिनदहाड़े छात्रा की हत्या को लेकर एसएफआई ने उठाई न्याय की मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सरकाघाट क्षेत्र के गोपालपुर में 19 वर्षीय छात्रा और छात्र संगठन की सक्रिय कार्यकर्ता सिया गुलेरिया की दिनदहाड़े हत्या की दर्दनाक घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। नैण गांव की निवासी सिया गुलेरिया परीक्षा देने जा रही थीं, तभी रास्ते में नशे में धुत एक व्यक्ति ने तेज धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस हृदय विदारक घटना के विरोध में छात्र संगठन द्वारा शोक सभा आयोजित कर गहरी संवेदना व्यक्त की गई व दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग उठाई गई।




सिया गुलेरिया को श्रद्धांजलि अर्पित करते छात्र। अनंत ज्ञान

शोक सभा को संबोधित करते हुए राज्य अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा घोषित मुआवजा राशि 10 लाख रुपए तत्काल प्रभाव से पीड़ित परिवार को दी जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने मांग की कि सिया की छोटी बहन की शिक्षा का संपूर्ण दायित्व सरकार उठाए और प्रदेश में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर सख्त नियंत्रण लगाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी और कठोर कदम उठाना समय की आवश्यकता बन चुकी है।

संगठन ने इस जघन्य अपराध की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह घटना केवल कानून-व्यवस्था की कमजोरी ही नहीं, बल्कि समाज में फैल रही गहरी समस्या की ओर संकेत करती है। बेरोजगारी, युवाओं में बढ़ती निराशा और नशा तस्करों के प्रति ढीला रवैया इस स्थिति को और भयावह बना रहा है। संगठन ने सरकार से मांग की कि नशा तंत्र के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया जाए, युवाओं के लिए रोजगार और शिक्षा के अवसर बढ़ाए जाएं तथा जन-जागरूकता के माध्यम से इस बुराई को जड़ से समाप्त किया जाए। साथ ही, पीड़ित परिवार के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए न्याय की लड़ाई को अंत तक ले जाने का संकल्प दोहराया गया।

# योगेश चंद शर्मा ने उठाई दूरस्थ परीक्षा केंद्रों के सुधार की मांग

**अनंत ज्ञान, आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** चर्चित रचना आस्था का आत्मबोध के बाद कुमारसैन क्षेत्र से संबंध रखने वाले भाषा अध्यापक एवं लेखक योगेश चंद शर्मा का नया लेख सामने आया है, जिसमें उन्होंने परीक्षा केंद्रों की वर्तमान व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अपने लेख में उन्होंने बताया कि देशभर के कई विद्यार्थियों को 200 से 500 किलोमीटर दूर परीक्षा केंद्र दिए जा रहे हैं, जिससे उन्हें लंबी और थकाऊ यात्रा करनी पड़ती है। इससे न केवल उनका समय और ऊर्जा प्रभावित होती है, बल्कि उनके प्रदर्शन पर भी सीधा असर पड़ता है।

उन्होंने विशेष रूप से गरीब और ग्रामीण पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों की समस्याओं को उजागर किया है। यात्रा, रहने और भोजन का खर्च कई बार इतना बढ़ जाता है कि कई प्रतिभाशाली छात्र आर्थिक कारणों से परीक्षा में शामिल ही नहीं हो पाते। इसके अलावा, परिवहन में देरी, मौसम की मार और अनजान स्थानों की कठिनाइयां भी बड़ी बाधा बनती हैं। योगेश चंद शर्मा ने सरकार और संबंधित संस्थाओं से मांग की है कि परीक्षा केंद्रों को अधिकतम नज़दीकी स्तर पर सुनिश्चित किया जाए।

# राजधानी में दमन के खिलाफ गरजे मजदूर

## सीटू के आह्वान पर नोएडा में हो रहे अत्याचारों के विरोध में उठाई आवाज




डीसी ऑफिस के बाहर मजदूर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** सीटू के आह्वान पर वीरवार को शिमला में उपायुक्त कार्यालय के बाहर सैकड़ों मजदूरों ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा की भाजपा-नेतृत्व वाली सरकारों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मजदूरों की जायज मांगों को लेकर चल रहे संघर्षों पर हो रहे दमन की कड़ी निंदा की और इसे श्रमिक वर्ग पर सीधा हमला बताया। इस दौरान मजदूरों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू शिमला जिला महासचिव अमित, कोषाध्यक्ष बालक राम और सचिव दलीप ने कहा कि देशभर में मजदूर अपने अधिकारों, सम्मान और बेहतर भविष्य के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकारें उनकी आवाज दबाने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों पर हो रहा दमन अस्वीकार्य है और यह श्रमिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

वक्ताओं ने कहा कि ठेका मजदूरों का बड़े स्तर पर शोषण हो रहा है, जहां उन्हें 10 से 12 हजार रुपये मासिक वेतन पर 10 से 14 घंटे तक काम करने को मजबूर किया जा रहा है।

# गुरु राष्ट्र निर्माण में निभाते अग्रणी भूमिका: डॉ. एडीएन

अनंत ज्ञान

◆ **अन्नाडेल में क्षेत्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन**

**ब्यूरो, शिमला।** अन्नाडेल स्थित मॉडर्न एजुकेशन कॉलेज द्वारा आईपीडीए रीजनल कॉन्फ्रेंस 2026 का सफल आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा जगत से जुड़े विद्वानों, शोधार्थियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय प्रोफेशनल डेवलपमेंट एसोसिएशन के संरक्षण में आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य विषय गुरु से वैश्विक शिक्षक तक पहचान, दायित्व और सामाजिक प्रतिबद्धता का पुनर्परिभाषण' रहा। कार्यक्रम में पूर्व कुलपति डॉ. एडीएन बाजपेई ने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में शिक्षक की भूमिका पर गंभीर मंथन आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुरु केवल ज्ञान का स्रोत नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं और उन्हें अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करना चाहिए।

सम्मेलन की अध्यक्षता प्रो. नैन सिंह ने करते हुए कहा कि शैक्षणिक पद्धति को बहुमुखी नवाचार और तकनीकी समन्वय के साथ आगे बढ़ाना होगा, ताकि शिक्षक और विद्यार्थी के बीच सशक्त संवाद बना रहे। विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों ने नई शिक्षा नीति 2020, डिजिटल शिक्षा और मूल्य आधारित शिक्षण जैसे विषयों पर विचार साझा किए। प्रताप कॉलेज लुधियाना के प्रो. बलवंत सिंह संयोजक के रूप में उपस्थित रहे, जबकि एचपीयू शिमला के प्रो. राजेश शर्मा, डॉ मोहन शर्मा, डॉ प्रदीप दहल सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। सम्मेलन में पंजाब, हरियाणा समेत विभिन्न राज्यों से आए 34 शिक्षकों और शोधार्थियों ने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। आयोजक डॉ जे.एस. राणा ने कहा कि इस तरह के आयोजन शिक्षा में नवाचार, गुणवत्ता सुधार और वैश्विक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# तीसरे चरण की फ्लावरिंग ने बढ़ाई सेब बागवानों की उम्मीदें, कीट प्रकोप व रोगों की चुनौती अभी भी बरकरार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जिला के पहाड़ी इलाकों में इन दिनों सेब बागानों का नजारा कुछ अलग ही रंग बिखेर रहा है। पेड़ों पर सजी नाजुक फूलों की बहार जहां प्रकृति की खूबसूरती को संवार रही है, वहीं बागवानों के दिलों में नई उम्मीदों की किरण भी जगा रही है। तीसरे चरण की फ्लावरिंग पूरे शबाब पर है और मौसम की मेहरबानी ने इस बार बागवानी को नई ऊर्जा दी है। ठंडी हवाओं के बीच खिलते फूल मानो बेहतर फसल का पैगाम दे रहे हों, जिससे लंबे समय से चिंतित बागवान अब राहत की सांस लेते नजर आ रहे हैं।

इससे पहले पहले और दूसरे चरण की फ्लावरिंग के दौरान लगातार बारिश और ठंडे मौसम ने बागवानों की चिंताएं बढ़ा दी थीं। प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण परागण प्रभावित हुआ और फल सेटिंग पर नकारात्मक असर पड़ा। हालांकि अब मौसम साफ रहने और धूप खिलने से तीसरे चरण में स्थिति काफी हद तक सुधरी है, जिससे बागवानी क्षेत्र में उत्साह का माहौल बन गया है।

हालांकि दूसरी ओर जिन क्षेत्रों में पहले ही सेटिंग हो चुकी है, वहां पत्तियों के मुड़ने और सुंडी के प्रकोप की समस्या सामने आने लगी है। इससे नई पत्तियों और छोटे फलों को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है। बागवानी विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते इन समस्याओं पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो उत्पादन प्रभावित हो सकता है।

### समय पर प्रबंधन से मिलेगा बेहतर उत्पादन



**वहीं** विशेषज्ञों ने बागवानों को सलाह दी है कि जहां कीट प्रकोप पांच फीसदी से अधिक नजर आए, वहां विभाग द्वारा अनुमोदित कीटनाशकों का छिड़काव अवश्य करें और नियमित निगरानी बनाए रखें। साथ ही पत्ती मुड़ने जैसी समस्याओं को लेकर जागरूक रहने की जरूरत है, क्योंकि यह वायरल प्रकृति की बीमारी हो सकती है जिसका कोई निश्चित उपचार उपलब्ध नहीं है। ऐसे में सजगता, समय पर प्रबंधन और वैज्ञानिक तरीके ही बेहतर फसल का आधार बन सकते हैं, जिससे इस बार सेब उत्पादन में नई उम्मीदों को पंख लग सकते हैं।

# जनगणना के बिना स्वीकार नहीं महिला आरक्षण: रजनी पाटिल

अनंत ज्ञान

- प्रदेश प्रभारी बोलीं-संगठन में वन मैन वन पोस्ट की नीति पर होगा काम
- आनंद शर्मा को बताया वरिष्ठ नेता
- पार्टी में किसी तरह की नाराजगी से किया इनकार



**ब्यूरो, शिमला।** कांग्रेस की हिमाचल प्रभारी रजनी पाटिल ने शिमला में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बिना नई जनगणना के महिला आरक्षण विधेयक को लागू करना उचित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने वर्ष 2023 में इस विधेयक का समर्थन किया था, लेकिन उनका मानना है कि इसके प्रभावी क्रियान्वयन से पहले देश में जनगणना और उसके आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होनी चाहिए, ताकि सभी वर्गों को न्यायसंगत प्रतिनिधित्व मिल सके।

रजनी पाटिल ने पार्टी के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा को लेकर उठ रही अटकलों पर भी विराम लगाते हुए कहा कि वह कांग्रेस के बड़े और सम्मानित नेता हैं तथा संगठन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी के भीतर किसी तरह की नाराजगी जैसी कोई स्थिति नहीं है और सभी नेता मिलकर संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं।

संगठनात्मक ढांचे पर बात करते हुए पाटिल ने 'वन मैन वन पोस्ट' की नीति को लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिन नेताओं को विभिन्न बोर्ड या निगमों में चेयरमैन बनाया गया है, उन्हें संगठन में अतिरिक्त पद नहीं दिए जाएंगे। इससे पार्टी में संतुलन बना रहेगा और कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

## प्रदेश में आगामी पंचायत और नगर निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस का गहन मंथन

# जीत के लिए बूथ स्तर तक बनी रणनीति

अनंत ज्ञान



प्रदेश में आगामी पंचायत और नगर निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस नेता मंथन करते हुए। अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आगामी पंचायत और नगर निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अपनी चुनावी तैयारियों को धार देने के लिए शिमला स्थित राजीव भवन में अहम बैठक कर व्यापक मंथन किया। यह बैठक बेहद रणनीतिक रही, जिसमें पंचायत से लेकर नगर निगम चुनावों तक हर स्तर पर जीत सुनिश्चित करने के लिए ठोस खाका तैयार किया गया।

बैठक में खास तौर पर जिला परिषद चुनावों को कांग्रेस की प्राथमिकता बताया गया। पार्टी ने स्पष्ट रणनीति बनाई है कि अधिक से अधिक जिला परिषद सदस्य जीतकर आगे चेयरमैन पद पर भी अपनी पकड़ मजबूत की जाए। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और स्थानीय समीकरणों के अनुसार उम्मीदवारों के चयन पर भी विस्तार से चर्चा हुई। नगर निगम चुनावों को लेकर भी पार्टी ने गंभीर रुख अपनाया है। चूंकि नगर निगम चुनाव पार्टी चिन्ह पर लड़े जाते हैं, इसलिए कांग्रेस इन चुनावों को अपनी साख से जोड़कर देख रही है। धर्मशाला, पालमपुर, मंडी, सोलन, हमीरपुर और ऊना जैसे नगर निगम क्षेत्रों में विशेष रणनीति तैयार की गई है, जहां पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और मतदाताओं तक सीधी पहुंच बनाने का खाका तैयार किया गया।

बैठक में संगठनात्मक मजबूती पर भी गहन मंथन हुआ। सूत्रों के अनुसार पार्टी नेताओं को स्पष्ट जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, ताकि बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय किया जा सके। कार्यकर्ताओं की जवाबदेही तय करने के साथ-साथ गुटबाजी को खत्म करने और एकजुट होकर चुनाव लड़ने पर विशेष जोर दिया गया। शिमला ग्रामीण और किन्नौर जिला अध्यक्ष की नियुक्ति जैसे लंबित मामलों पर भी चर्चा हुई, जिससे संगठन में संतुलन स्थापित किया जा सके।

### विपक्ष पर हमले को एक समन्वित तंत्र तैयार करने पर सहमति

**सूत्रों** का कहना है कि बैठक में सरकार के कामकाज और जनहित योजनाओं को चुनावी मुद्दों के रूप में प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई। साथ ही विपक्ष के आरोपों का जवाब देने के लिए भी एक समन्वित तंत्र तैयार करने पर सहमति बनी। कुल मिलाकर कांग्रेस ने पंचायत और निकाय चुनावों को लेकर पूरी ताकत झोंकने का संकेत दे दिया है, जिससे आने वाले चुनाव प्रदेश की सियासत के लिए बेहद अहम और दिलचस्प बनने वाले हैं।

# पंचायत-निकाय चुनावों को लेकर प्रशासन अलर्ट निष्पक्षता के सख्त निर्देश

- निर्वाचन आयुक्त की सख्ती: लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत और शहरी निकाय चुनावों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त ने सभी जिलों के उपायुक्तों (डीसी) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) के साथ बैठक कर जरूरी निर्देश जारी किए हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुई इस बैठक में चुनावी तैयारियों का जायजा लिया गया और अधिकारियों को स्पष्ट किया गया कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित की जाए।

बैठक के दौरान संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान करने तथा वहां पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करने के निर्देश दिए गए। ईवीएम और मत पेटियों की सुरक्षित ढुलाई, उनके भंडारण और निगरानी व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही यह चेतावनी भी दी गई कि यदि किसी अधिकारी के खिलाफ पक्षपात या लापरवाही की शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में। लाई जाएगी।

# क्रशर मामले में गिरफ्तार उमेश शर्मा और प्रवीण का पुलिस रिमांड 2 दिन और बढ़ा

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** स्थानीय विधायक आशीष शर्मा के भाई उमेश शर्मा और चाचा प्रवीण का पुलिस रिमांड 2 दिन और बढ़ गया है। वीरवार को पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया। जिसमें पुलिस की अर्जी मानते हुए दोनों को 2 दिन के और रिमांड पर भेज दिया। काबिले गौर है कि बुधवार को इन दोनों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था और एक दिन का पुलिस निर्माण इन्हें कोर्ट द्वारा दिया गया था। वीरवार दोपहर को दोनों रूपों को फिर से कोर्ट में पेश किया गया। पिछले रोज भी पुलिस ने 7 दिन का रिमांड मांगा था, लेकिन तब एक ही दिन का मिल पाया था।

उधर, एसपी बलवीर सिंह ने बताया कि दोनों रूपों को वीरवार को फिर से कोर्ट में पेश किया गया था और कोर्ट ने दो दिन का उनका पुलिस रिमांड और बढ़ाया है। शनिवार को फिर से इन दोनों को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

वहीं, भाजपा नेता इस मामले को लेकर प्रदेश सरकार पर कई तरह के आरोप लगा रहे हैं। आरोपी की इस बौछार में कोई भी नेता इस मौके पर पीछे नहीं रह रहा है। उनका कहना है कि सरकार द्वेष की भावना से कार्य कर रही है और विधायक आशीष शर्मा के परिवार को भी इसलिए तंग कर रही है।




क्रशर मामले में गिरफ्तार किए दोनों आरोपी। अनंत ज्ञान

### ये है मामला

**बता** दें कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के मुताबिक चार सप्ताह में इन दोनों को सरेंडर करना था। इनके खिलाफ सुजानपुर पुलिस स्टेशन में अगस्त 2025 का स्टोन क्रशर के मामलों को लेकर मामला दर्ज है। उसी के आधार पर जांच चल रही है। तब पुंग खड्ड में लगाए गए क्रशर की बारीकियां को जानकर पुलिस ने गहन जांच की थी और उसी को आधार बनाकर मामला दर्ज किया था।

# सिया हत्याकांड: आरोपी 5 दिन की पुलिस हिरासत में, जांच तेज

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान फॉलोअप

- हत्याकांड से क्षेत्र में आक्रोश पुलिस बोली–बख्शा नहीं जाएगा दोषी

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के गांव नैण में हुए बहुचर्चित कॉलेज छात्रा सिया गुलेरिया हत्याकांड में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। मामले के आरोपी को धर्मपुर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। अब पुलिस आरोपी से कड़ी पूछताछ कर वारदात के पीछे के कारणों और पूरी साजिश का खुलासा करने में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, सिया रोजाना की तरह कॉलेज के लिए घर से निकली थी। रास्ते में वह अपनी सहेली से फोन पर बात कर रही थी, तभी अचानक आरोपी ने उस पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया। हमले के बाद वह मौके पर ही गिर गई। सहेली ने बातचीत अचानक बंद होने पर आशंका जताई और घटनास्थल पर पहुंचकर सिया को लहूलुहान हालत में पाया। इसके बाद उसने तुरंत अपने परिजनों और पुलिस को सूचना दी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने वारदात के दो घंटे के भीतर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। पहले उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया था, जिसकी अवधि 16 अप्रैल को समाप्त हुई। इसके बाद पुनः अदालत में पेश करने पर अदालत ने आरोपी को 20 अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि जांच जारी है और इस हत्याकांड में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा

# आगामी पंचायत चुनावों में कांग्रेस अपने अधिकृत प्रत्याशी को मैदान में नहीं उतारेगी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने पंचायत और नगर निकाय चुनाव को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में यह तय किया गया कि पंचायत चुनाव में कांग्रेस अपने अधिकृत प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारेगी। इसका अर्थ यह है कि जो भी नेता चुनाव लड़ना चाहेंगे, वे स्वतंत्र रूप से चुनाव मैदान में उतर सकेंगे और उन पर किसी प्रकार की संगठनात्मक पाबंदी नहीं होगी। इस फैसले के साथ ही पार्टी ने साफ संकेत दिया है कि पंचायत स्तर पर स्थानीय समीकरणों को प्राथमिकता दी जाएगी।

बैठक के दौरान नगर निगम चुनाव को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। सोलन, धर्मशाला, पालमपुर और मंडी नगर निगम चुनाव को ध्यान में रखते हुए रणनीति तैयार की गई। चूंकि नगर निगम चुनाव पार्टी चिन्ह पर होते हैं, इसलिए यहां कांग्रेस पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में है। नेताओं को निर्देश दिए गए कि वे जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करें और चुनावी माहौल को अपने पक्ष में बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में कुछ नेताओं की नाराजगी भी खुलकर सामने आई। सूत्रों के अनुसार, पूर्व विधायक बबर ठाकुर और कांग्रेस नेता चेतराम ने अपने क्षेत्रों में कामकाज को लेकर असंतोष जताया। वहीं पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने भी अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के बावजूद स्थानांतरण नहीं हो रहे हैं। इन मुद्दों को लेकर बैठक में लंबी चर्चा हुई और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।



### रजनी पाटिल की आनंद शर्मा से मुलाकात

**प्रदेश** प्रभारी रजनी पाटिल के शिमला दौरे के दौरान उन्होंने वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात भी की। पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा के साथ उनकी बैठक में संगठन से जुड़े कई अहम मुद्दों और कार्यकर्ताओं की नाराजगी पर विचार-विमर्श किया गया। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि संगठन में अनुशासन बनाए रखना जरूरी है और किसी भी तरह की गुटबाजी से पार्टी को नुकसान हो सकता है। ऐसे में सभी नेताओं को मिलकर काम करने की सलाह दी गई।

# टीएमसी ने बंगाल को बनाया लूटपाट व घुसपैठ का अड्डा: अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने बंगाल विधानसभा चुनावों के अंतर्गत कोलकाता में माली (मालाकार) समुदाय को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित कर उनसे संवाद किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमारे माली भाई दिन के चौबीस घंटे, सप्ताह के सातों दिन और साल के बारहों महीने पिच से लेकर टर्फ और पूरे मैदान को तैयार करने व उसकी देखभाल में जुटे रहते हैं। दुनिया और दर्शक जो हरे-भरे सुंदर क्रिकेट और फुटबॉल के मैदान देखते हैं, वह उनकी मेहनत का परिणाम है। हमारे खिलाड़ी जो मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज का खिताब जीतते हैं, वह भी उनकी मेहनत से ही संभव हो पाता है। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के बाद माली समाज की बेहतरी के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। मंदिरों के बाहर फूल और माला बेचकर आजीविका चलाने वाले मालाकार भाई-बहनों से टीएमसी के लोग रंगदारी वसूलते हैं, लेकिन यह सब जल्द समाप्त होगा। बंगाल में परिवर्तन निश्चित है और भाजपा सरकार आने वाली है। सरकार बनने पर बंद पड़ी भर्तियां शुरू की जाएंगी, नए खेल स्टेडियम बनाकर रोजगार के अवसर दिए जाएंगे तथा स्वरोजगार के नए साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी तो बंगाल में माओवाद और तुष्टिकरण बढ़ा। बामपंथी सरकार के समय बचे-खुचे उद्योग धंधे भी तबाह हो गए और गुंडा तंत्र स्थापित हुआ। ममता बनर्जी की सरकार में क्राइम, करप्शन, गुंडाराज, माफियाराज, स्मगलिंग, कटमनी और रंगदारी का बोलबाला हो गया। इन तीनों दलों ने मिलकर पश्चिम बंगाल को लूटपाट और घुसपैठ का अड्डा बना दिया।



# ग्लेशियर झीलों के खतरे से निपटेगा भारत

## घेपन झील में लगेगा अर्ली वार्निंग सिस्टम, लाहौल-स्पीति में आपदा प्रबंधन की बड़ी पहल

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा/एम बोकटापा, मनाली।** हिमालय के ग्लेशियरों से पैदा होने वाले खतरों से निपटने के लिए भारत सरकार ने अब तकनीक का सहारा लेना शुरू कर दिया है। लाहौल-स्पीति की घेपन झील में जल्द ही 'ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड' (GLOF) अर्ली वार्निंग सिस्टम स्थापित किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का जायजा लेने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य डॉ. दिनेश कुमार असवाल और सचिव मनीष भारद्वाज तीन दिवसीय दौरे पर मनाली पहुंचे हैं। पहले दिन मनाली में आयोजित बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे तकनीकी टीम के साथ 24×7 तालमेल बनाए रखें। साथ ही जल शक्ति विभाग (मंडी जोन) के मुख्य अभियंता ने पीपीटी के माध्यम से परियोजना के तकनीकी ढांचे को समझाया।इस महत्वपूर्ण बैठक में अतिरिक्त सचिव (राजस्व एवं डीएमसी) निशांत ठाकुर, उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना, एसडीएम मनाली गुंजीत सिंह चीमा, और जल शक्ति विभाग के वरिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे।



एमडीएमए की टीम बैठक के दौरान चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

### बाढ़ आने से पहले बजेगा अलार्म

**मनाली** में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान डॉ. असवाल ने बताया कि घेपन झील में स्थापित होने वाली यह प्रणाली एक 'प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट' है। यह सिस्टम झील के स्तर में अचानक होने वाले बदलावों को भांप लेगा और आपदा आने से काफी पहले निचले इलाकों में चेतावनी भेज देगा।

### हिमालय की 'ग्रोथ' और क्लाइमेट चेंज की चुनौती

**बैठक** के दौरान डॉ. असवाल ने चौंकाने वाले आंकड़े साझा करते हुए कहा कि हिमालय में 1 मिमी से 17 मिमी तक की ग्रोथ देखी जा रही है। उन्होंने सचेत किया कि हम प्रकृति के नियमों के विपरीत जाकर वैज्ञानिक तरक्की कर रहे हैं, जिसका खामियाजा जलवायु परिवर्तन के रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल तकनीक पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसके लिए वृक्षारोपण और जनभागीदारी भी अनिवार्य है।

### आपदा प्रबंधन की योजनाएं अब विशेषज्ञ एजेंसियां कर रही तैयार

**बैठक** में एनडीएमए के अधिकारियों ने राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन के साथ लंबी चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. असवाल ने कहा कि आपदा प्रबंधन की योजनाएं अब विशेषज्ञ एजेंसियों की सहायता से तैयार की जा रही हैं।

> **हिमालयी** क्षेत्रों में ग्लेशियर की झीलों का फटना एक बड़ी चुनौती है। घेपन झील में लग रही यह आधुनिक प्रणाली आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक गेम-चेंजर साबित होगी।
>
> **- डॉ. दिनेश कुमार असवाल, सदस्य एमडीएमए**

# मैं 4 बार का विधायक हूं, पहले मेरा नाम लो: राकेश कालिया

अनंत ज्ञान

- हिमाचल दिवस के कार्यक्रम में नाम पहले न लेने पर भड़के कांग्रेस विधायक

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में आयोजित राज्य दिवस समारोह में उस वक्त अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गई, जब गगरेट विधानभसा क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया मंच संचालक पर बिफर पड़े। दरअसल, नाम पहले ना लेने पर कांग्रेस विधायक राकेश कालिया भड़क गए थे। वहीं, अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

जानकारी के मुताबिक, मामला एमसी पार्क ऊना स्थित शहीदों के स्थल का है। बताया जा रहा है कि हिमाचल दिवस समारोह के दौरान शहीदों और महानायकों को श्रद्धांजलि देने की प्रक्रिया चल रही थी। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने पहले शहीद स्मारक पर वीर जवानों को पुष्प अर्पित किए, तभी मंच का संचालन कर रहे व्यक्ति ने राकेश कालिया का नाम लेने से पहले हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान का नाम पुकार लिया। विधायक कालिया को यह बात नागवार गुजरी। नाम न लिए जाने से नाराज विधायक राकेश कालिया ने तुरंत टोकते हुए कहा, 'मैं चार बार का विधायक हूं, मुझे पहले बुलाना चाहिए था।' उनकी इस तल्ख टिप्पणी के बाद कार्यक्रम में कुछ सेकंड के लिए सन्नाटा छा गया।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

**हालांकि,** फिर मंच संचालक ने उनका नाम लिया और और विधायक राकेश कालिया को श्रद्धांजलि देने जाने दिया। वहीं, अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं।

## चुनाव | गांव की सरकार में महिलाओं की एंट्री, सियासत में नया अध्याय शुरू

# पंचायतों में महिला नेतृत्व का उदय

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के आगामी पंचायत चुनाव इस बार सिर्फ एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की बड़ी इबारत लिखने जा रहे हैं।

महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलने के बाद कुल मिलाकर लगभग 55 फीसदी सीटें आरक्षित हो चुकी हैं, जिससे सत्ता के गलियारों में 'महिला नेतृत्व' का वर्चस्व तय माना जा रहा है। पुरुषों और सामान्य वर्ग के लिए अब केवल 45 फीसदी सीटें ही शेष रह गई हैं। यह बदलाव केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है इसने प्रदेश की सियासत की दशा और दिशा दोनों को बदल दिया है।

वर्षों से चुनावी मैदान में सक्रिय कई दिग्गज दावेदार अब आरक्षण के चलते बाहर हो गए हैं, जबकि बड़ी संख्या में नई महिला उम्मीदवार पहली बार लोकतंत्र की मुख्यधारा में कदम रखने जा रही हैं। पंचायतों में इस बार 50 से 55 प्रतिशत तक महिला प्रतिनिधित्व प्रदेश की राजनीति में एक ऐतिहासिक अध्याय जोड़ने को तैयार है। हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव 2026 एक 'टर्निंग प्वॉइंट' साबित हो सकता है।

महिला आरक्षण और कड़े कानूनी प्रावधानों के बीच यह चुनाव परंपरागत राजनीति को चुनौती देते हुए एक नए युग की शुरुआत का संकेत दे रहा है। अब सवाल यह नहीं रहा कि कौन जीतेगा बल्कि यह है कि गांव की सत्ता की तस्वीर कितनी बदल जाएगी।

### कानून का सख्त शिकंजा, कई दावेदार बाहर

**इस** चुनाव में सिर्फ आरक्षण ही नहीं, बल्कि कानूनी प्रावधान भी निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 122 के तहत उम्मीदवार की व्यक्तिगत योग्यता के साथ-साथ उसके परिवार की पृष्ठभूमि भी जांच के दायरे में है। यदि किसी उम्मीदवार के परिवार–जैसे दादा-दादी या माता-पिता के नाम पर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा दर्ज है, तो इसका असर अगली पीढ़ी तक पड़ता है। ऐसे मामलों में बेटा, पोता या अविवाहित पुत्री तक को चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया जा सकता है। विशेष रूप से, यदि पिता के नाम पर अवैध कब्जा है और वह अयोग्यता के दायरे में आता है, तो उसका पुत्र और अविवाहित पुत्री चुनाव नहीं लड़ सकते। हालांकि, अधिनियम में बहू को इस दायरे में शामिल करने का स्पष्ट उल्लेख नहीं है, जिससे कई मामलों में बहू के लिए चुनावी रास्ता खुला रहता है। यह कानूनी पेच अब गांव-गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### बदलती तस्वीर, नया नेतृत्व

**इस** बार का पंचायत चुनाव केवल प्रतिनिधियों का चयन नहीं, बल्कि एक नई सामाजिक संरचना की स्थापना का संकेत है। महिला नेतृत्व के बढ़ते प्रभाव से पंचायतों में निर्णय प्रक्रिया, प्राथमिकताओं और विकास की दिशा में भी बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस चुनाव में महिलाएं केवल भागीदार नहीं, बल्कि निर्णायक भूमिका में होंगी।

### आरक्षण तय होने के बाद सोशल मीडिया पर चुनावी बिगुल

**सीटों** का आरक्षण तय हो जाने के बाद अब तस्वीर पूरी तरह साफ है। कौन सी सीट महिला, अनुसूचित जाति, ओबीसी या अनारक्षित वर्ग के लिए आरक्षित रहेगी, इस पर अब कोई संशय नहीं है। हालांकि चुनाव की तारीखों का आधिकारिक ऐलान अभी बाकी है, लेकिन संभावित उम्मीदवारों ने सोशल मीडिया पर अपनी मौजूदगी दर्ज करानी शुरू कर दी है। गांवों से लेकर ब्लॉक स्तर तक चुनावी माहौल बन चुका है और हर वर्ग अपनी रणनीति बनाने में जुटा है।

# पंचायत चुनाव में होगा कांग्रेस का सफाया: जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के राज्य मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कांग्रेस की संगठनात्मक गतिविधियों और हालिया बैठकों पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के भीतर नेतृत्व, संगठन और सरकार के बीच तालमेल पूरी तरह शून्य हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि आनंद शर्मा और कौल सिंह ठाकुर जैसे वरिष्ठ नेताओं से जुड़े घटनाक्रम पार्टी के अंदर गहराते असंतोष को उजागर कर रहे हैं। जमवाल ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता आपसी खींचतान में उलझे हैं और इस जीरो तालमेल में हीरो बनने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि उनकी बैठकें और रणनीतियां केवल दिखावा बनकर रह गई हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, प्रशासनिक अव्यवस्था और विकास कार्यों की धीमी गति के कारण जनता का भरोसा कांग्रेस सरकार से उठ चुका है। वहीं भाजपा पंचायती राज चुनावों के लिए पूरी तरह संगठित और तैयार है, जहां कार्यकर्ता बूथ स्तर तक सक्रिय होकर जनता के बीच काम कर रहे हैं।

# कार्यकर्ताओं की अनदेखी पड़ेगी भारी: कौल सिंह

## कहा-पंचायत चुनाव 'सेमीफाइनल', संगठन मजबूत करना जरूरी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने संगठन व सरकार के बीच बेहतर तालमेल की आवश्यकता पर जोर देते हुए स्पष्ट कहा कि यदि कार्यकर्ताओं की अनदेखी जारी रही तो असंतोष गहराने की आशंका है। शिमला स्थित कांग्रेस कार्यालय में हुई बैठक के दौरान उन्होंने संगठनात्मक ढांचे की अधूरी स्थिति, लंबित नियुक्तियों और प्रशासनिक सुस्ती को लेकर चिंता जताई।

उनका कहना था कि कई जिलों में अभी तक जिला व ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तियां लंबित हैं, जिसका सीधा असर पंचायत चुनावों की तैयारियों पर पड़ सकता है। उन्होंने पंचायत चुनावों को कांग्रेस के लिए 'सेमीफाइनल' करार देते हुए कहा कि यह चुनाव संगठन की वास्तविक ताकत का परीक्षण होंगे।

कौल सिंह ने भरोसा जताया कि पार्टी हाईकमान जल्द ही संगठनात्मक ढांचे को पूर्ण करेगा और कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर चुनावी मैदान में मजबूती से उतरेगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं और उनकी उपेक्षा न केवल संगठन, बल्कि सरकार के कामकाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है।

बैठक में उन्होंने वरिष्ठ नेताओं की अनदेखी के मुद्दे को भी गंभीरता से उठाया। उनका कहना था कि कई स्थानों पर अनुभवी नेताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है, जो पार्टी के लिए चिंताजनक संकेत है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह विषय सार्वजनिक मंच का नहीं, बल्कि पार्टी की आंतरिक बैठक का हिस्सा था, जहां कार्यकर्ताओं व नेताओं की समस्याओं पर खुलकर चर्चा की गई।

प्रशासनिक स्तर पर भी उन्होंने कुछ सवाल उठाते हुए कहा कि मंत्रियों को स्वतंत्र रूप से काम करने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा विभाग के संदर्भ में लंबित फाइलों और तबादलों को लेकर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि कई मामलों में कांग्रेस पदाधिकारियों और उनके परिवारों को बिना उचित कारण दूरदराज क्षेत्रों में स्थानांतरित किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं, जिन पर उन्होंने संबंधित विभाग को अवगत भी कराया है।

- कांग्रेस में तालमेल की कमी पर चिंता, जल्द की जाएं नियुक्तियां

### अधिकारियों के स्तर पर कुछ गड़बड़ियां संभव

**कौल** सिंह ठाकुर ने संकेत दिया कि कुछ फाइलें मुख्यमंत्री कार्यालय में लंबे समय तक लंबित रहीं, जिससे फैसलों में देरी हुई और असंतोष की स्थिति बनी। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारियों के स्तर पर भी कुछ गड़बड़ियां संभव हैं, जिनकी वजह से जमीनी स्तर पर वास्तविक स्थिति बदलकर सामने आ रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि इन सभी मुद्दों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे, ताकि संगठन और सरकार के बीच संतुलन स्थापित हो सके।

# महिलाओं की भागीदारी से बदलेगी देश की दिशा, मजबूत होगा लोकतंत्र : बिंदल

## धर्मशाला में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष ने की शिरकत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि देश की सत्ता व राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, इसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम माध्यम बनेगा। इससे जहां लोकतंत्र मजबूत होगा। वहीं, महिलाओं की भागीदारी से देश की दिशा बदलेगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने महिला सशक्तिकरण को जीवनचक्र से जोड़ा है।

यह बात डॉ. बिंदल ने वीरवार को धर्मशाला के सामुदायिक भवन में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में लाया गया नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस अवसर पर धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा, कांगड़ा के विधायक पवन काजल, सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार, भाजपा जिला कांगड़ा अध्यक्ष सचिन शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. (कर्नल) रीता डढवाल, डॉ. वासु सिंह, ज्योति चंदेल, सीमा चंदेल, अंजला कुमारी, शुभ्रा गुप्ता, शकुन, शीला सलूजा और रंजू रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। डॉ. बिंदल ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लागू होने से संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिससे नीति निर्माण में संतुलन, संवेदनशीलता और व्यापक दृष्टिकोण आएगा। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले वर्षों में महिलाओं के जीवन के हर चरण को ध्यान में रखते हुए व्यापक कार्य किए गए हैं।


धर्मशाला में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल व भाजपा नेता। अनंत ज्ञान

### बोले- शायद हिडन गारंटियां पूरी की हों

**कार्यक्रम** के बाद पत्रकारों से बातचीत में डॉ. बिंदल ने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में डॉ बिंदल ने प्रदेश सरकार पर भी गारंटियों को लेकर खूब निशाने साधे। उन्होंने तंज कस्ते हुए कहा कि सीएम गारंटियों पर झूठ बोल रहे हैं। शायद कोई हिडन गारंटियां उनके परिवार या मित्रों की होंगी,जो पूरी हुई हों, जनता को दी गई गारंटियां तो अब तक पूरी नहीं हो पाई हैं।

## पूर्व प्रधानाचार्य होशियार ने ब्यास नदी किनारे सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**अनंत ज्ञान, गरली।** सेवानिवृत्त स्कूल प्रधानाचार्य होशियार सिंह भारती ने ब्यास नदी किनारे फैली गंदगी को स्वयं साफ कर स्वच्छता का प्रेरक उदाहरण पेश किया। जहां लोग बेखौफ होकर नदी में कूड़ा-कर्कट और गंदे कपड़े फेंकते रहे, वहीं उन्होंने आगे बढ़कर कूड़ा एकत्र कर बोरी में भरकर निस्तारण किया।

उन्होंने कहा कि पानी अमूल्य है और इसे प्रदूषित करना आने वाली पीढ़ियों के साथ अन्याय है। ब्यास नदी केवल जल स्रोत नहीं बल्कि जीवन रेखा है, इसलिए इसकी स्वच्छता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि नदी में कचरा फेंकना पर्यावरण के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। यह कदम केवल सफाई नहीं बल्कि समाज को जागरूक करने का संदेश है। उन्होंने कहा कि जब एक व्यक्ति जिम्मेदारी निभा सकता है तो सामूहिक प्रयास क्यों नहीं हो सकते।

# केवल पठानिया ने रक्कड़ का बाग में किया तीन हैंडपंपों का लोकार्पण

## बोले- शाहपुर हलके में जलशक्ति विभाग के 100 करोड़ के कार्य प्रगति पर

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में जलशक्ति विभाग की ओर से लगभग 100 करोड़ रुपए की विभिन्न पेयजल एवं आधारभूत ढांचा विकास योजनाएं प्रगति पर हैं।

यह जानकारी शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने रक्कड़ का बाग पंचायत के वार्ड नंबर 1, 3 और 5 में विद्युत संचालित हैंडपंपों के लोकार्पण के अवसर पर दी। उन्होंने बताया कि करीब 9 लाख रुपए की लागत से स्थापित इन तीन हैंडपंपों से लगभग 100 परिवारों के 500 लोगों को शुद्ध एवं निर्बाध पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे क्षेत्र की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान होगा। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार सड़क, पानी, स्वास्थ्य और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि पंचायत में अधूरे रास्तों के निर्माण कार्य को जल्द पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने लोगों की समस्याओं को भी सुना और अधिकांश का मौके पर निपटारा करते हुए शेष को त्वरित करवाई हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया। पूर्व पंचायत उपप्रधान सुरेंद्र जमवाल ने मुख्यातिथि सहित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए पंचायत में हुए विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि विधायक के सहयोग से पंचायत में लगभग 1 करोड़ रुपए के विकास कार्य करवाए गए हैं।


विधायक पठानिया ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं। अनंत ज्ञान

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में मनाया रेल यात्रा दिवस



अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में पीजीटी एकता मेहता और नेहा शर्मा के नेतृत्व में भारत में पहली रेल यात्रा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपने सार्वजनिक भाषण कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में निदेशक सनी महाजन और ओशिन महाजन ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। निदेशक सनी महाजन ने विद्यार्थियों को बताया कि भारत की पहली यात्री रेलगाड़ी 16 अप्रैल 1853 को बोरी बंदर (मुंबई) से ठाणे के बीच 34 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए शुरू हुई थी। इसे ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे द्वारा संचालित किया गया था, जिसमें तीन इंजनों साहिब, सिंध और सुल्तान द्वारा खींचे जाने वाले 14 डिब्बे शामिल थे, जिनमें लगभग 400 यात्री सवार थे। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक यात्रा का उद्घाटन तत्कालीन गवर्नर-जनरल लॉर्ड डलहौजी ने किया था, जिसने भारत में परिवहन के क्षेत्र में एक नया युग प्रारंभ किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापिका शुभ्रा रानी ने भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया।

# कर्मचारियों को जल्द दिया जाए लंबित डीए

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल दिवस के अवसर पर प्रदेश के कर्मचारी महंगाई भत्ते की घोषणा की प्रतीक्षा करते रहे। अब मुख्यमंत्री लंबित 13 प्रतिशत महंगाई भत्ते की अदायगी के लिए कैबिनेट बैठक में निर्णय लें। इस वर्ष महंगाई भत्ते की अदायगी के लिए अब तक कोई घोषणा नहीं हुई है। आचार संहिता से पहले प्रदेश के कर्मचारी इस आशा में थे कि हिमाचल दिवस पर कुछ डीए अवश्य दिया जाएगा। इस बारे में तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो कर्मचारी अब हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे, क्योंकि डीए उनका जायज हक है।

◆ **भुगतान नीति नहीं बनी तो जाएंगे हाइकोर्ट : विजय**

यह बात राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 13 प्रतिशत डीए से हर माह वेतन में हजारों रुपए का नुकसान हो रहा है और अगले वर्ष तक लंबित डीए 20 प्रतिशत से ज्यादा हो जाएगा। अब तक वेतन आयोग 2016 के एरियर लाभ मिलना लंबित हैं और महंगाई भत्ते का एरियर भी लाखों रुपए प्रति कर्मचारी होता जा रहा है। कर्मचारियों की लंबित आर्थिक अदायगी की कोई न कोई योजना पंजाब की तर्ज पर बनानी जरूरी है। पंजाब में वेतन आयोग एरियर किस्तों में भी भुगतान करने की योजना अधिसूचित है, मगर हिमाचल में ऐसा नहीं है। अगर हर माह डेढ़ प्रतिशत डीए देना शुरू किया जाए तो अगले साल महंगाई भत्ता की लंबित किस्तें क्लीयर हो जाएंगी। कर्मचारियों और पेंशनर्स की जेसीसी भी नहीं हो रही है और 1 जनवरी 2026 से वेतन आयोग देने बारे निर्णय लंबित है। पिछले वेतन आयोग में तय भत्ते भी रिवाइज नहीं हो रहे। अतिरिक्त इंक्रीमेंट के रूप में इन भुगतानों को क्लीयर करने की योजना पर भी कोई गौर वित्त विभाग नहीं कर रहा और 4/9/14 स्कीम भी बहाल नहीं हो रही। ऐसे में कर्मचारी और पेंशनर्स निराश हैं जिसके चलते हाइकोर्ट जाना उनकी विवशता बन गई है।

# डीएवी स्कूल के अक्षुल ने 97.8 फीसदी अंक लेकर चमकाया स्कूल का नाम



**अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, नगरोटा सूरियां।** सीबीएसई की दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में डीएवी नगरोटा सूरियां ने फिर से अपना लोहा मनवाया है। दसवीं कक्षा की परीक्षा में कुल 47 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और सभी सफलतापूर्वक पास हो गए। छात्रों ने विभिन्न विषयों में 90 से अधिक अंक प्राप्त किए, जो सभी विषयों में मजबूत शैक्षणिक प्रदर्शन को दर्शाता है। अक्षुल भारती ने शानदार 97.8 फीसदी अंक प्राप्त करके पहला स्थान हासिल किया, दूसरे स्थान पर अक्षरा ने 93 फीसदी अंक प्राप्त किए। रिधिमा शर्मा ने 86.2 फीसदी अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। बच्चों की यह उपलब्धि न केवल उनकी दृढ़ता को दर्शाती है, बल्कि शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन और माता-पिता के अटूट सहयोग को भी प्रदर्शित करती है। स्कूल के प्रिंसिपल अकलूश महाजन ने सभी छात्रों को उनके सराहनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी, और उच्च शैक्षणिक मानकों को बनाए रखने में कर्मचारियों के अथक प्रयासों की सराहना की। डीएवी परिवार की ओर से सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई दी गई व उनके भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना की गई ।

# करुणामूलक आश्रितों को नौकरी देने का वादा भूली प्रदेश सरकार

◆ **कहा- मांगें नहीं मानी तो संघ है क्रमिक आंदोलन को तैयार**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** वर्षों से रोजगार की राह देख रहे करुणामूलक आश्रितों ने एक बार फिर प्रदेश सरकार से एकमुश्त सभी मामलों को स्वीकृति देकर नौकरी देने की मांग उठाई है। करुणामूलक परिवार लगातार अपने अधिकारों की आवाज उठाते आ रहे हैं, लेकिन सरकारों के समक्ष यह वर्ग अक्सर चुनावी वादों और वोट बैंक तक ही सीमित रह जाता है।

राजनीतिक दल चुनावों के समय इन्हें लुभाने के लिए बड़े-बड़े आश्वासन तो देते हैं, पर सत्ता में आने के बाद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। संघ ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा करुणामूलक नीति में संशोधन कर वार्षिक आय सीमा 2.50 लाख से बढ़ाकर 3 लाख रुपए की गई है, लेकिन इसके बावजूद लगभग 1650 परिवार ऐसे हैं जिनकी आय 3 लाख से अधिक होने के कारण वे नौकरी से वंचित हैं। संघ का आरोप है कि वर्तमान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जनमंच कार्यक्रमों में आश्वासन दिया था कि सत्ता में आने के छह माह के भीतर सभी करुणामूलक परिवारों को एकमुश्त नौकरी दी जाएगी, लेकिन तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी यह वादा पूरा नहीं हुआ है। संघ का कहना है कि मुख्यमंत्री से कई बार मुलाकात कर मांगें रखी गईं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। 4 सितंबर 2024 के विधानसभा सत्र में भी नौ महीने के भीतर नियुक्ति का आश्वासन दिया गया था, जो अब तक अधूरा है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया तो करुणामूलक संघ क्रमिक आंदोलन शुरू करेगा।

# अचीवर हब स्कूल के होनहार छाए

## छात्रा रिद्धि शर्मा ने सामाजिक विज्ञान में हासिल किए सौ अंक



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** दाड़ी स्थित अचीवर हब सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दसवीं का सीबीएसई परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि बच्चों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम है।

बोर्ड परीक्षा में बच्चों ने उच्च शैक्षणिक मापदंड स्थापित किए हैं। छात्रा रिद्धी, छात्र अगस्तया व छात्रा अपूर्वा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। विनायका और रुद्राक्ष शर्मा ने 95 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान पाया। मिथिल कालिया 94 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा सिमरन ने 92 प्रतिशत , शाश्वत व क्षितिज ने 91 प्रतिशत तथा किआन, आदित्य राणा व विभोर ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विशेष उपलब्धि के तहत छात्रा रिद्धि शर्मा ने सामाजिक विज्ञान विषय में 100 में से 100 अंक अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा अवस्थी व अमित भारद्वाज ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता केवल एक परीक्षा परिणाम नहीं, बल्कि बच्चों के दृढ़ संकल्प और शिक्षकों के समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सीबीएसई परीक्षा परिणाम में चमके गैलेक्सी पब्लिक स्कूल के होनहार

## शगुन ने 92 फीसदी अंक हासिल कर झटका पहला स्थान

अनंत ज्ञान



**शिव गुलेरिया, नगरोटा सूरियां।** गैलेक्सी पब्लिक नगरोटा सूरियां का सत्र 2025-26 कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसमें सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। शगुन ने 92 फीसदी प्राप्त कर प्रथम, रोहन ने 90 फीसदी अंक लेकर द्वितीय व तृतीय स्थान पर सम्राट 86 प्रतिशत और चौथे स्थान पर आयुषी 85 फीसदी रही। सभी बच्चों ने सभी विषयों में बहुत अच्छे अंक प्राप्त किए हैं ।इस उपलक्ष्य पर स्कूल प्रबंधन समिति डॉ गुलशन कुमार, किरण लता वैद्य और स्कूल प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा ने सभी बच्चों को, अध्यापकों को और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी और बच्चों को आगे भी उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

## चढ़ियार-डोली खुर्द सड़क मार्ग 1 मई तक रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम ने आदेश जारी करते हुए अवगत करवाया कि चढ़ियार से डोली खुर्द सड़क मार्ग को सीमेंट कंक्रीट कार्य के चलते सभी प्रकार वाहनों के आवागमन के लिए 1 मई 2026 तक पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। उन्होंने इस अवधि के दौरान सभी वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। साथ ही पुलिस विभाग को भी इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने तथा यातायात को सुचारु रूप से नियंत्रित करने बारे भी आवश्यक दिशानिर्देश दिए हैं।

# स्प्रिंग डेल स्कूल का 10वीं कक्षा का रिजल्ट सराहनीय




अनंत ज्ञान

**जवाली।** स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली का 10वीं कक्षा का सीबीएसई परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्र आशनीत ने 91 फीसदी अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। धैर्य शर्मा ने 89 फीसदी अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा प्रियांशी ने 87.2 फीसदी अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। दसवीं कक्षा के सभी छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। सभी बच्चों ने अपनी इस सफलता का पूरा श्रेय अध्यापकों तथा माता-पिता को दिया। प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल, अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र, एमडी पवन चौधरी तथा अन्य कमिटी मेंबर्स ने बच्चों को इस सफलता पर बधाई दी तथा मिठाई खिलाई।

## नगरोटा सूरियां में एचपीसीए क्रिकेट ट्रायल आज

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) के सब-सेंटर गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां में 17 अप्रैल शुक्रवार को क्रिकेट ट्रायल आयोजित किया जाएगा। यह ट्रायल सुबह 10 बजे शुरू होगा। इसमें नगरोटा सूरियां और आसपास के क्षेत्रों के 9 से 16 वर्ष आयु वर्ग के लड़के और लड़कियां भाग ले सकते हैं। यह ट्रायल पूरी तरह निशुल्क रहेगा। प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और खेल किट साथ लाना अनिवार्य है। जिला कांगड़ा क्रिकेट सचिव असीम अग्रवाल के माध्यम से प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा ने बताया कि चयन पूरी तरह प्रतिभा के आधार पर किया जाएगा। यह ट्रायल सत्र 2026-27 के लिए आयोजित होगा।

## मजदूरों पर लाठीचार्ज की निंदा, केंद्र से की हस्तक्षेप की मांग

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** हिमाचल प्रदेश ट्रेड यूनियन को-ऑर्डिनेशन सेंटर के राज्य महासचिव रविंदर सिंह रवि ने नोएडा और गुरुग्राम में मजदूरों पर हुए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि शोषण के खिलाफ आवाज उठाने वाले सैकड़ों मजदूरों को जेलों में बंद करना मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने आरोप लगाया कि मजदूरों से 12 घंटे काम लिया जाता है, जबकि वेतन केवल 8 घंटे का दिया जाता है। न्यूनतम वेतन इतना कम है कि उससे परिवार का पालन-पोषण भी कठिन है। रवि ने सरकारों और श्रम विभागों पर मिलीभगत से श्रमिकों के शोषण का आरोप लगाया। उन्होंने केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि मजदूरों के साथ अन्याय जारी रहा तो यह आंदोलन पूरे देश में फैल सकता है और सरकार के लिए बहुत बड़ी परेशानी खड़ी करेगा, क्योंकि मजदूरों को अपना हक तो लेकर ही रहेगा।

## सरकार ने की पेंशनर्स की मुख्य मांग की अनदेखी : कृष्ण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के पेंशनर्स की मुख्य मांग को सरकार ने अनदेखा किया है। जिला कांगड़ा पेंशनर्स संघ के प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा ने बताया कि पेंशनर्स को बड़ी आशा थी कि उनकी मुख्य मांग को सरकार मान लेगी, परंतु पेंशनर्स को निराशा ही हाथ लगी। उन्होंने कहा कि राज्य की पेंशनर्स जत्थेबंदियों ने बार-बार सरकार से भेंट कर के मांग की थी कि जो पेंशनर्स जनवरी 2016 से लेकर जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए हैं, उनकी 80 फीसदी ग्रेच्युटी, लीव इन कैसमैंट, कोमोटेशन अभी तक नहीं मिली है इनका शीघ्र भुगतान किया जाए, लेकिन हर बार आश्वासन ही मिला।

इससे पेंशनर्स में सरकार के प्रति रोष है, यदि सरकार इन को 50 फीसदी भी दे देती तो भी पेंशनर्स को संतुष्टी होती। उन्होंने कहा कि जिन पेंशनर्स का लाखों रुपए फंसा हो उनको चैन कैसे आ सकता है। इनका घर का सारा बजट ही खराब चल रहा है। उन्होंने ने कहा कि जिला कांगड़ा पेंशन संघ की आगामी बैठक में सबकी सहमति से अगली रणनीति बनाई जाएगी। प्रधान ने जिला कांगड़ा पेंशन के सभी पेंशनर्स को विश्वास दिलाया है कि उनकी मांगों के प्रति कोई ठोस रणनीति बनाकर सरकार से मांगें मनवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा पेंशन का पेंशनर्स की मांगों के प्रति प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

# तृप्ता स्कूल चलवाड़ा के विद्यार्थी सीबीएसई परीक्षा परिणाम में छाए


स्कूल के चेयरमैन वरिंद्र और प्रधानाचार्य राकेश ने बच्चों को खिलाई मिठाई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के सीबीएसई बोर्ड की दसवीं की परीक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। 55 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंक लेकर स्कूल, माता-पिता और पूरे जवाली क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

छात्र समर्थ डढवाल ने 96.6 फीसदी अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शौर्यवीर ने 93.6 फीसदी अंक लेकर द्वितीय, अरिहंत ने 92.2, लविश ने 91.6 और निधि ने 91.4 फीसदी अंक प्राप्त किए। समर्थ ने अंग्रेजी विषय में 99, हिंदी में 96, गणित में 95 विज्ञान में 92 सोशल साइंस में 95 और इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी में 98 अंक प्राप्त किए हैं। अन्य सभी विद्यार्थियों ने 85 से 90 प्रतिशत के बीच में अंक प्राप्त किए हैं।

विद्यालय के चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने बच्चों मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बहुत सराहनीय है । यह उपलब्धि बच्चों के कठिन परिश्रम मेहनत लगन का परिणाम है।

## सेहरी गांव में कृष्ण और रुक्मिणी विवाह का वर्णन

**अनंत ज्ञान, गरली।** गांव सेहरी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भक्तिमय वातावरण में कृष्ण-रुक्मिणी विवाह का आयोजन किया गया। पूरा क्षेत्र मानो वृंदावन में परिवर्तित हो गया और पंडाल राधे-श्याम के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम की सबसे आकर्षक झलक तब देखने को मिली जब कृष्ण और रुक्मिणी की वेशभूषा में सजे नन्हे बच्चों ने मंच संभाला। उनकी मासूम अदाओं और भावपूर्ण प्रस्तुति ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। बाल कलाकारों की झांकियों ने वातावरण को जीवंत बना दिया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर होकर तालियां बजाने लगे। कथा व्यास भवानी शंकर महाराज ने गोपी विरह, कंस वध और उद्धव प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गोपी विरह सच्चे प्रेम की पराकाष्ठा है, जबकि कंस वध यह संदेश देता है कि अधर्म कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः धर्म की ही विजय होती है। विवाह समारोह के दौरान महिलाएं मंगल गीतों में लीन रहीं और श्रद्धालु भक्ति रस में झूमते नजर आए। आयोजन समिति की सुंदर सजावट और व्यवस्थाओं ने कार्यक्रम को और भव्य बना दिया।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा का दसवीं कक्षा का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा चनौर का दसवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के अध्यक्ष भरत भूषण महाजन, डायरेक्टर डॉ. विशाल महाजन, एमडी डॉ. रिचा महाजन तथा प्रिंसिपल रेणु परमार ने बताया कि विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है।



अरमान प्रीत सैनी ने 96%, अमिषा ने 95.2%, असमित राणा ने 95%, परनील रॉय ने 93.2%, जाह्नवी शर्मा ने 93%, जन्नत ने 92.4%, रीताक्षी ने 92%, रिधम ने 92%, शिवांगी कटोच ने 92%, मन्नत ने 91%, एंजल ने 91%, रिधामप्रीत ने 91%, तन्वी ने 90%, पलक ने 90%, अक्षित मानहास ने 89.9%, सोनिया ने 89%, अनन्या कटोच ने 88.4%, श्रुति ने 88%, वरुण पठानिया ने 87.2% अंक हासिल किए हैं। इसके अलावा वैष्णवी शर्मा 87%, हिमाद्रिका 86.2%, आरुषि 86%, अनंतिका ने 85%, युवराज कटोच ने 85%, रितिक शर्मा ने 85%, पिहू ने 85%, अदित्या शर्मा ने 85%, उपनया ने 84%, आतिश सूदन ने 83.8%, निखिल चौधरी ने 83.6%, कोमल रानी ने 83.4,सृष्टि गुलेरिया ने 83%, दिव्यांशी ठाकुर ने 83%, सक्षम शर्मा ने 82.4%, हरगुन कौर ने 82%, ईशांत ने 81%, अर्जुन ने 80%, चैतन्य कुमार ने 80%, समिक्ष ने 80%, अनमोल शर्मा ने 80%, रुद्र कटोच ने 80%, आकांक्षा ने 79.4%, मयंक ठाकुर ने 79.2%, देवांश शर्मा ने 79%, रिधिमा ने 78.4%, आदर्श पठानिया ने 78%, सूर्यांश ने 78%, वासु वहर बंसल ने 78%, सिमर ने 77.2%, नैतिक शर्मा ने 77.2%, कनिष ने 76%, राघव कुमार ने 75%, राधिका ने 75%, नवीन कुमार ने 74.4%, समर्थ सिंह ने 74%, आशुतोष शर्मा ने 74%, कृतिका ने 74%, तृण्व सिंह ने 73.2%, सूर्य दीप गोंडल जाट ने 70.4% अंक प्राप्त किए। भरत भूषण महाजन ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सीवरेज से खड़ा डंडा मार्ग पर डंगे को खतरा

## एक हिस्सा धंसा; सड़क बहने की कंगार पर, वाहन चालकों के साथ राहगीर भी परेशान

अनंत ज्ञान

**राज शर्मा, मैक्लोडगंज।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज को धर्मशाला से जोड़ने वाले शॉर्टकट मार्ग खड़ा डंडा पर हाल में ही बने डंगे को खतरा उत्पन्न हो गया है। इस मार्ग पर सीवरेज चैंबर का ढक्कन एक माह से ओवरफ्लो हो रहा है, जिसका गंदा पानी हाल ही में बनाए गए डंगे पर आकर ठहर रहा है, जिससे डंगे का एक हिस्सा बैठने लगा है।

डंगे के पास पानी की वजह से गड्ढा बन गया है, जो कि वाहनों को भी नुकसान पहुंचा रहा है। वहीं, गंदा पानी, पैदल राहगीरों के कपड़े गंदे कर रहा है। सीवरेज का गंदा पानी वाहन चालकों के साथ पैदल राहगीरों की भी परेशानी बढ़ा रहा है। कई पर्यटक वाहन इसी मार्ग से गुजरते हैं, ऐसे में सड़क पर बह रहे गंदे पानी की वजह से पर्यटकों में भी अच्छा संदेश नहीं जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन के समस्या इस मामले को उठाया गया है, इसके बावजूद अभी तक समाधान नहीं हो पाया है।



सीवरेज चैंबर का ढक्कन एक माह से ओवरफ्लो। अनंत ज्ञान

### डेढ़ माह से सीवरेज का पानी सड़क पर : पठानिया

**मैक्लोडगंज** व्यापार मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र पठानिया ने बताया कि पिछले करीब डेढ़ माह से खड़ा डंडा मार्ग पर सीवरेज का पानी लगातार बह रहा है। इसके कारण हाल ही में बनाई गई सड़क अब ढहने की कगार पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग महत्वपूर्ण है, जहां से कई वीआईपी और पर्यटक भी गुजरते हैं, लेकिन इसके बावजूद सड़क पर बह रहे गंदे पानी की समस्या की ओर किसी भी विभाग का ध्यान नहीं है। सीवरेज रिसाव से न केवल सड़क को नुकसान हो रहा है, बल्कि क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध भी फैल रही है। व्यापार मंडल ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है, ताकि सड़क को और अधिक नुकसान से बचाया जा सके और स्थानीय लोगों व पर्यटकों को राहत मिल सके।

### दोपहिया वाहन हो रहे दुर्घटनाग्रस्त : धीमान

होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला के अध्यक्ष राहुल धीमान का कहना है कि कई बार प्रशासन को इसके बारे में अवगत करवाया था फिर भी इस सड़क पर पिछले डेढ़ 2 महीने से सीवरेज का गंदा पानी लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है। दूसरी ओर खड़ा डंडा मार्ग पर सड़क के किनारे लगाया गया डंगा भी सीवरेज के पानी की वजह से ढहने की कगार पर पहुंच गया है। टूटी सड़क पर गड्ढे में पानी भरने के कारण भी दो पहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

## स्मार्ट सिटी धर्मशाला में सड़क किनारे खुदाई, मलबा भी सड़क पर, फंसे रहे वाहन

# सीवरेज ब्लॉकेज दूर करने के कार्य से लगा रहा जाम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** स्मार्ट सिटी धर्मशाला में सीवरेज ब्लॉकेज की समस्या हल का कार्य जाम का सबब बन रहा है। आलम यह है कि सीवरेज ब्लॉकेज दूर करने के लिए सड़क किनारे खुदाई की गई है, जिसका मलबा भी सड़क किनारे ही पड़ा है, जिस कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। वीरवार सुबह कई वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। धर्मशाला के चरान क्षेत्र में सीवरेज ब्लॉकेज की समस्या से लगातार परेशानी पर शिकायत के बाद उसे दुरुस्त करने का कार्य शुरू किया गया है।

दो दिन अवकाश के बाद कर्मचारियों व पर्यटकों के वाहन मुख्य धर्मशाला-पालमपुर रोड़ में पूरी तरह से फंसकर रह गए। ट्रैफिक जाम पालमपुर की तरफ बड़ोल तक वाहनों की कतारें पहुंची गई, जबकि धर्मशाला की तरफ भी सिविल बाजार कचहरी बाईपास रोड़ तक वाहनों की कतारें लगी रही। सुबह साढ़े नौ से साढ़े 10 बजे के बाद तक काम-काज को निकले लोग आधे से पौने घंटे तक जाम में फंसे को मजबूर हो गए। लंबे ट्रैफिक जाम की सूचना पुलिस थाना धर्मशाला को मिलने पर मौके पर ट्रैफिक कर्मी तैनात किए गए। साथ ही मलबे को हटाकर बड़े गड्डे को भी भर दिया गया, जिसके बाद हल्की राहत मिली। नगर निगम धर्मशाला के चरान खड्ड क्षेत्र में एमसी के समृद्धि भवन के पास बिछाई गई सीवरेज लाइन में ब्लॉकेज की समस्या सामने आने के बाद जल शक्ति विभाग द्वारा मरम्मत कार्य शुरू किया गया है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर यह कार्रवाई मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से की गई। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, सीवरेज चैंबर के ऊपर और आसपास विभिन्न टेलीकॉम कंपनियों की केबलें बिछी होने के कारण कार्य में बाधा आ रही है। ब्लॉकेज एक नहीं, बल्कि तीन से चार स्थानों पर पाए गए हैं, जिससे समस्या और बढ़ गई है। अधीशाषी अभियंता सुमित विमल कटोच ने बताया कि केबलों के कारण चैंबर का स्थान भी बदलना पड़ रहा है, लेकिन जल्द ही समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।



धर्मशाला में सड़क किनारे की गई खुदाई। अनंत ज्ञान

# कागड़ा जिले में 51 स्थानों पर लगातार हो रहे एक्सीडेंट

## सुधार के लिए एसडीएम और एक्सईएन से मांगे प्रपोजल

अनंत ज्ञान



**राजेश कुमार, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में 51 ऐसे स्थान हैं, जहां लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, दुर्घटनाओं में लोगों की जान भी जा चुकी है।

ऐसे स्थानों में सड़कों के सुधार व वैकल्पिक व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन ने संबंधित एसडीएम व लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन से एस्टीमेट प्रपोजल मांगे हैं। जिला में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछले पांच वर्षों में वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ी है, लेकिन उस अनुरूप सड़कें नहीं हैं, ऐसे में अत्याधिक यातायात दबाव को देखते हुए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुधार करना समय की मांग है। हालांकि सड़क सुरक्षा को लेकर जिले में काम किया जा रहा है, लेकिन इसी बीच सड़कों की दशा सुधारने की भी बेहद जरूरी है। एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा का कहना है कि पिछले पांच वर्षों में वाहनों की संख्या जिला में काफी तेजी से बढ़ी है, जबकि हमारी सड़कें इतने ज्यादा यातायात दबाव को झेलने के लिए तैयार नहीं हैं, ऐसे में वैकल्पिक व्यवस्था करना जरूरी है। एडीएम ने कहा कि दुर्घटनाओं के दो कारण होते हैं, एक ह्यूमन एरर और दूसरा आधारभूत ढांचे में कमी की कुछ समस्याएं। उन्होंने बताया कि एक सॉफ्टवेयर के माध्यम से जिला में 51 जगह ऐसी चिन्हित की गई हैं, जहां फेटेलिटी और एक्सीडेंट लगातार हो रहे हैं। ऐसे में संबंधित एसडीएम और पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन को सुधार की प्रक्रिया शुरू करने को कहा गया है। बकौल एडीएम कई जगह रंबल स्ट्रिप्स लगानी हैं या सड़क की दशा सुधारने की जरूरत है, इस संबंध में एस्टीमेट तैयार करके भेजने के लिए एसडीएम व एक्सईएन को कहा गया है। ऐसे स्थान जहां दुर्घटनाएं अधिक होती हैं, वहां पर डिमार्केशन करके किस तरह से संकरे मार्गों को खुला किया जा सकता है। यही नहीं ऐसे स्थानों पर वैकल्पिक व्यवस्था की जा सकती है या नहीं, इस पर भी प्रपोजल मांगी गई हैं।

◆ **एडीएम बेक्टा बोलीं- पांच साल में जिले में तेजी से बढ़ी वाहनों की संख्या**

◆ **सड़कों पर यातायात दबाव ज्यादा, वैकल्पिक व्यवस्था करना है जरूरी**

## एक दशक से लटका ओबीसी भवन कार्य फंड जारी करे सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के समीप पास्सू स्थित ओबीसी भवन का कार्य एक दशक से लटका हुआ है, सरकार इसके लिए जल्द फंड जारी करे। यह मांग धर्मशाला ब्लॉक की हिमाचल प्रदेश क्षत्रिय घृत बाहती चाहंग महासभा ने उठाई है। महासभा ने प्रदेश सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया है। महासभा के पदाधिकारियों सुदर्शन अंगारिया, अशोक काजल, प्रदीप चौधरी, लाल चंद चौधरी और मदन लाल ने संयुक्त बयान में कहा कि पासू गांव में ओबीसी भवन का निर्माण पिछले करीब 10 वर्षों से अधूरा पड़ा है और अब खंडहर का रूप ले चुका है। वर्ष 2017 में इस भवन की आधारशिला पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक सुधीर शर्मा द्वारा रखी गई थी, लेकिन अब तक इसे पूरा करने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं हुआ। महासभा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मांग की है कि भवन निर्माण के लिए जल्द फंड जारी किया जाए।

# पीढ़ीगत जुड़ाव कार्यक्रम में युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने साझा किए अनुभव

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** कल्याण विभाग की ओर से तहसील मुख्यालय के समीप बंदला स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अंतर-पीढ़ीगत जुड़ाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज की विभिन्न पीढ़ियों, विशेषकर युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच आपसी संबंधों को प्रगाढ़ बनाना, वैचारिक दूरी को कम करना और सामाजिक सामंजस्य स्थापित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईटीआई के प्रधानाचार्य तनुज शर्मा ने की।

इस अवसर पर तहसील कल्याण अधिकारी पालमपुर, राजिन्द्र सिंह भाटिया और आईसीडीएस की वृत्त पर्यवेक्षक अमिता गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली के कारण पीढ़ियों के बीच जो संवादहीनता बढ़ रही है, उसे दूर करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान एक संवाद सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों और युवा छात्रों ने अपने-अपने अनुभवों और विचारों का आदान-प्रदान किया। वरिष्ठ नागरिकों ने जहां जीवन के मूल्यों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की जानकारी साझा की। वहीं, युवाओं ने आधुनिक तकनीक और भविष्य की चुनौतियों पर अपनी दृष्टि रखी। तहसील कल्याण अधिकारी राजिंद्र सिंह भाटिया ने विभाग की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना बढ़ती है और युवाओं को उनके अनुभवों से सीखने का अवसर मिलता है। प्रधानाचार्य तनुज शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का होना भी अनिवार्य है।



अंतर-पीढ़ीगत जुड़ाव कार्यक्रम का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

# 20.61 ग्राम चिट्टे के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**नूरपुर।** नूरपुर पुलिस जिला पुलिस ने 20.61 ग्राम चिट्टे सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वीरवार को पुलिस टीम द्वारा भदरोया/डमटाल क्षेत्र में गश्त के दौरान विशेष सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। इस दौरान एक वाहन (नंबर एची-18ए-5295) को रोककर जांच की गई।

तलाशी लेने पर वाहन से 20.61 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने मादक पदार्थ सहित वाहन को भी कब्जे में ले लिया है। आरोपी की पहचान 52 वर्षीय प्रदीप कुमार उर्फ शंगा निवासी गांव व डाकघर छन्नी, तहसील इंदौरा के रूप में हुई है। एसपी नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस टीम द्वारा आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध पुलिस थाना डमटाल में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 61 व 85 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मामले की आगामी जांच जारी है। जिला पुलिस नूरपुर आम जनता से अपील करता है कि नशे के विरुद्ध इस अभियान में पुलिस का सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को (हेल्पलाइन 112) दें।

## भेड़ू महादेव मंदिर में आयोजित रली-छिंज मेला संपन्न

# मेले हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक : परमार

अनंत ज्ञान

**डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मरुह्न में वैशाखी के अवसर पर भेड़ू महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय रली-छिंज मेला हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न हुआ।

समापन अवसर पर विधायक विपिन सिंह परमार अपनी धर्मपत्नी शर्मिला परमार सहित मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। मेला कमेटी और स्थानीय लोगों ने उनका पारंपरिक वाद्य यंत्रों व शोभायात्रा के साथ स्वागत किया। इस दौरान उन्हें स्मृति चिन्ह, पेंटिंग और पारंपरिक तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। विधायक परमार ने मेले के सफल आयोजन के लिए क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक हैं और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया। तीन दिन तक चली कुश्ती प्रतियोगिता में विजेता को 31,000 और उपविजेता को 21,000 रुपये की नकद राशि प्रदान की गई। मेले के सफल आयोजन में मेला कमेटी, प्रशासन और स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।


कुश्ती स्पर्धा के विजेता को दिए 31 हजार रुपए। अनंत ज्ञान

## श्री दुर्वेश्वर महादेव शिव मंदिर डल लेक में 1 जून से महाआरती का होगा आयोजन : पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने वीरवार को श्री दुर्वेश्वर महादेव मंदिर में माथा टेका और विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि जिले के श्री दुर्वेश्वर महादेव शिव मंदिर डल लेक में 1 जून से महाआरती का आयोजन किया जाएगा और यह आरती हर दिन की जाएगा।

उन्होंने कहा कि डल झील में पहले की तरह पानी भी दिखेगा। पठानिया ने प्रदेश में खुशहाली, प्राकृतिक आपदाओं से रक्षा तथा जनसेवा के प्रति अपने कर्तव्यों को निष्ठा से निभाने की शक्ति प्रदान करने का आशीर्वाद मांगा। पठानिया ने बताया कि डल झील का जीर्णोद्धार और भव्य सौंदर्यीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार का लक्ष्य है कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलें, पारंपरिक पूजा पद्धति में गुणवत्ता लाई जाए और मंदिरों का विकास डिजिटल व व्यवस्थित रूप से हो। इसके उपरांत उप मुख्य सचेतक केवल सिंह ने दुर्वेश्वर महादेव मंदिर पहुचकर विधिवत शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# डीएलएड संबद्धता के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

अनंत ज्ञान

◆ **बोर्ड अध्यक्ष ने दिया 14 मई तक का समय**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) पाठ्यक्रम के संचालन के लिए संबद्धता प्रक्रिया शुरू कर दी है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश के पात्र निजी शिक्षण संस्थानों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सत्र में प्रवेश पूरी तरह से कॉमन एंट्रेंस टेस्ट 2026 की मेरिट के आधार पर ही दिया जाएगा और सीटों का आवंटन एनसीटीई द्वारा निर्धारित कड़े मानकों के अनुरूप सुनिश्चित होगा। संबद्धता के लिए पात्रता मानदंडों पर चर्चा करते हुए डॉ. उन्होंने कहा कि केवल वही संस्थान आवेदन के योग्य माने जाएंगे, जिनके पास एनसीटीई से डीएलएड (जेबीटी) संचालन की मान्यता है और जिन्होंने राज्य सरकार या शिक्षा विभाग से अनिवार्य अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है। आवेदन करने के इच्छुक संस्थान बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से फॉर्म और दिशा-निर्देश डाउनलोड कर सकते हैं। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित बोर्ड कार्यालय में जमा करना होगा। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि संबद्धता के लिए 37,760 रुपए (जीएसटी सहित) का शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसका भुगतान बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से किया जाना है। आवेदन के साथ स्टाफ का विवरण, भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र और अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 14 मई तय की गई है, हालांकि विलंब शुल्क के साथ संस्थान 19 मई तक भी अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक सहायता के लिए संस्थान सीधे बोर्ड कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### चैतड़ू, शीला चौक में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** धर्मशाला विद्युत उपमंडल-2 के सहायक अभियंता रमेश चंद ने जानकारी दी कि 33 केवी सब-स्टेशन ढगवार में लाइन निर्माण कार्य के चलते 11 केवी बगली फीडर के क्षेत्रों चैतड़ू, शीला चौक, मनेड, मिल्क प्लांट, रुद्रा हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट और आसपास के अन्य क्षेत्रों में 17 अप्रैल और 18 अप्रैल को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने पर ये कार्य अगले कार्य दिवस पर किया जाएगा। उन्होंने जनता से बिजली बोर्ड को सहयोग करने की अपील भी की है।

### कांता देवी ने जन्मदिन पर लगाया आम का पौधा



**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** 73 वर्षीय कांता देवी ने अपने जन्मदिन पर प्रेरणादायक तरीके से मनाते हुए आम का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कांता देवी ने बताया कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए बेहद जरूरी हैं और हर व्यक्ति को अपने जीवन के खास अवसरों पर पौधारोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने जन्मदिन या अन्य खुशी के अवसर पर एक पौधा लगाए, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

### पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाया जन्मदिन



**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** पूर्व विधायक व भाजपा नेता मुल्खराज प्रेमी ने वीरवार को अपना जन्मदिन निवास स्थान धानग में सादगी से भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मनाया। प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य संजय सोनी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष पवन चौधरी, बैजनाथ के दोनों मंडलों के भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कपूर, सुरेंद्र राणा, पूर्व जिला पार्षद अनिल कटोच, मंडल मीडिया प्रभारी अनिल अवस्थी, जय गोपाल, पवन कौंडल, प्रदीप चौहान, सुनील चौहान आदि ने भाजपा नेता मुल्खराज प्रेमी को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## विधायक ने पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार से की शिष्टाचार भेंट

# बुटेल की शांता से पालमपुर के विकास व पर्यटन पर सार्थक चर्चा

अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष बुटेल ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री रहे शांता कुमार से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और शुभकामनाएं दीं। बैठक में पालमपुर के विकास और विभिन्न परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

बुटेल ने क्षेत्र में चल रहे कार्यों की प्रगति साझा करते हुए पालमपुर को आदर्श विधानसभा बनाने और पर्यटन को बढ़ावा देने की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। सौरभ वन विहार में टॉय ट्रेन शुरू करने, विन्द्राबन में आधुनिक पार्क व झील निर्माण तथा शहर में ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए मल्टी-स्टोरी पार्किंग बनाने जैसे प्रस्तावों पर चर्चा हुई। शहर के सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। बुटेल ने कहा कि शांता कुमार का अनुभव और मार्गदर्शन विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर विक्रम शर्मा और पूर्व महापौर गोपाल चंद नाग भी उपस्थित रहे। सभी ने पालमपुर के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया।


पूर्व सीएम शांता से शिष्टाचार भेंट करते विधायक आशीष। अनंत ज्ञान

## महंगाई राहत का भुगतान बहाल नहीं हुआ तो 30 से आंदोलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत संचार निगम लिमिटेड के विभिन्न पेंशनर संगठनों के आह्वान पर वीरवार देशभर के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश में भी बीएसएनएल एवं दूरसंचार कार्यालयों के बाहर जोरदार धरना-प्रदर्शन किए गए। प्रदेश के शिमला, सोलन, धर्मशाला, मंडी और हमीरपुर में बड़ी संख्या में पेंशनरों ने भाग लेकर अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शन कर रहे पेंशनरों ने कहा कि केंद्र सरकार से पेंशन प्राप्त करने वाले वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली महंगाई राहत, जो वर्षों से नियमित रूप से मिल रही थी, उसे इस वर्ष जनवरी माह से अचानक बंद कर दिया गया है। बिना किसी स्पष्ट कारण के यह निर्णय लिया जाना पेंशनरों के साथ अन्याय है। पेंशनरों का आरोप है कि वेतन संशोधन से जुड़ी जानकारी पोर्टल पर अद्यतन न करने का हवाला दिया जा रहा है, जबकि वर्ष 2017 के बाद से कोई वेतन या पेंशन संशोधन हुआ ही नहीं है। उन्होंने इसे शासन-प्रशासन की गंभीर लापरवाही करार दिया। पेंशनरों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र ही महंगाई राहत का भुगतान बहाल नहीं किया, तो 30 अप्रैल 2026 से आंदोलन को और अधिक व्यापक व तीव्र रूप दिया जाएगा।

◆ **बीएसएनएल पेंशनर्स ने प्रबंधन को चेताया**

# बैजनाथ बाजार में ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश


विधायक किशोरी ने रेड लाइट जंप करने की बढ़ती घटनाओं पर जताई चिंता।

अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने पुलिस विभाग को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि बाजार क्षेत्र में लगाए गए ट्रैफिक सिग्नलों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों द्वारा रेड लाइट जंप करने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई है, जो लगातार दुर्घटनाओं की आशंका को बढ़ा रही हैं।

विधायक ने कहा कि लाल बत्ती के बावजूद वाहन चालकों द्वारा नियमों की अनदेखी न केवल उनकी स्वयं की सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि पैदल चलने वाले लोगों के लिए भी गंभीर परेशानी का कारण बन रही है। उन्होंने बताया कि पीक आवर के दौरान यह समस्या और अधिक विकराल रूप ले लेती है, जब बाजार में भीड़ और वाहनों का दबाव अत्यधिक बढ़ जाता है। बैजनाथ बाजार की संकरी सड़कों का जिक्र करते हुए किशोरी लाल ने कहा कि यहां चौपहिया वाहनों की आवाजाही के दौरान पैदल राहगीरों को निकलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय जनता द्वारा भी इस संबंध में कई बार आपत्तियां और शिकायतें दर्ज करवाई जा चुकी हैं। विधायक ने डीएसपी और थाना प्रभारी को निर्देश दिए हैं कि वे मौके पर निगरानी बढ़ाएं और यह सुनिश्चित करें कि लाल बत्ती के दौरान कोई भी वाहन नियमों का उल्लंघन न करे। साथ ही, नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### सुजानपुर टिहरा में फुटबाल प्रतियोगिता आज से

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** अखिल भारतीय सैनिक स्कूलों की प्रतिष्ठित फुटबाल प्रतियोगिता-2026 (ग्रुप ए) का आयोजन 17 से 22 अप्रैल तक सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा में होगा। इस प्रतियोगिता में नॉर्थ जोन की 7 टीमें भाग लेंगी और करीब 256 खिलाड़ी व 17 अधिकारी शामिल होने की संभावना है। प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन रचना जोशी ने बताया कि यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच देगा। साथ ही यह छात्रों में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा। प्रतियोगिता को लेकर स्कूल में उत्साह और जोश का माहौल बना हुआ है।

### सिक्योरिटी गार्ड पदों के लिए भर्ती आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गुजरात के भरूच जिले में 350 सिक्योरिटी गार्ड पदों के लिए भर्ती 17 अप्रैल को सुबह 10 बजे हमीरपुर के सैनिक विश्राम गृह में आयोजित होगी। यह भर्ती चेकमेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की ओर से भूतपूर्व सैनिकों के लिए की जा रही है। उपनिदेशक स्क्वाड्रन लीडर मनोज राणा के अनुसार, 54 वर्ष तक के दसवीं पास उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को निशुल्क आवास, 25,800 रुपए मासिक वेतन तथा अन्य सुविधाएं मिलेंगी। अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे और उनकी मेडिकल कैटेगरी शेप-1 तथा न्यूनतम लंबाई 5 फुट 6 इंच अनिवार्य है।

### भोरंज में पशु मित्र भर्ती की परीक्षा कल

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज में पशु मित्र (मल्टी टास्क वर्कर) भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 18 अप्रैल को कंज्याण हेलिपैड ग्राउंड में सुबह 8:30 बजे आयोजित होगी। अभ्यर्थियों को एक घंटा पहले पहुंचना होगा। पुरुषों को 30 मिनट में 5000 मीटर और महिलाओं को 10 मिनट में 1500 मीटर दौड़ पूरी करनी होगी। सफल अभ्यर्थियों में से प्रत्येक संस्थान के लिए 5-5 उम्मीदवार दस्तावेज सत्यापन के लिए चुने जाएंगे। चयनित अभ्यर्थियों की तैनाती विभिन्न पशु चिकित्सालयों में होगी। परीक्षा के दौरान आधार कार्ड, फोटो और शपथ पत्र लाना अनिवार्य है।

### आलमपुर के ख्वाजा पीर मंदिर में लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** हिमाचल प्रदेश केवट पंथ कल्याण सभा ने धार्मिक आयोजन किया। भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की झांकी प्रस्तुत की। इसमें वनवास के दौरान राम और केवट संवाद का जीवंत चित्रण किया गया, जब केवट ने उन्हें सरयू नदी पार करवाई और उतराई लेने से इंकार किया। आयोजक ओमप्रकाश ने बताया कि यह प्रसंग भक्ति और समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर आलमपुर के ख्वाजा पीर मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपराओं और आपसी भाईचारे को मजबूत करना रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### दुकानदारों को आग से बचाव के बताए उपाय

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** अग्निशमन विभाग ने अग्नि सेवा सप्ताह के तहत भरेड़ी और जाहू बाजार में जागरुकता अभियान चलाया। फायर सब स्टेशन भरेड़ी की टीम ने लोगों और दुकानदारों को आग से बचाव के उपाय बताए। गैस सिलेंडर व बिजली उपकरणों के सुरक्षित उपयोग तथा आपात स्थिति में तुरंत सूचना देने पर जोर दिया गया। अग्निशामक ईश्वर दास, कश्मीर सिंह, रमेश चंद और चालक अजय कुमार सहित टीम ने लोगों को घबराने के बजाय सूझबूझ से काम लेने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान आमजन से अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करने और सतर्क रहने की अपील की गई।

### स्टूडेंट्स का तिलक लगाकर किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर बड़सर।** पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिझड़ी में नए शैक्षिक सत्र के शुभारंभ पर विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। लंबे अवकाश के बाद स्कूल पहुंचे बच्चों के चेहरे पर उत्साह साफ झलक रहा था। विद्यालय प्रबंधन और अध्यापकों ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर स्वागत किया तथा चॉकलेट वितरित कर माहौल को और खुशनुमा बना दिया। शिक्षकों ने छात्रों को नियमित अध्ययन और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार, एसएमसी अध्यक्ष राजीव शर्मा, अधीक्षक कमल शर्मा सहित सभी अध्यापक उपस्थित रहे। विद्यालय परिसर में सकारात्मक माहौल में नए सत्र की शुरुआत हुई।

### बसंत गोलबाग ने जीता कोल्हू सिद्ध दंगल

**अनंत ज्ञान, संजीव चौहान, टौणी देवी।** महावीर गंगाल कमेटी कोल्हू सिद्ध का दंगल गोलबाग के बसंत ने जीता। उन्होंने रोहतक के रवि को हराया। छोटी माली जम्मू के कुलवीर ने जीती, उन्होंने जम्मू के ही अफजल को हराया। मुख्यातिथि मंजीत सिंह ने विजेता बसंत को 15 हजार रुपए इनाम राशि और गुर्ज भेंट कर सम्मानित किया व उपविजेता को 10 हजार इनाम दिया। रिटायर्ड कर्नल चेत राम चौहान ने छोटी माली के विजेता कुलवीर को 5100 रुपए व गुर्ज व उपविजेता को 3100 रुपए की राशि भेंट की। इससे पहले दंगल का शुभारंभ महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना चौहान ने किया।

### प्रभात सुधार सभा ने की आर्थिक मदद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** समाजसेवी संस्था प्रभात सुधार सभा के प्रधान प्रकाश चंद सेन ने दानी सज्जनों अधिशाषी अभियंता दीपक कपिल, साईं स्वीट शॉप हमीरपुर, शिवम एंटरप्राइजेज हमीरपुर, हमीरपुर गैस एजेंसी, जगमग स्वीट शॉप हमीरपुर, संजीव खान हमीरपुर तथा अमित शर्मा पेट्रोल पंप हमीरपुर से एकत्रित किए हुए पैसों में से गलोड़ निवासी सत्या देवी की आर्थिक मदद की है। सभा के अध्यक्ष प्रकाश सेन के , उनकी हृदय गति में रुकावट आने पर 3000 रुपए, भरेड़ी के रामकिशन को दिव्यांग बच्चों के उपचार के लिए 2000 रुपए तथा देहरा निवासी रणजीत सिंह की कैंसर से मृत्यु होने पर उसकी धर्म शांति को 6000 रुपए का खाद्य पदार्थ दिया। बताते चलें कि संस्था बहुत समय पहले से जरूरतमंदों की सहायता करते चली आ रही है।

### 894 अध्यापकों के पदों के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने सीबीएसई स्कूलों में अध्यापकों की विभिन्न श्रेणियों के कुल 894 पदों को फिक्स मानदेय के आधार पर भरने के लिए 14 मई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इन स्कूलों में राजनीतिक शास्त्र के 95, समाज शास्त्र 108, अर्थशास्त्र 86, मनोविज्ञान 114, कंप्यूटर 118, फाइन आर्ट 118, लोक प्रशासन 78 और फिजिकल एजूकेशन टीचर के 177 पद भरे जाएंगे।

### अमृतसर के रोबिन जीता बड़ी माली का खिताब

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के धमरोल पंचायत के हंव जोल में पारंपरिक दंगल का भव्य आयोजन किया गया। छोटी माली में प्रिंस (समोह) विजेता रहे, जिन्हें 6100 रुपए व गुर्ज दिया गया, जबकि जयपाल (सुंदरनगर) उपविजेता रहे। बड़ी माली में रोबिन (अमृतसर) ने खिताब जीता और 15,000 रुपए पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि युवराज (तरनतारन) उपविजेता रहे। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने कहा कि ऐसे दंगल परंपराओं को जीवित रखने के साथ युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं।

## डीएवी स्कूल के होनहार परीक्षा परिणाम में चमके

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीएवी स्कूल हमीरपुर के कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। सीबीएसई परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। ओवरऑल 76.80 प्रतिशतता दर्ज की गई। 11 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। 11 विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। केशवी धीमान ने 95.60 प्रतिशत हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा शौर्य शर्मा तथा अरिंदम शर्मा ने 94.2 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आराध्या शर्मा ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर ने इस शानदार उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी।

## नादौन उपमंडल में अव्यवस्था के कारण रसोई गैस के लिए परेशान लोग

# बिना रूट वालों को सिलेंडर देने से गंतव्य तक नहीं पहुंच रही सप्लाई

◆ एसडीएम ने लिया संज्ञान, बिना पुलिस के नहीं जाएगी गाड़ी

अनंत ज्ञान


नादौन में सिलेंडर के लिए गाड़ी के पास खड़े लोग। अनंत ज्ञान

**नादौन।** नादौन उपमंडल में रसोई गैस की आपूर्ति के बारे में आ रही शिकायतों का कड़ा संज्ञान लेते हुए एसडीएम निशांत शर्मा ने रसोई गैस एजेंसियों को हिदायत दी है कि लोगों की सुविधा के लिए गैस सिलेंडरों की डिलीवरी के रूट की जानकारी पुलिस को दें और बिना पुलिस के कोई भी गाड़ी रवाना न हो।

संबधित रूट के उपभोक्ताओं को नियमानुसार रसोई गणतव्य तक उपलब्ध करवाई जाए। एसडीएम ने पुलिस को भी उचित दिशा-निर्देश जारी किए हैं। गौरतलब है कि वीरवार को भी रसोई गैस के लिए लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, जब गैस की गाड़ी नादौन शहर के वार्ड नं. 1 व 6 के लोगों को रसोई गैस की सप्लाई के लिए ज्यों ही नादौन शहर के वार्ड नंबर-एक में पहुंची तो इस रूट के लोगों से पहले ही अन्य क्षेत्रों के लोग भी रसोई गैस के सिलेंडर लेने के लिए पहुंच गए, जिस वजह से माहौल काफी गर्म हो गया। इस वजह से काफी देर तक रसोई गैस का वितरण भी बाधित रहा। लोगों का कहना है कि अव्यवस्था के कारण लोगों को बिना सिलेंडर के ही वापस घरों को मायूस होकर लौटना पड़ता है। रसोई गैस की बुकिंग किए हुए भी करीब 24-25 दिन हो चुके हैं। बुकिंग के बावजूद उन्हें रसोई गैस के लिए धक्के खाने पड़ रहे हैं। क्षेत्र के मनोज कुमार, वालिया, राकेश, सरिता, निदेश, मुकेश, दीपक आदि ने प्रशासन से आग्रह किया है कि गैस आपूर्ति पुलिस की उपस्थिति में की जाए और यह निश्चित किया जाए कि निर्धारित रूट के उपभोक्ताओं को ही पहले की तरह सप्लाई दी जाए। एसडीएम नादौन निशांत शर्मा का कहना है कि लोगों की शिकायतों को मध्यनजर रखते हुए इस संदर्भ में संबधित विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि बिना पुलिस के कोई भी गाड़ी रूट पर न भेजी जाए।

## प्रदेश में द्वेष और बदले की राजनीति चरम पर : राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोलते हुए प्रदेश में द्वेष और बदले की राजनीति चरम पर होने का आरोप लगाया है। उन्होंने हमीरपुर विधायक आशीष शर्मा के भाई और चाचा की गिरफ्तारी को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताया। राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सत्ता को निजी हथियार बना लिया है और पुलिस तंत्र का उपयोग विपक्ष को दबाने के लिए किया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में लोकतंत्र के नाम पर तानाशाही जैसे हालात हैं और सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों को झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आशीष शर्मा के परिवार पर की गई कार्रवाई बदले की भावना का उदाहरण है और इससे गलत संदेश जा रहा है। राणा ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार अपराधियों के प्रति नरम और विपक्ष के प्रति कठोर रवैया अपना रही है। उन्होंने विधानसभा में उठाए गए सवालों को लेकर सरकार की बौखलाहट का आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता का दुरुपयोग हो रहा है। साथ ही आचार संहिता उल्लंघन के आरोप भी लगाए। राणा ने चेतावनी दी कि सत्ता के बल पर लोगों को डराने और दबाने की कोशिश ज्यादा दिन नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है और आने वाले समय में इसका करारा जवाब देगी।

## 'स्मार्ट मीटर' लगाने में सहयोग नहीं किया तो कटेगी बिजली

◆ एचपीएसईबीएल ने जारी किया नोटिस

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड की ओर से स्मार्ट मीटर स्थापना को लेकर सख्ती बढ़ा दी गई है। विद्युत उपमंडल नंबर-1 हमीरपुर के सहायक अभियंता कार्यालय ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 163(3) के तहत उपभोक्ता को नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट किया कि स्मार्ट मीटर लगवाना जरूरी है।

इसके लिए बोर्ड को परिसर में प्रवेश का अधिकार प्राप्त है। करीबी इलाके जठेरी के उपभोक्ता धर्म सिंह (कंज्यूमर आईडी 100001620894) के यहां विभागीय टीम स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची थी, लेकिन उन्हें आवश्यक अनुमति और सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई गईं। विभाग ने उपभोक्ता को 24 घंटे का लिखित नोटिस देते हुए निर्देश दिया कि वह अपने परिसर में प्रवेश की अनुमति दे और स्मार्ट मीटर लगाने में सहयोग करें। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि तय समय में सहयोग नहीं किया गया, तो विद्युत अधिनियम के प्रावधानों के तहत बिना किसी अतिरिक्त सूचना के बिजली आपूर्ति काट दी जाएगी और यह तब तक बहाल नहीं होगी जब तक उपभोक्ता सहयोग नहीं करता। एचपीएसईबीएल ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटर की स्थापना केंद्र सरकार और सीईए नियमों के तहत अनिवार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या बाधा को गंभीरता से लिया जाएगा।

## सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं स्मार्ट मीटर, अन्य उपभोक्ता भी करें सहयोग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू के सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने बताया कि उपमंडल के तहत आने वाले लंबलू, ताल, टिक्कर और बोहनी अनुभागों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि ताल, टिक्कर और बोहनी अनुभागों में सभी व्यावसायिक विद्युत कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। लंबलू अनुभाग में भी लगभग 95 प्रतिशत व्यावसायिक उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगवा चुके हैं। सहायक अभियंता ने बताया कि ये सभी स्मार्ट मीटर सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं और किसी भी उपभोक्ता की ओर से कोई शिकायत नहीं आई है। उपमंडल के अन्य उपभोक्ताओं के मीटर भी बदलने की प्रक्रिया जारी है। इसलिए, सभी उपभोक्ता सहयोग करें और अपने-अपने घरों में स्मार्ट मीटर अवश्य लगवाएं। अगर कोई उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगवाने में सहयोग नहीं करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।

## स्मार्ट मीटर मामले में नोटिस जारी नहीं कर सकता विद्युत बोर्ड : कुलदीप

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल विद्युत पेंशनर्स फोरम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप खरवाड़ा ने प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर स्थापना के संबंध में जारी किए जा रहे नोटिसों पर आपत्ति दर्ज की है। उन्होंने कहा कि बिना समुचित जानकारी, पारदर्शिता और उपभोक्ता की सहमति के स्मार्ट मीटर थोपना विधि विरुद्ध तथा उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है। विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 55(1) के अनुसार प्रत्येक उपभोक्ता को सही एवं प्रमाणित मीटर के माध्यम से ही विद्युत आपूर्ति की जानी चाहिए, लेकिन यह प्रावधान किसी विशेष प्रकार (जैसे स्मार्ट मीटर) को जबरन थोपने का अधिकार प्रदान नहीं करता, विशेषकर तब जब वर्तमान मीटर सही व कार्यशील हो। अधिनियम की धारा 163 केवल निरीक्षण, परीक्षण अथवा रख-रखाव के उद्देश्य से परिसर में प्रवेश की सीमित शक्ति प्रदान करती है। यह धारा किसी भी स्थिति में केवल स्मार्ट मीटर न लगवाने के आधार पर विद्युत आपूर्ति विच्छेद करने का अधिकार नहीं देती। धारा 56 के अनुसार विद्युत आपूर्ति का विच्छेदन केवल बकाया भुगतान न होने या अनधिकृत उपयोग की स्थिति में ही किया जा सकता है। वर्तमान परिस्थितियों में उपभोक्ताओं पर 24 घंटे के भीतर आपूर्ति काटने की चेतावनी देना पूर्णत: मनमाना, अवैध एवं न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है।

फोरम ने मांग की है कि स्मार्ट मीटर से जुड़ी सभी जानकारी सार्वजनिक की जाए और किसी भी प्रकार की जबरदस्ती रोकी जाए। चेतावनी दी गई कि यदि कदम वापस नहीं लिए गए तो न्यायिक मंच का सहारा लिया जाएगा।

## विद्युत उपमंडल-1 में सभी व्यावसायिक उपभोक्ताओं ने लगवाए स्मार्ट मीटर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-1 हमीरपुर के सहायक अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि उपमंडल के तहत आने वाले झनियारी, मसियाणा, अमरोह, कुठेड़ा, धनेड़ और नाल्टी अनुभाग में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य जारी है। इन अनुभागों में सभी एनडीएनसी एवं व्यावसायिक विद्युत कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इसी प्रकार, अन्य अनुभागों में भी इन श्रेणियों के लगभग 95 प्रतिशत उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगवा चुके हैं। सहायक अभियंता ने बताया कि ये सभी स्मार्ट मीटर सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं और किसी भी उपभोक्ता की ओर से कोई शिकायत नहीं आई है। उन्होंने बताया कि उपमंडल के अन्य उपभोक्ताओं के मीटर भी बदलने की प्रक्रिया जारी है व सभी सहयोग करें। सहायक अभियंता ने बताया कि कोई उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगवाने में सहयोग नहीं करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

## सुजानपुर मैदान की दुर्दशा पर एसडीएम से मिले शहरवासी, बोले-

# 19 तक मैदान को नहीं सुधारा तो होगा घेराव

अनंत ज्ञान


चौगान मैदान में फैली गंदगी को लेकर एसडीएम से मिला सुजानपुर के लोगों का प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** होली मेला संपन्न होने के बाद भी सुजानपुर मेला ग्राउंड की सफाई न होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। इस मुद्दे को लेकर वीरवार को सुजानपुर के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम एवं मेला अधिकारी विकास शुक्ला से मिला और चौगान में फैली गंदगी को लेकर अपनी चिंता जाहिर की।

एसडीएम विकास शुक्ला ने बताया कि लोगों की चिंता जायज है। तथा इस चौगान को साफ करवाने का कार्य शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बारे नोटिस भी जारी किया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि 2 से तीन दिन तक तक मेला ग्राउंड को पूरी तरह साफ कर दिया जाएगा, जिसके बाद गड्ढों को भरने का कार्य शुरू किया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल की ओर से कविंदर गुप्ता ने कहा कि सुजानपुर का यह मैदान न केवल शहर, बल्कि पूरे प्रदेश का प्रमुख आकर्षण केंद्र रहा है, लेकिन वर्तमान में इसकी स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मैदान की सफाई हो, गड्ढों की मरम्मत की जाए और यहां फिर से हरी-भरी मखमली घास नजर आए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 19 अप्रैल तक मैदान की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो सुजानपुर के लोग प्रशासन के खिलाफ आक्रोशित होकर घेराव करने को मजबूर होंगे।

## सीनियर सिटीजन काउंसिल ने ओम प्रकाश टेकड़ा को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर के सदस्यों ने संस्था के सदस्य ओम प्रकाश टेकड़ा (83) को श्रद्धांजलि अर्पित की। वे लंबे समय से लंगर सेवा सहित समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय रहे। बुधवार को सेवा के दौरान वे अचानक गिर पड़े, जिसके बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज लाया गया और फिर चंडीगढ़ रेफर किया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव धनेड़ लिंगड़ी में किया गया।

## हिमाचल दिवस पर 1500 रुपए की घोषणा महिलाओं से फिर छल : राकेश

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एक बार फिर प्रदेश की महिलाओं के साथ छल किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल स्थापना दिवस पर 1500 रुपए देने की घोषणा महज एक 'लॉलीपॉप' है, जिसे पंचायत चुनावों से ठीक पहले राजनीतिक लाभ के लिए प्रस्तुत किया गया है। राकेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने चुनावी वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफलता दिखाई है।

महिलाओं को 1500 मासिक देने का वादा लंबे समय से अधूरा है और अब बार-बार घोषणाएं कर जनता को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाएं अब जागरूक हैं और इस तरह के झूठे प्रलोभनों को समझ चुकी हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा ने आगामी जिला परिषद एवं नगर निकाय चुनावों के लिए चुनाव समिति का गठन कर लिया है। उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा विभिन्न स्तरों पर पैनल तैयार किए जाएंगे और गहन विचार-विमर्श व जांच-पड़ताल के बाद योग्य एवं जीतने वाले उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा संगठनात्मक मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी और कार्यकर्ताओं के सहयोग से हर स्तर पर जीत सुनिश्चित करेगी। पार्टी का उद्देश्य विकास, पारदर्शिता और जनसेवा के आधार पर चुनाव लड़ना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा पार्टी प्रधान, उप-प्रधान और पंचायत समिति के उम्मीदवारों के चयन में सीधे हस्तक्षेप नहीं करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं से आह्वान किया कि वे आपसी सहमति और समन्वय से उम्मीदवार तय करें, ताकि किसी प्रकार का आंतरिक विवाद न हो और पार्टी को भारी जीत दिलाई जा सके।

## एचपी सेट 2026 और यूजी कक्षाओं की प्रवेश परीक्षा एक ही दिन, छात्रों में असमंजस

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित किए जाने वाले एचपी सेट 2026 और अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित यूजी कक्षाओं की प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों में टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। दोनों परीक्षाएं एक ही दिन, 10 मई 2026, को निर्धारित की गई हैं। इस कारण प्रदेश के हजारों छात्रों और अभिभावकों के बीच भारी असमंजस की स्थिति बन गई है। दोनों परीक्षाओं का एक ही दिन होना छात्रों के हितों के विपरीत माना जा रहा है। इस संबंध में अभ्यर्थी मीनाक्षी देवी, सुमन, सुनीता, संजय, अजय, कमलेश, सुरेंद्र, सक्षम आदि ने चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि इस टकराव के कारण उन्हें अपने भविष्य को लेकर कठिन निर्णय लेना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि दोनों परीक्षाएं उनके करियर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इसलिए किसी एक को छोड़ना उनके लिए नुकसानदायक हो सकता है। छात्रों और अभिभावकों ने इस समस्या के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से गुहार लगाई है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय प्रशासन तथा राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि एचपी सीईटी 2026 की परीक्षा तिथि में बदलाव किया जाए।

## डीएवी स्कूल भड़ोली का परीक्षा परिणाम सराहनीय

# आयुष 97 .17% अंक लेकर बने टॉपर


सीबीएसई परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चे प्रिंसिपल के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल भड़ोली के बच्चों ने सीबीएसई कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

स्कूल का क्वालिटी परफॉर्मेंस इंडेक्स 79.86 दर्ज किया गया। बच्चों को प्रिंसिपल ने हार पहनाकर व मुंह मीठा करवाकर प्रोत्साहित किया गया। छात्र आयुष ने 97.17% अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। अर्श गोस्वामी ने 96.67% और अर्णव गौतम ने 96% अंक प्राप्त कर 'आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट' की सूची में अपनी जगह बनाई। इसक अलावा अरमान (94.83%), स्पर्श (94.33%), मन्नत (93.83%), यतिन (93.83%), शौर्य (93.67%), शौर्य द्वितीय (93.50%), वैष्णवी (93.17%), सुनीति (93%), आरव (93%), प्रांशी (93%), स्वस्ति (92.67%), श्रीजा (92.17%), शिवेन (92%), पार्थ (92%), उदिती (91.67%), राजवीर (91.67%), लविशा (91.67%), रुद्राक्षी (91.50%), अर्श (91.33%), गरिमा (91.33%), आयुषी (90.67%), शौर्य (90.17%), दीपांशी (90.17%), कंचन (90.17%), शान्वी (90.17%) और अरुषि ने (90%) अंक हासिल किए। स्कूल प्रबंधक नमित शर्मा, एआरओ डॉ. वीके यादव और प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

## हिम अकादमी के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

### सीबीएसई परीक्षा परिणाम रहा 100 प्रतिशत, अथर्व चौहान ने 97.6 प्रतिशत अंक हासिल किए

अनंत ज्ञान




**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर ने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। 155 विद्यार्थियों में से 32 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 11 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। टॉप अचीवर्स में अथर्व चौहान ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम व दीवा शर्मा और कीर्ति शर्मा ने 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा एश्वर्या राणा ने 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। तितिक्षा पाटियाल ने 95.8, अक्षज कपूर ने 95.8, आरव शर्मा ने 95.4, आनवी धीमान ने 95.2, वैष्णवी ने 95.2, अर्जुन आर्य ने 95, ऋत्विक वर्धन ने 95, सभ्य महाजन ने 94.8, वैष्णवी ठाकुर ने 94.6, तविशी सिन्हा ने 94.4, गौरव शर्मा ने 94.4, साक्षी अग्निहोत्री ने 94.2, प्रणव शर्मा ने 94, शाद आलम 93.8, प्राची वर्मा 93.2, अभिजय शर्मा ने 93, मयंक शर्मा ने 93, सृजन ने 93, सोनम गुरमाथ ने 93, सहज ने 92.4, स्कार्जेस ल्हामो ने 92.2, मनहार सरीन ने 91.6, अवंतिका ने 91.2, वैभव ठाकुर ने 90.8, याशिका शर्मा ने 90.8, अनन्याश्री ठाकुर ने 90.4, आरिका ठाकुर ने 90.4, कृष्णा ठाकुर ने 90.2 और आहाना ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आलम और अनन्याश्री ठाकुर ने अंग्रेजी विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने अध्यापक प्रदीप, शालिनी साहोत्रा, संगीता, रंजू बाला, मुनीषा, ज्योति,एकता एवं शैली ठाकुर की सराहना की। विद्यालय निदेशक पंकज लखनपाल, विद्यालय प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल ने विद्यार्थियों को बधाई दी। अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, विद्यालय उप प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार, विद्यालय हेड मास्टर कंचन लखनपाल, विद्यालय को-ऑर्डिनेटर मनीषा मारवाह ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सीटू ने किया मजदूरों पर लाठीचार्ज और गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन


धौलासिद्ध में विराध प्रदर्शन करते मजदूर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** मजदूरों पर लाठीचार्ज और गिरफ्तारियों के विरोध में सीटू ने धौलासिद्ध में जोरदार-प्रदर्शन किया और मजदूरों के समर्थन में एकजुटता जताई।

जिला अध्यक्ष संतोष कुमार की अगुवाई में सैकड़ों मजदूर प्रोजेक्ट के गेट पर एकत्रित हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली-गुरुग्राम-मानेश्वर क्षेत्र में सरकार मजदूरों की आवाज दबाने के लिए दमनकारी कदम उठा रही है। वक्ताओं ने कहा कि देश के अधिकांश कार्यस्थलों पर मजदूरों को न्यूनतम सुविधाएं भी नहीं मिल रहीं। 10-12 हजार रुपए मासिक वेतन पर उनसे 10-12 घंटे काम लिया जा रहा है, जबकि पीने का पानी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है। मजदूरों की मांगें मानने के बजाय सरकार लाठीचार्ज और गिरफ्तारियों का सहारा ले रही है। उन्होंने कहा कि पानीपत और सूरत जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में भी मजदूरों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। सीटू नेताओं ने सरकार पर उद्योगपतियों के पक्ष में काम करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन को नवीन कुमार सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया और सैकड़ों मजदूरों ने भाग लिया।

## स्मार्ट मीटर स्थापित करने में सहयोग करें सभी उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड के मुख्य अभियंता (ऑपरेशन) द्वारा जारी निर्देशों एवं बिजली अधिनियम-2003 के प्रावधानों के अनुसार सभी उपभोक्ताओं के परिसरों में स्मार्ट मीटर लगाने व पुराने मीटरों के प्रतिस्थापन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस संबंध में सहायक अभियंता बिजली उपमंडल चंबा नं-1, तेजू राम ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्य उपभोक्ताओं को बेहतर, पारदर्शी व आधुनिक बिजली सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली से बिजली खपत की सटीक जानकारी, बिलिंग में पारदर्शिता तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा सुनिश्चित होगी।

उन्होंने बताया कि बिजली अधिनियम-2003 के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड लिमिटेड के अधिकृत अधिकारियों को निरीक्षण परीक्षण व मीटर प्रतिस्थापन के लिए उपभोक्ता परिसर में प्रवेश करने का वैधानिक अधिकार प्राप्त है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करें यदि कोई उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगाने में बाधा उत्पन्न करता है या अधिकृत अधिकारियों को परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं देता है, तो अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार 24 घंटे का नोटिस देने के उपरांत उसकी बिजली आपूर्ति विच्छेदित की जा सकती है। अतः सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे अनावश्यक असुविधा से बचने के लिए स्मार्ट मीटर स्थापना कार्य में सहयोग करें।

### सरकाघाट की घटना के बाद ग्रामीण सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

# पंचायत स्तर पर निगरानी व कल्याण समितियों के गठन की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सरकाघाट क्षेत्र में हाल ही में घटी एक हृदयविदारक घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। दिनदहाड़े 19 वर्षीय युवती के साथ हुई निर्मम वारदात ने ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस घटना के बाद समाज में आक्रोश और चिंता का माहौल व्याप्त है। इसी संदर्भ में एनएसयूआई जिला चंबा के को-ऑर्डिनेटर सनी सिंह ठाकुर ने वीरवार को उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपकर पंचायतीराज चुनावों के पश्चात प्रत्येक पंचायत स्तर पर निगरानी व कल्याण समितियों के गठन की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन समितियों का गठन ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण



भूमिका निभाएगा। सनी सिंह ठाकुर ने अपने बयान में कहा कि प्रस्तावित समितियों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, युवाओं व समाजसेवियों को शामिल किया जाना चाहिए, ताकि सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा मिल सके व समाज में जागरूकता तथा जिम्मेदारी की भावना विकसित हो। उन्होंने इसे सुरक्षित व संगठित ग्रामीण समाज की दिशा में एक आवश्यक कदम बताया। प्रस्तावित समितियों की प्रमुख जिम्मेदारियां होंगी संदिग्ध व असामाजिक गतिविधियों पर निगरानी रखना, नशा संबंधी मामलों की पहचान व रोकथाम करना, पीड़ित व्यक्तियों को परामर्श व सहायता उपलब्ध करवाना, महिलाओं व युवाओं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना तथा पुलिस व प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना। उन्होंने प्रदेश सरकार व प्रशासन से इस मांग पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह करते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर ऐसी समितियों का गठन समय की आवश्यकता है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित, जागरूक व सशक्त समाज के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा।

## अर्पिता का भाषण हिमाचल दिवस पर सबसे अव्वल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शिक्षा खंड सुंडला के तहत आने वाली राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा में हिमाचल दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं की छात्रा अर्पिता शर्मा ने मेरा गौरवशाली हिमाचल विषय पर भाषण प्रस्तुत करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में कुल चार दलों ने हिस्सा लिया। इसमें अभय सिंह और गोलू रावत की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त द्वितीय स्थान पर अरमान मुहम्मद व लक्ष्य ललहाल तथा तृतीय स्थान पर रिया शर्मा व इनायत इरूम की टीम रही। प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता का संचालन पाठशाला प्रभारी व राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक युद्धवीर टंडन ने किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्नों को शामिल किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के सामान्य ज्ञान को रखने के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश के सामान्य ज्ञान से परिचित करवाना भी रहा। इस अवसर पर बच्चों के लिए हिमाचल दिवस पर एक विशेष प्रस्तुति भी पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के मध्यम से दिखाई गई। बच्चों को हिमाचल दिवस पर अधिक जानकारी देते हुए कनिष्ठ अध्यापक प्रवीन कुमार ने हिमाचल की संस्कृति प्राकृतिक सुंदरता व इतिहास के बारे में बच्चों को बताया।



## एसआईयू का ऑपरेशन सफल, 4.71 ग्राम चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



**राहुल सहगल, चंबा।** जिला चंबा में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट (एसआईयू) ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। इंस्पेक्टर गगन की अध्यक्षता में संचालित इस विशेष ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने 4.71 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया।

इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशा तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई शाम करीब 7 बजे चनेड से लगभग तीन किलोमीटर हरौथा क्षेत्र, के पास की गई। इसी दौरान सड़क किनारे खड़ा एक युवक पुलिस को देखकर घबरा गया व उसने सिगरेट की डिब्बी फेंक दी। युवक की संदिग्ध गतिविधि को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच की। तलाशी लेने पर फेंकी गई डिब्बी से 4.71 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ, जिसके बाद आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान निखिल कुमार (22 वर्ष) पुत्र बलवंत सिंह, डाकघर सारू, तहसील एवं जिला चंबा, हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक जांच में नशे के नेटवर्क से जुड़े संभावित तारों की पड़ताल की जा रही है।

यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी ने नशीला पदार्थ कहां से लाया और किन लोगों तक पहुंचाने वाला था। इस सफल कार्रवाई से चंबा पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि जिले में नशे के कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वह नशे के खिलाफ इस मुहिम में सहयोग करें व किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## चंबा में 22 से 24 अप्रैल तक लगेगा मोबाइल पासपोर्ट कैंप

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला मुख्यालय चंबा के परिधि गृह परिसर में 22 से 24 अप्रैल तक तीन दिवसीय मोबाइल पासपोर्ट वैन कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से जिला वासियों को पासपोर्ट से संबंधित सेवाएं अपने ही जिले में उपलब्ध होंगी, जिससे उन्हें दूरस्थ शहरों की यात्रा से राहत मिलेगी। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त अमित मेहरा ने वीरवार को दी।

उन्होंने बताया कि मोबाइल पासपोर्ट वैन के जरिए आयोजित किए जा रहे इस कैंप में पासपोर्ट आवेदन, दस्तावेज सत्यापन तथा अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। यह शिविर विशेष रूप से विद्यार्थियों, नौकरीपेशा युवाओं व विदेश यात्रा की योजना बना रहे नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन चंबा द्वारा कैंप के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। मोबाइल पासपोर्ट वैन के लिए स्थान के साथ-साथ पेयजल, इंटरनेट कनेक्टिविटी व अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचकर इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं।

## सरकाघाट में 19 वर्षीय युवती की निर्मम 'हत्या' से देवभूमि शर्मसार : डॉ. जनक राज

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** मंडी जिले के सरकाघाट में 19 वर्षीय युवती की दिन दिहाड़े हुई निर्मम हत्या से फिर से एक बार देवभूमि को शर्मसार कर दिया है। इस जघन्य वारदात ने राज्य में कानून व्यवस्था व महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



वहीं, पांगी-भरमौर विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ. जनक राज ने सोशल मीडिया के माध्यम से लाइव आकर कहा कि दराट या अन्य तेजधार हथियार लेकर सरेआम घूमते उपद्रवियों या मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति पर समय रहते नकेल कसी जाए, तो इस तरह की वारदातों को रोका जा सके। भले ही पुलिस ने चंद घंटों में आरोपी को धर दबोचा, लेकिन मां-बाप की खुशियां व उम्मीदें कहीं न कहीं उम्र भर के गम में तब्दील हो गई हैं। वहीं, विधायक डॉ. जनक राज ने कहा कि किसी भी तरह का तेजधार हथियार लेकर घूमते वह उपद्रवी मानसिक रूप से बीमार या अत्यधिक नशेड़ी व्यक्ति की सूचना पंचायत जनप्रतिनिधि या नजदीकी पुलिस स्टेशन में दें, ताकि समय रहते ठोस कदम उठाए जा सकें ताकि किसी भी वारदात को रोका जा सके। वहीं, हिमाचल प्रदेश में जानलेवा हमले व हिंसक अपराधों के पीछे अत्यधिक नशा एक बहुत बड़ी चिंताजनक वजह सामने आ रही है।

विशेष रूप से चिट्टा की लत के कारण राज्य में आपराधिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। नशे की लत को पूरा करने के लिए युवा चोरी मारपीट व जानलेवा हमले को अंजाम दे रहे हैं। विधायक डॉ. जनक राज ने कहा कि मानसिक रूप से बीमार अत्यधिक नशेड़ी उपद्रवी सरेआम तेजधार हथियार लेकर घूमते व्यक्तियों की सूचना तुरंत पंचायत जनप्रतिनिधि या नजदीकी पुलिस स्टेशन को दें, ताकि ऐसे जघन्य अपराधों को रोका जा सके।

# टांकरी लिपि के पुनर्जीवन पर विशेषज्ञों ने दिया जोर

अनंत ज्ञान

**सलूणी।** पश्चिमी हिमालय की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर टांकरी लिपि के संरक्षण व पुनर्जीवन की दिशा में राजकीय महाविद्यालय सलूणी में सात दिवसीय वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया गया।

'स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों एवं सांस्कृतिक संरक्षण में क्षमता निर्माण: टांकरी लिपि का पुनर्जीवन' विषय पर आधारित यह कार्यशाला 15 से 21 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन सायं 7:00 से 8:30 बजे तक ऑनलाइन आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का आयोजन कॉलेज के शोध, नवाचार व संरक्षण प्रकोष्ठ द्वारा हिम संस्कृति शोध संस्थान , आनी (कुल्लू) के साथ शैक्षणिक समझौता ज्ञापन के अंतर्गत किया जा रहा है। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की शैक्षणिक स्थापना के दो दशक



(2006-2026) पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भी आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला के टैगोर फेलो डॉ. ओम प्रकाश शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने टांकरी लिपि को पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र की भाषाई, साहित्यिक व ऐतिहासिक विरासत का महत्वपूर्ण भंडार बताते हुए इसके संरक्षण और पुनर्जीवन पर बल दिया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहिंदर कुमार सलारिया ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह कार्यशाला शिक्षार्थियों को टांकरी लिपि के पठन, लेखन व व्याख्या की आधारभूत जानकारी प्रदान करेगी। कार्यशाला का समन्वयन सहायक प्राध्यापक शुभम डोगरा व पंकज कुमार द्वारा किया जा रहा है, जबकि हिम संस्कृति शोध संस्थान के निदेशक डॉ. यज्ञ दत्त शर्मा इसके संचालन में सहयोग कर रहे हैं। आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण व शोध को नई दिशा प्रदान करेगी। उद्घाटन सत्र का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## दुकान में घुसकर हमला काउंटर के शीशे तोड़े, जान से मारने की दी धमकी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के सिहुंता क्षेत्र में देर शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब दो व्यक्तियों ने एक दुकानदार पर कथित रूप से हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता विनोद कुमार निवासी सिहुंता ने आरोप लगाया है कि जब वह अपनी दुकान बंद कर रहा था, तभी विशाल व राहुल महाजन, दोनों निवासी सिहुंता, उसकी दुकान में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने दुकान के काउंटर के शीशे तोड़ दिए, विनोद कुमार के साथ मारपीट की व उसे जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और व्यापारियों में रोष देखा जा रहा है। इस संबंध में पुलिस थाना सिहुंता में अभियोग संख्या 24/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 332, 352 और 351(2) के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक, जिला चंबा (हि.प्र.) ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रकरण की गहन जांच जारी है और तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। स्थानीय व्यापारियों ने दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# 8 माह से बेबस कौंसल के बाशिंदे

## भारी बरसात से बंद धर्मपुर-कौंसल सड़क अब तक नहीं खुली



भारी बरसात से बंद हुई धर्मपुर-कौंसल सड़क। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**सरकाघाट।** गत वर्ष हुई भारी बरसात के कारण भूस्खलन से बंद हुई धर्मपुर-कौंसल वाया कांडापतन सड़क करीब 8 माह बीत जाने के बाद भी बहाल नहीं हो पाई है।

सड़क बंद होने से क्षेत्र के लोगों को धर्मपुर मुख्यालय तक आने-जाने व रोजमर्रा का सामान लाने-ले जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को अवगत करवाने के बावजूद अभी तक सड़क को खोलने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे क्षेत्र के लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। पैहड़ पंचायत की पूर्व प्रधान मीना भारद्वाज, उपप्रधान नानक चंद भारद्वाज, प्रकाश चंद, सागर चंद, बालम राम और कुलदीप कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कर यातायात के लिए बहाल किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग मंडल धर्मपुर, अंशुमन सोनी ने बताया कि भारी भूस्खलन के कारण सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। एक स्थान पर सड़क का नामोनिशान मिट गया है, जहां डंगा (रिटेनिंग वॉल) लगाने के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कार्य पूरा होते ही सड़क को यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।

# वार्ड नंबर चार से विश्वजीत ने रखी विकास की रूपरेखा

अनंत ज्ञान

**चंबा।** नगर परिषद चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 4 के हटनाला मोहल्ला से उम्मीदवार विश्वजीत मल्होत्रा ने क्षेत्र की जमीनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए विकास का सशक्त खाका प्रस्तुत किया है। जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने वार्ड में व्याप्त मूलभूत सुविधाओं की कमी पर चिंता व्यक्त की।

मल्होत्रा ने बताया कि क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण की समुचित व्यवस्था न होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल की गुणवत्ता को लेकर भी नागरिकों में चिंता बनी हुई है। बिजली की तारों का जंजाल हादसों को न्योता दे रहा है, जबकि सीवरेज और नालियों की बदहाल स्थिति स्वच्छता पर प्रश्नचिह्न लगा रही है। कई स्थानों पर नालियों के ऊपर जालियां क्षतिग्रस्त हैं या अनुपस्थित हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि सड़कों की खस्ताहाल स्थिति, पार्किंग की कमी और वाटर हाइड्रेंट के सुचारू रूप से कार्य न करने से आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त भूमि रिसाव की समस्या मकानों की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई है। उन्होंने चंबा में धीमी गति से हो रहे विकास कार्यों पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक नगरी तेज और योजनाबद्ध विकास की हकदार है। इन समस्याओं के समाधान के लिए विश्वजीत मल्होत्रा ने कई महत्वपूर्ण वादे किए। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे 24 घंटे जनता की सेवा में उपलब्ध रहेंगे व जरूरतमंदों तक आवश्यक दस्तावेज घर-घर पहुंचाए जाएंगे। कूड़ा निस्तारण की प्रभावी



व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी तथा समय-समय पर पेयजल की गुणवत्ता की जांच करवाई जाएगी। उन्होंने बिजली की तारों के जंजाल को समाप्त करने, सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और नालियों पर नई जालियां लगाने का संकल्प लिया। साथ ही वाटर हाइड्रेंट को सुचारू किया जाएगा, पार्किंग की उचित व्यवस्था विकसित की जाएगी और सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर करवाई जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा 'मैं पहले भी समाज से जुड़े मुद्दों को समय-समय पर उठाता रहा हूं। यह मेरा पहला चुनाव है और मेरा लक्ष्य वार्ड नंबर 4 को विकास और सुविधाओं के मामले में आदर्श बनाना है। अंत में उन्होंने जनता से समर्थन की अपील करते हुए कहा, 'फैसला जनता के हाथ में है।

## डलहौजी में लापता व्यक्ति का शव मिलने से मची सनसनी

अनंत ज्ञान

**अजीत सिंह, डलहौजी।** पर्यटन नगरी डलहौजी में पिछले कई दिनों से लापता चल रहे व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नीलकमल उर्फ मिट्ठू (40) निवासी वार्ड नंबर-4, सदर बाजार डलहौजी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 11 अप्रैल को मृतक की पत्नी गीता ने थाना डलहौजी में अपने पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

उन्होंने बताया था कि नीलकमल 3 अप्रैल को बिना बताए घर से चला गया था, जिसके बाद परिजनों द्वारा उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। इसी बीच 16 अप्रैल को प्रातः करीब 10:57 बजे ओक ग्रो क्लब रोड निवासी बलराज खन्ना ने पुलिस को सूचना दी कि उनके घर के पीछे नाली में एक व्यक्ति का सड़ा-गला शव पड़ा है, जिससे दुर्गंध आ रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची व स्थानीय लोगों की मौजूदगी में नाली से शव को बाहर निकाला गया। शव की हालत काफी खराब थी व उसमें कीड़े पड़ चुके थे। कपड़ों व जूतों के आधार पर शव की पहचान नीलकमल के रूप में की गई। बाद में मौके पर पहुंचे परिजनों, पत्नी गीता, पुत्र हिमांशु और पिता योगराज ने भी शव की पुष्टि की। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि नीलकमल की मृत्यु सड़क किनारे ढांक से करीब 40-50 फुट नीचे गिरने के कारण हुई प्रतीत होती है, जिससे वह बहकर नाली में जा गिरा। परिजनों ने भी किसी प्रकार का संदेह व्यक्त नहीं किया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल डलहौजी में करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले में प्रारंभिक तौर पर धारा 194 बीएनएस के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है तथा आगे की जांच जारी है।


**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL NADAUN DISTT HAMIRPUR**

No. MC/NDN/Tender/2026-279 Dated-28/03/2026

**Tender Notice**

Sealed item rate tenders/percentage rate are here by invited by the undersigned on behalf of the Municipal Council Nadaun Distt- Hamirpur HP for the following works from the Govt. approved and eligible contractors registered in appropriate class for the following works. The application for tender forms can be submitted in this Office during working hours before 17/04/2026 upto 2 PM. The tender forms can be purchase from this Office on cash payment as shown below (non-re-fundable) on 18/04/2026 upto to 1:00 PM. The sealed tenders will be received in this Office on 18/04/2026 up to 3:00 PM and will be opened on the same day at 4:00 PM in the presence of the contractors or their authorized representatives who may like to be present.

| Sr. No. | Name of work | Amount Put To Tender (Rs) | Earnest money (Rs) | Cost of tender (Rs) | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Compost Pit for SWM Plant. | 299000/- | 5980/- | 300/- | 3 Months |
| 2. | Construction of Boundary Wall at SWM Plant MC Nadaun Area | 299000/- | 5980/- | 300/- | 3 Months |

**TERMS AND CONDITIONS:- 1.** Specification and Tender condition can be seen in the office of the Municipal Council Nadaun on any working day during office hours up to 2:00 P.M. before one day from the date of opening tenders. **2.** The tender forms will be issued only on the submission of attested copies of the proof of Enlistment & EP.F. Registration in the appropriate class and its renewal if required, Pan, Experience. **3.** Registration under Goods and Service Tax (Compensation to States) Act, 2017. and latest Income Tax clearance certificate. **4.** The contractors are requested subjected to depositing of cost of tender quote the rate of each items in works as well as figures in schedule of quantity in financial bid envelope. **5.** The undersigned reserves the right to accept/reject the tender without any reason. **6.** Ambiguous/Telegraphic/Conditional tender will not be entertained in any case. **7.** If the date of opening of the tenders happens to be holiday, the tenders will be opened on the next day. **8.** All types of taxes /cess etc. as applicable to contractors will be deducted from the bill of work/supply. **9.** The tender must be accompanied with earnest money shown against the work be in the shape of cash/ National saving certificate/FDR of any post Office in(HP) duly pledged in favour of Secretary/Executive Officer Municipal Council Municipal Council Nadaun tender received without earnest money shall not be entertained. **10.** The offer will remain valid up to 90 days from the date of opening tender. **11.** The rates are based on HPPWD SR2020. **12.** Contractor is responsible for the maintenance and repair of the said work for 365 days.

*Executive Officer*
*Municipal Council Nadaun*


# विश्व शांति के लिए 1 से 3 मई तक होगा महासमागम

## भारत-नेपाल के 12 सतलोक आश्रमों में होगा आयोजन, चंबा जिले में पोस्टर-बैनर से प्रचार तेज

अनंत ज्ञान

**भड़ेला।** जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के सानिध्य में विश्व शांति के लिए 1 से 3 मई तक महासमागम का आयोजन किया जाएगा।

भारत सहित नेपाल के करीब 12 सतलोक आश्रमों में एक साथ होने वाले इस महासमागम में लाखों लोगों के पहुंचने की संभावना है। महासमागम में लोगों को आमंत्रित करने के लिए जिला चंबा से संत रामपाल महाराज के अनुयायी इन दिनों जिले के कोने-कोने में पहुंच रहे हैं। अनुयायियों द्वारा जगह-जगह जाकर निमंत्रण पत्र बांटे जा रहे हैं। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर व बैनर लगाकर प्रचार तेज कर दिया है। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों को



चंबा जिले में पोस्टर-बैनर लगाकर प्रचार करते हुए। अनंत ज्ञान

समागम में शामिल होने का न्योता दिया जा रहा है। जिला को-ऑर्डिनेटर अनिल दास ने बताया कि उनके गुरुदेव संत रामपाल महाराज के सानिध्य में विभिन्न सतलोक आश्रमों में 1 से 3 मई तक विश्व शांति के लिए महासमागम का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान संत गरीब दास जी महाराज की अमृतवाणी का 3 दिन तक अखंड पाठ चलेगा। महासमागम का मुख्य उद्देश्य विश्व में शांति स्थापित करना व समाज से बुराइयों को खत्म करना है। इस दौरान दहेज सहित शादियां, रक्तदान शिविर, नशा मुक्ति अभियान जैसे समाज सुधारक कार्य भी होंगे।

उन्होंने जनता से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर पुण्य के भागी बनें। अनिल दास ने बताया कि समागम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन-भंडारे और ठहरने की निशुल्क व्यवस्था रहेगी। चंबा जिले से भी सैकड़ों अनुयायी बसों के माध्यम से सतलोक आश्रम के लिए रवाना होंगे।


क्रमांक : 340 / रीडर
दिनांक: 04/04/2026

**मुशत्री मुनादी**

गुरबचन सिंह पुत्र किरपा सिंह पुत्र हीरा सिंह वासी गांव व डाकघर पंडोगा उप-तहसील ईसपुर जिला ऊना (हि.प्र.)। ...*वादी*

**बनाम** **आम जनता**

....*प्रतिवादी*

दरखास्त बुमराद दरुस्ती जाति राजस्व रिकार्ड उप महाल पंडोगा क्यारियां उप तहसील ईसपुर, जिला ऊना (हि.प्र.)

**नोटिस बनाम प्रतिवादी-** गुरबचन सिंह पुत्र किरपा सिंह पुत्र हीरा सिंह वासी गांव व डाकघर पंडोगा उप-तहसील ईसपुर जिला ऊना (हि.प्र.)। ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र दरुस्ती नाम प्रस्तुत किया कि उप महाल पंडोगा क्यारियां उप तहसील ईसपुर जिला ऊना के राजस्व रिकार्ड में उसके पिता का नाम किरपा राम गलत दर्ज हुआ है जिसकी दरुस्ती करके राजस्व रिकार्ड उप महाल पंडोगा क्यारियां में उसके पिता का नाम किरपा सिंह पुत्र हीरा सिंह वासी गांव व डाकघर पंडोगा दर्ज किया जावे। अतः इस इश्तहार समाचार पत्र के माध्यम से सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को नाम दरुस्ती बारे कोई आपत्ति हो तो वह अपना उजर लिखित या मौखिक तौर पर इस न्यायालय में तारीख पेशी 05.05.2026 प्रातः 10 बजे से लेकर 5 बजे तक प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तारीख पेशी तक उजर प्राप्त न होने की सूरत में यक-तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर नाम दरूरती वारे आदेश पारित कर दिये जायेंगे। निर्धारित तारीख पेशी के उपरान्त कोई भी उजर कावले समायत ना होगा।

**नायव तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता**
**उप तहसील ईसपुर, जिला ऊना (हि.प्र.)**

जो सत्य विषय हैं वे तो सबमें एक से हैं झगड़ा झूठे विषयों में होता है।
–सत्यार्थप्रकाश

## संपादकीय

# महिला आरक्षण की चुनौती

भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की मांग लंबे समय से उठती रही है। इसी दिशा में 2023 में पारित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को एक ऐतिहासिक कदम माना गया, जिसके तहत लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया। यह बदलाव लोकतंत्र को अधिक समावेशी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। हालांकि, इसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया ने कई महत्वपूर्ण प्रश्न भी खड़े कर दिए हैं।

इस अधिनियम में यह स्पष्ट किया गया था कि आरक्षण को लागू करने से पहले देश में नई जनगणना करवाई जाएगी और उसके बाद परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होगी। 2021 में प्रस्तावित जनगणना कोविड-19 महामारी के कारण नहीं हो सकी, जिससे इस कानून का लागू होना भी टल गया। इसी आधार पर विपक्ष और कई विशेषज्ञों ने यह आशंका जताई कि कानून तो पास हो गया, लेकिन इसके लागू होने में काफी समय लग सकता है।

सरकार ने इस स्थिति को देखते हुए नए विधेयकों के माध्यम से समाधान निकालने की कोशिश की है। संविधान का 131वां संशोधन विधेयक, केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक 2026 और परिसीमन विधेयक 2026 इसी दिशा में उठाए गए कदम हैं। इनका उद्देश्य महिला आरक्षण के क्रियान्वयन में आ रही प्रक्रियात्मक बाधाओं को दूर करना है, ताकि इसे जल्द लागू किया जा सके। सरकार की कोशिश है कि इसे 2029 के आम चुनावों से पहले लागू कर दिया जाए।

यहां एक अहम सवाल उठता है कि यदि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना तय है, तो इसे मौजूदा 543 लोकसभा सीटों पर सीधे क्यों नहीं लागू किया जाता? इसका उत्तर राजनीतिक गणित में छिपा है। यदि वर्तमान सीटों में ही यह आरक्षण लागू किया जाता है, तो लगभग 150 से 160 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी, जिससे बड़ी संख्या में मौजूदा पुरुष सांसदों की सीटें प्रभावित होंगी। कोई भी राजनीतिक दल इस तरह के बड़े बदलाव को आसानी से स्वीकार नहीं करना चाहता।

इसी कारण सरकार ने सीटों की संख्या बढ़ाने का विकल्प चुना है। प्रस्ताव के अनुसार लोकसभा की सीटों को बढ़ाकर लगभग 850 तक किया जा सकता है। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं और संविधान में अधिकतम सीमा 550 निर्धारित है। सीटों की संख्या बढ़ाने से महिलाओं को आरक्षण देना आसान होगा और मौजूदा राजनीतिक संतुलन भी काफी हद तक बना रहेगा।

हालांकि, विपक्ष इस प्रस्ताव से पूरी तरह सहमत नहीं है। विपक्षी दल महिला आरक्षण के समर्थन में हैं, लेकिन परिसीमन की प्रक्रिया को लेकर उनकी आपत्तियां हैं। विशेष रूप से 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करने का विरोध किया जा रहा है। उनका मानना है कि इससे राज्यों के बीच प्रतिनिधित्व में असंतुलन आ सकता है। इसके अलावा विपक्ष यह भी चाहता है कि मौजूदा सीटों की संरचना में ही आरक्षण लागू किया जाए, ताकि देरी से बचा जा सके।

महिला आरक्षण कानून का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों पर भी लागू होगा। इससे समाज के सभी वर्गों की महिलाओं को प्रतिनिधित्व का अवसर मिलेगा। साथ ही, आरक्षित सीटों का निर्धारण रोटेशन के आधार पर किया जाएगा, जिससे अलग-अलग क्षेत्रों की महिलाओं को भागीदारी का मौका मिलता रहेगा। वर्तमान में लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगभग 13.6 प्रतिशत है, जो स्पष्ट रूप से कम है, जबकि देश की लगभग आधी आबादी महिलाओं की हैं, उनका राजनीतिक प्रतिनिधित्व इस अनुपात के अनुरूप नहीं है। ऐसे में 33 प्रतिशत आरक्षण इस असंतुलन को दूर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि, केवल आरक्षण से ही पूरी समस्या का समाधान नहीं होगा। वास्तविक सशक्तिकरण तब होगा जब महिलाओं को निर्णय लेने की स्वतंत्रता, राजनीतिक प्रशिक्षण और संसाधनों तक समान पहुंच मिलेगी। कई बार यह भी देखा गया है कि आरक्षित सीटों पर चुनी गई महिलाएं भी स्वतंत्र रूप से निर्णय नहीं ले पातीं। इसलिए राजनीतिक दलों को अपनी सोच में बदलाव लाना होगा और महिलाओं को वास्तविक नेतृत्व के अवसर देने होंगे। बहरहाल, महिला आरक्षण लागू होने से न केवल महिलाओं की संख्या बढ़ेगी, बल्कि नीति निर्माण में भी उनकी भागीदारी मजबूत होगी। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा और सामाजिक कल्याण जैसे मुद्दों को अधिक प्राथमिकता मिलने की संभावना है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | **आज की प्रमुख हस्ती**

## बिलियर्ड्स और स्नूकर खिलाड़ी



गीत सेठी
जन्म : 17 अप्रैल, 1961

**गीत सेठी** भारत के महान बिलियर्ड्स और स्नूकर खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। उनका जन्म 17 अप्रैल 1961 को दिल्ली में हुआ था। उनका पूरा नाम गीत श्रीराम सेठी है। उन्होंने कम उम्र में ही इस खेल के प्रति गहरी रुचि विकसित कर ली थी, हालांकि शुरुआती दिनों में उन्हें क्लब में खेलने की अनुमति नहीं थी। बाद में अहमदाबाद के गुजरात स्पोर्ट्स क्लब में उन्हें खेलने का अवसर मिला, जिसने उनके करियर को नई दिशा दी। गीत सेठी ने 1979 में जूनियर स्तर पर बिलियर्ड्स और स्नूकर दोनों में खिताब जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। 1982 में उन्होंने राष्ट्रीय सीनियर खिताब जीतकर दिग्गज खिलाड़ी माइकल फरेरा को हराया और सुर्खियों में आ गए। 1984 में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप जीती और इंग्लैंड में बिलियर्ड्स में भी सफलता हासिल की। 1985 में दिल्ली में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में उन्होंने बॉब मार्शल को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

उन्होंने अपने करियर में 9 बार विश्व बिलियर्ड्स खिताब जीते और 1987 में 147 अंकों का अधिकतम ब्रेक बनाकर विश्व स्तर पर अपनी पहचान और मजबूत की। उनके नाम कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिताब दर्ज हैं, जिनमें एशियाई खेलों में भी पदक शामिल हैं।

उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें 1986 में अर्जुन पुरस्कार और पद्मश्री से सम्मानित किया गया। इसके अलावा 1992-93 में उन्हें देश का सर्वोच्च खेल सम्मान राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार भी मिला। गीत सेठी भारतीय क्यू स्पोर्ट्स के ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने खेल और अनुशासन से देश का नाम विश्व स्तर पर ऊंचा किया। ■



गजल

## पंचायतां दे इलैकशन आए

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र
बचन सिंह घटबाल
मस्सल, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**पंचायतां** दे इलैक्शन आए, घरें -घरें होदीयां गल्लां।
अपणा-अपणा गणित लगा दे, गुप चुप पौदा हल्ला।।
कुनी खड़ोणा प्रधाने तांई, कुसजो पंच बनाणा।
कुण है भाई चलदा पुरजा, कुसजो थल्लें लाणा।।
हर कोई अपणियां सोचा कन्ने,बुणा दा ताणा बाणा।
कालु तां असां पंच बनाणा,पिछला नी कोई जिताणा।।
नोयां माहणूयां जो मौका देणा, पिछलेयां नी कम्म कमाया।
न कुसी दा डंगा चिण्या, अपणा ही घर बणवाया।।
दिक्खा भाला तिस माहणुए, जो अपणा ही घर भरदा।
पंज साल सैह मौजा लुटदा, कम्म जरा नी करदा।।
खरे माहणुए दा करा सिलैकशन, उसजो ही जितबाणा।
जेहड़ा बजरी सीमेंट खांदा, उसजो थल्लैं लाणा।।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# स्वच्छता: जिम्मेदारी, जागरूकता और जनभागीदारी की अनिवार्यता



वीरेन ठाकुर
गांव भेला, त. लडभड़ोल, जिला मंडी (हि.प्र.) मो. 9418302308
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

किसी ने सच ही कहा है कि सफाई रखना मनुष्य जीवन का महत्वपूर्ण कर्तव्य है, क्योंकि अगर स्वच्छता होगी, तभी असली सुंदरता पनपेगी। स्वच्छता के बिना अच्छे स्वास्थ्य की कामना करना एक मधुर सपने मात्र जैसा है। स्वच्छता को अपनाना और अपने आसपास की सफाई रखना महत्वपूर्ण कदम हैं जिनकी कर्तव्य पालना हमारा उद्देश्य बन जाता है।

हमें सफाई व स्वच्छता की शुरुआत अपने घर से ही करनी होगी। अपने कमरे में सफाई रखना, चीजों को व्यवस्थित तरीके से रखना, शौचालय व स्नानागार को सेनेटाइजड रखना हमारा व्यक्तिगत कर्तव्य है। यह हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम इस विषय को प्राथमिकता दें और केवल सरकार पर निर्भर न रहें, बल्कि हम अपने आप स्वच्छता के प्रति सही कदम उठाएं और लोगों को जागरूक बनाएं। हम सब का यह कर्तव्य बन जाता है कि परिवार में हर सदस्य को यह ध्यान रखने के लिए कहा जाए कि किसी भी प्लास्टिक की थैली या टुकड़े को कूड़ेदान में ही डाला जाए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि घर के आसपास की नालियों में प्लास्टिक जमा ना हो।

यह केवल सरकार की ही जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हमें अपनी जिम्मेदारी खुद समझनी पड़ेगी ताकि बरसात के दिनों में सीवरेज में पानी के प्रवाह में रुकावट न हो और कूड़े और कर्कट की निकासी सही तरीके से की जा सके। बरसात के दिनों में पानी जमा होने से मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया जैसी गंभीर बीमारियां पनपने का खतरा बना रहता है। कई बार समय पर रक्त जांच न होने के कारण मरीज की जान तक भी चली जाती है। हमें नगरपालिका या पंचायत द्वारा नियुक्त किए गए सफाई कर्मचारियों का सहयोग करने की कड़ी में गीले व सूखे कचरे को अलग रखकर कूड़ेदान में डालना चाहिए। अगर हम मार्केट के क्षेत्र की बात करें तो दुकानदारों का भी यह दायित्व है कि अपने ग्राहकों को निर्देशित करें कि जो संबंधित प्लास्टिक या अन्य कूड़ा कर्कट होता है उसे कूड़ादान में ही डालें उसके लिए वह थोड़े से बजट में ही कूड़े के निपटारण के लिए कूड़ा दान रख सकते हैं और यह एक अच्छा संदेश भी होगा।

ऐसी शुरुआत करना अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन सकता है। बच्चों को भी हमें निर्देशित करना चाहिए कि वह कूड़ा, कूड़ेदान में ही फैंकें। बच्चों की जागरूकता समाज के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बन सकती है। बच्चे नुक्कड़ नाटकों के द्वारा समाज को जागरुक कर सकते हैं। अभी हाल ही में एक रोचक घटना सामने आई है, जिसके अंतर्गत अगस्त 2025 में गुरुग्राम में मल्टी नेशनल कंपनियों में काम करने वाले विदेशी नागरिकों ने कचरा साफ किया। उन्होंने मेट्रो के पास नालों की सफाई की, इस सराहनीय और प्रेरणादाई कदम ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। स्वच्छता के महत्व को बड़ी बारीकी से समझते हुए उन्होंने कहा कि यह शहर बहुत ही सुंदर और आकर्षक है, लेकिन गंदगी के कारण सुंदरता कम हो रही है। इन विदेशी नागरिकों का पर्यावरण से विशेष लगाव है तभी तो एमएनसी में लाखों रुपए महीने के पैकेज पर काम करने के बावजूद खुद सफाई करने सड़कों पर उतर आए और पर्यावरण के संरक्षण के लिए एक नई मुहिम की शुरुआत कर दी।




द्रोणाचार्य मेट्रो स्टेशन के आसपास हाल ही में एक प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब लगभग 20 विदेशी नागरिकों के समूह ने मिलकर गंदगी से भरे इलाके को साफ कर दिया। जहां पहले कचरे से भरे नाले और गंदगी का अंबार था, वहां कुछ ही घंटों में सफाई कर दी गई। इस अभियान में सर्बिया के नजार और फ्रांस की मटिंदा जैसे लोग शामिल थे, जिन्होंने न केवल श्रमदान किया, बल्कि एक महत्वपूर्ण संदेश भी दिया। नजार का सुझाव था कि यदि हर व्यक्ति अपने घर या दुकान के सामने मात्र दो मीटर क्षेत्र को साफ रखे, तो शहर को स्वच्छ बनाए रखना कठिन नहीं होगा।

भारत में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत कई महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं। खुले में शौच मुक्त अभियान, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, 'स्वच्छता ही सेवा' और नमामि गंगे जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से देश को स्वच्छ बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इन पहलों का उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि लोगों की सोच और व्यवहार में बदलाव लाना भी है। इसके बावजूद, कुछ लोगों की लापरवाही और असहयोग के कारण इन योजनाओं का अपेक्षित प्रभाव नहीं दिख पाता।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के परिणाम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत देते हैं। इंदौर ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे स्थान पर रहे। इसके विपरीत शिमला की रैंकिंग गिरकर 347 हो गई, जो एक चिंताजनक स्थिति को दर्शाती है। वहीं ठियोग ने कचरा प्रबंधन में बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया, जो जनभागीदारी और स्थानीय प्रयासों का सकारात्मक उदाहरण है। इन उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि स्वच्छता केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। यदि नागरिक अपने आसपास की सफाई के प्रति जागरूक हों और जिम्मेदारी निभाएं, तो बड़े बदलाव संभव हैं। स्वच्छता केवल बाहरी सुंदरता नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन और बेहतर पर्यावरण की आधारशिला है।

यह समझना जरूरी है कि स्वच्छ भारत का सपना तभी साकार होगा जब हर व्यक्ति इसे अपना कर्तव्य माने। छोटे-छोटे प्रयास, जैसे अपने आसपास सफाई रखना, कचरा सही स्थान पर डालना और दूसरों को भी जागरूक करना, बड़े बदलाव का आधार बन सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बढ़ते अपराध और घटता भय: आखिर कब मिलेगा बेटियों को न्याय?



श्याम के. शर्मा
परागपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश
मोबाइल : 8580958021
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला के गोपालपुर महाविद्यालय की 19 वर्षीय छात्रा सिया गुलेरिया जघन्य हत्याकांड ने एक बार फिर देवभूमि हिमाचल को शर्मशार करके रख दिया है। अपराधी विकास को तो पकड़ लिया है, लेकिन क्या पकड़ने मात्र से अपराध कम हो सकेंगे? यह एक विचारणीय प्रश्न है। महिलाओं पर अत्याचारों का सिलसिला रुक नहीं रहा। अपराध वर्ष प्रति बर्ष बढ़ रहे हैं। आक्रामक अपराधियों के मन में अपराध के प्रति जो भय होना चाहिए था वो भय नहीं बन पा रहा है। इस कारण भविष्य में महिलाओं पर अत्याचार कम हो सकेंगे ऐसी कोई संभावना दिख नहीं रही है।

प्रश्न उठता है कि प्रदेश में कई बेटियां सुबह सवेरे अपने शिक्षण संस्थान के लिए तो कामकाजी महिलाएं अपने कार्यस्थल के लिए प्रतिदिन निकलती है। क्या सोचकर निकली होगी सिया? क्या-क्या सपने संजोए होंगे सिया के परिवारजनों ने? क्या गुजरी होगी सिया के मां बाप पर जब उन्हें अचानक सिया हत्याकांड की जानकारी मिली होगी? इसे एक परिवार की समस्या नहीं कहा जा सकता यह समस्या समाज की है। यह समस्या हमारे शांत प्रदेश हिमाचल की है।

अगर इस प्रकार के अपराधी को ऐसी सजा अतीत में मिली हो जिसकी कल्पना मात्र से अपराधियों की पेंट गीली हो जाए। अपराध करने की कल्पना मात्र से ही अपराध करने की सोचने वाले का रोम रोम खड़ा हो जाए। जब तक ऐसी सजा इस प्रकार के अपराधी को नहीं मिलती है अपराध कम शायद ही हों।

इसी के अभाव के कारण शांत हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष प्रति बर्ष महिलाओं पर अपराध बढ़े हैं। अपराध क्यों बढ़े हैं इस पर गंभीरता से सोचना होगा। और कोई सशक्त सजायात्मक प्रावधान करना होगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो 2022 में 1605 मामले दर्ज हुए, जो 2023 में बढ़कर 1659 हो गए। 2024 में मामूली गिरावट के साथ यह 1645 रहा, लेकिन 2025 में फिर तेजी से बढ़कर 1820 तक पहुंच गया। यदि केवल तीन प्रमुख अपराधों की बात करें, तो दुष्कर्म के 397, अपहरण के 459 और छेड़छाड़ के 319 मामले सामने आए। यह स्थिति भविष्य के लिए भी चिंताजनक संकेत देती है। सरकार, पुलिस, प्रशासन, विपक्ष और मीडिया-सभी अपनी-अपनी भूमिका में सक्रिय दिखाई देते हैं, फिर भी अपराधों में कमी नहीं आ रही।




कैंडल मार्च, रैली, धरना और प्रदर्शन विरोध के प्रतीक तो हैं, पर इनसे स्थायी समाधान नहीं निकल रहा। हाल की कई घटनाएं-दिनदहाड़े हत्या, दुष्कर्म, छेड़छाड़-यह दिखाती हैं कि आक्रोश कुछ दिनों में शांत हो जाता है, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी रहती है।

समाधान के लिए ठोस और योजनाबद्ध कदम जरूरी हैं। फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से जघन्य अपराधों का समयबद्ध निपटारा होना चाहिए। पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए, महिला थानों को मजबूत किया जाए और सीसीटीवी व्यवस्था का विस्तार किया जाए। साथ ही, जांच प्रक्रिया तेज और प्रभावी होनी चाहिए, ताकि अपराधियों में कानून का डर बने। सिर्फ कड़ी सजा ही नहीं, बल्कि सजा का निश्चित और शीघ्र होना अधिक महत्वपूर्ण है।

इसके साथ ही समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना अनिवार्य है। जागरूकता अभियान और आत्मरक्षा प्रशिक्षण सहायक हो सकते हैं, लेकिन मूल जिम्मेदारी समाज और व्यवस्था की ही है। यह केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की समस्या है। सामूहिक सोच और निरंतर प्रयासों से ही इसका स्थायी समाधान संभव है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सिया की चीख से गूंजता हिमाचल: कानून, समाज और नशे के नेटवर्क पर कठोर सवाल



अतुल ठाकुर
स्वतंत्र लेखक, सरकाघाट
मोबाइल : 6239822304
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश : देवभूमि, शांति और सादगी की पहचान। कभी यहां की सबसे बड़ी ताकत यही मानी जाती थी कि लोग खुद को सुरक्षित महसूस करते थे-खासकर बेटियां, लेकिन आज वही हिमाचल एक ऐसे सवाल के सामने खड़ा है, जिसका जवाब देना आसान नहीं है। सरकाघाट की बेटी सिया गुलेरिया की निर्मम हत्या ने न सिर्फ एक परिवार को तोड़ा है, बल्कि पूरे समाज को भीतर तक हिला दिया है। यह सिर्फ एक लड़की की हत्या नहीं, बल्कि उस भरोसे का टूटना है, जिस पर हम सालों से गर्व करते आए हैं।

एक साधारण दिन, एक साधारण सफर और फिर सब कुछ खत्म। सिया अपने सपनों को लेकर घर से निकली थी, जैसे हर बेटी निकलती है, लेकिन जिस बेरहमी से उसकी जिंदगी छीन ली गई, उसने हर मां-बाप के मन में डर बैठा दिया है। आज हर घर में यही सवाल गूंज रहा है-क्या हमारी बेटियां अब सच में सुरक्षित नहीं रहीं? सिया की हत्या ने कानून व्यवस्था पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि अपराधियों के मन से डर आखिर खत्म कैसे हो गया? दिनदहाड़े इस तरह की वारदात होना यह बताता है कि कहीं न कहीं सिस्टम कमजोर पड़ा है। अक्सर हम देखते हैं कि घटना के बाद पुलिस सक्रिय हो जाती है, जांच शुरू होती है, बयान आते हैं, लेकिन क्या यह काफी है? क्या हम अपराध होने के बाद ही जागते रहेंगे, या उसे रोकने के लिए भी कुछ ठोस करेंगे?

एक और कड़वी सच्चाई, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, वह है-नशे का बढ़ता जाल। पिछले कुछ सालों में हिमाचल के कई हिस्सों में चिट्टा और अन्य नशीले पदार्थों ने जिस तरह पैर पसारे हैं, वह बेहद चिंताजनक है। युवा, जो इस प्रदेश की ताकत हैं, वही धीरे-धीरे इस दलदल में फंसते जा रहे हैं। नशा सिर्फ एक आदत नहीं रहता, वह इंसान की सोच, उसका व्यवहार और उसका विवेक सब कुछ बदल देता है। ऐसे में अपराध बढ़ना कोई आश्चर्य की बात नहीं रह जाती। यह सवाल उठना भी लाजिमी है कि क्या सिया जैसी घटनाओं के पीछे यह बिगड़ता सामाजिक माहौल भी कहीं न कहीं जिम्मेदार है?



अगर हां, तो फिर हमें सिर्फ एक घटना पर प्रतिक्रिया देने के बजाय पूरी तस्वीर को समझना होगा। नशा माफिया का फैलता नेटवर्क कोई छोटी समस्या नहीं है। गांवों तक इसकी पहुंच इस बात का संकेत है कि यह केवल कानून का मुद्दा नहीं, बल्कि इच्छाशक्ति और व्यवस्था दोनों की परीक्षा है।

सरकार से सवाल पूछना जरूरी है, और यह समय वही है। क्या सिया को जल्दी न्याय मिलेगा? क्या दोषियों को ऐसी सजा मिलेगी, जो दूसरों के लिए उदाहरण बने? क्या महिलाओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे, या फिर यह मामला भी समय के साथ ठंडा पड़ जाएगा? सिर्फ सरकार को कठघरे में खड़ा कर देना भी पर्याप्त नहीं है। समाज को भी खुद से सवाल करने होंगे। क्या हम अपने आसपास हो रही गलत चीजों को नजरअंदाज नहीं कर रहे? क्या हम अपने बच्चों, खासकर युवाओं, पर पर्याप्त ध्यान दे रहे हैं? क्या हम नशे के खिलाफ खुलकर खड़े हो पा रहे हैं? एक मजबूत समाज ही मजबूत व्यवस्था की नींव होता है। आज सिया की चीख सिर्फ उसके घर तक सीमित नहीं रही। वह हर उस इंसान के दिल में गूंज रही है, जो इस प्रदेश से प्यार करता है। यह चीख हमसे जवाब मांग रही है-और शायद यह भी देख रही है कि हम कितनी देर तक खामोश रहते हैं।

हिमाचल की खूबसूरती सिर्फ उसकी वादियों में नहीं, बल्कि उसके लोगों के दिलों में बसती है। अगर वहां डर घर करने लगे, तो यह खूबसूरती अधूरी हो जाएगी। सिया को न्याय दिलाना हम सबकी जिम्मेदारी है। नशे के खिलाफ लड़ाई सिर्फ सरकार की नहीं, बल्कि हम सबकी है। और सबसे जरूरी-हर बेटी को यह भरोसा दिलाना कि वह यहां सुरक्षित है, क्योंकि सिया की चीख अब सिर्फ एक आवाज नहीं है, यह हिमाचल की अंतरात्मा की आवाज बन चुकी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल में नशे का बढ़ता प्रभाव और सुरक्षा पर उठते सवाल



केशव शर्मा 'रसिक'
स्वतंत्र लेखक, गांव कोटला घुमारवीं, मो : 9417379327
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश को देवभूमि कहा जाता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में समाज के इस पवित्र चेहरे पर कुछ ऐसे दाग भी दिखाई देने लगे हैं, जो चिंताजनक हैं। अपराधों में बढ़ोतरी, सामाजिक मूल्यों का ह्रास और मानवीय संवेदनाओं का क्षरण, यह सवाल खड़ा करता है कि आखिर देवभूमि में भी इंसान हैवान क्यों बनता जा रहा है?

आज का दौर भौतिक सुख-सुविधाओं की अंधी दौड़ का दौर है। पहले जहां संतोष और सादगी जीवन का आधार थे, वहीं अब पैसा और दिखावा प्राथमिकता बन चुके हैं। जब व्यक्ति अपनी इच्छाओं और जरूरतों के बीच संतुलन खो देता है, तो वह गलत रास्तों की ओर बढ़ सकता है। यह मानसिकता धीरे-धीरे अपराधों को जन्म देती है।

देवभूमि में भी नशे का जाल फैलता जा रहा है। युवा वर्ग तेजी से इसकी चपेट में आ रहा है। नशा न केवल व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को कमजोर करता है, बल्कि उसे हिंसा और अपराध की ओर भी धकेलता है। कई घटनाओं में देखा गया है कि अपराध के पीछे नशे की भूमिका प्रमुख होती है।

पहले संयुक्त परिवारों में बच्चों को संस्कार, अनुशासन और सहनशीलता सिखाई जाती थी, लेकिन अब एकल परिवारों और व्यस्त जीवनशैली के कारण बच्चों को वह मार्गदर्शन नहीं मिल पाता। माता-पिता के पास समय की कमी और डिजिटल दुनिया का प्रभाव बच्चों के व्यवहार को बदल रहा है।

युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी और भविष्य को लेकर अनिश्चितता भी एक बड़ा कारण है। जब मेहनत के बावजूद सफलता नहीं मिलती, तो निराशा और हताशा व्यक्ति को गलत कदम उठाने के लिए प्रेरित कर सकती है।

इसके अलावा सोशल मीडिया ने जहां दुनिया को जोड़ने का काम किया है, वहीं



इसके दुष्प्रभाव भी सामने आ रहे हैं। हिंसक कंटेंट, गलत आदर्श और दिखावे की संस्कृति युवाओं को भ्रमित कर रही है। लोग वास्तविक जीवन से अधिक आभासी दुनिया में खोते जा रहे हैं, जिससे उनकी संवेदनाएं कमजोर हो रही हैं।

जब अपराधियों को समय पर और सख्त सजा नहीं मिलती, तो समाज में कानून का डर कम हो जाता है। इससे अपराध करने वालों के हौसले बुलंद होते हैं और वे बार-बार ऐसे कृत्य करने लगते हैं। स्थिति चाहे कितनी भी गंभीर क्यों न हो, सुधार के रास्ते हमेशा खुले होते हैं। इसके लिए जहां परिवार और शिक्षा संस्थानों को मिलकर बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास करना होगा, वहीं समाज और सरकार को भी मिलकर नशे के खिलाफ सख्त कदम उठाने होंगे।

युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अधिक अवसर प्रदान करने होंगे।अपराधियों को त्वरित और कड़ी सजा मिलनी चाहिए तथा लोगों को अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना भी जरूरी है। देवभूमि की पहचान केवल उसकी प्राकृतिक सुंदरता से नहीं, बल्कि यहां के लोगों के चरित्र और संस्कारों से भी है।

यदि इंसान अपने भीतर की मानवता को खो देगा, तो यह पवित्र भूमि भी अपनी असली पहचान खो देगी। इसलिए जरूरी है कि हम आत्मचिंतन करें और अपने भीतर छिपे इंसान को जिंदा रखें, ताकि देवभूमि की पवित्रता और गरिमा सदैव बनी रहे,क्योंकि जब तक इंसान इंसान बना रहेगा, तभी तक देवभूमि सच मायनों में देवभूमि कहलाएगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# रुपांशी शर्मा बनीं मिस मंडी

अनंत ज्ञान



◆ चप्पराहन गांव की 19 वर्षीय बेटी ने बढ़ाया अपने क्षेत्र का मान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के खूबसूरत गांव चप्पराहन की 19 वर्षीय रुपांशी शर्मा ने अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए मिस मंडी 2026 का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम कर लिया है। यह सफलता उनकी प्रतिभा के साथ-साथ उनके मजबूत पारिवारिक मूल्यों की भी झलक पेश करती है। रुपांशी, दलीप कुमार और प्रमिला शर्मा की सुपुत्री हैं। वह अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के संस्कार, त्याग और अटूट विश्वास को देती हैं। उनके अनुसार, उनका परिवार ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है, जिसने उन्हें बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का साहस दिया।

रुपांशी ने अपनी स्कूली शिक्षा डीएवी गोहर से पूरी की और वर्तमान में श्री साई यूनिवर्सिटी, पालमपुर से बैचलर ऑफ फार्मेसी की पढ़ाई कर रही हैं। पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने मॉडलिंग के क्षेत्र में भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने मात्र 18 वर्ष की आयु में मॉडलिंग की शुरुआत की और अपनी कड़ी मेहनत व समर्पण से कई प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इनमें मिस धौलाधार (टॉप 10), मिस पालमपुर (टॉप 5), मिस विंटर क्वीन फाइनलिस्ट और मिस नॉर्दर्न सेमीफाइनलिस्ट जैसे महत्वपूर्ण मुकाम शामिल हैं।

# सिया हत्याकांड: फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो सुनवाई, पूर्व सैनिकों ने उठाई आवाज

## डीजीपी को सौंपा ज्ञापन, आरोपी को मिले कड़ी सजा, नशे के खिलाफ कार्रवाई की अपील

अनंत ज्ञान




रैली निकालते हुए पूर्व सैनिक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**सरकाघाट।** मंडी जिला के सरकाघाट उपमंडल के गोपालपुर क्षेत्र में 19 वर्षीय छात्रा सिया की निर्मम हत्या के मामले ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। इस जघन्य घटना को लेकर यूनाइटेड फ्रंट ऑफ एक्स-सर्विसमैन हिमाचल प्रदेश, आईईएसएल तथा विभिन्न सैनिक कल्याण समितियों के पूर्व सैनिकों ने एकजुट होकर एसडीएम सरकाघाट राजिंद्र गौतम के माध्यम डीजीपी को ज्ञापन सौंपा है।

उन्होंने मामले में त्वरित हस्तक्षेप करते हुए केस की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की मांग उठाई है। ज्ञापन में पूर्व सैनिकों ने बताया कि 13 अप्रैल की सुबह सिया, जो नैण गांव की रहने वाली थी, अपने कॉलेज के लिए निकली थी। इसी दौरान गोपालपुर के पास एक युवक ने तेजधार हथियार से उस पर हमला कर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी। इस दौरान सिया ने खुद को बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन आरोपी ने कई वार कर उसकी जान ले ली। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र में दहशत और गहरा आक्रोश फैल गया है। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी विकास पाटियाल को मौके पर ही पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि आरोपी नशे का आदी है, जिससे क्षेत्र में बढ़ते नशे के खतरे और कानून व्यवस्था की कमजोरी उजागर होती है। पूर्व सैनिकों ने कहा कि नशे के आदी लोगों पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है, ताकि भविष्य में ऐसे जघन्य अपराधों को रोका जा सके। पूर्व सैनिकों ने यह भी कहा कि उन्होंने देश की सुरक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया है और आज समाज में बेटियों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता है। उन्होंने मांग की कि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो तथा दोषी को कड़ी और उदाहरणीय सजा दी जाए। साथ ही प्रशासन से नशे के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। इस मौके पर कैप्टन जगदीश वर्मा, कैप्टन प्यार चंद, कैप्टन रमेश तपवाल, सुवेदार रामेश्वर, हवलदार कर्मसिंह, नायव सुवेदार अमृतलाल रमेश भारद्वाज आदि पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके अलावा बहुत से पूर्व सैनिक व वीरनारियों उपस्थिति दर्ज करवाई।

# पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने सिया के परिवार को दी डेढ़ लाख की सहायता




पीड़ित परिवार से मुलाकात करते हुए जयराम व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल की ठाणा पंचायत के नैण गांव में हुए बहुचर्चित हत्याकांड के संदर्भ में आज नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, स्थानीय विधायक दलीप ठाकुर तथा अन्य जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान सभी नेताओं ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत निंदनीय और हृदय विदारक है, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

जयराम ने परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन देते हुए कहा कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और मामले की निष्पक्ष व शीघ्र जांच सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग भी की। इस अवसर पर जयराम ठाकुर द्वारा पीड़ित परिवार को 1,50,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई, जबकि विधायक दलीप ठाकुर ने 30,000 की अतिरिक्त सहायता दी।

इस दौरान विधायक अनिल शर्मा, विधायक राकेश जम्वाल, विधायक विनोद कुमार, विधायक त्रिलोक जम्वाल, विधायक इंद्र सिंह गांधी, विधायक पूर्ण चंद ठाकुर, विधायक इंद्र दत्त लखनपाल, रजत ठाकुर, को-ऑपरेटिव बैंक के निदेशक प्रियव्रत शर्मा, जिला अध्यक्ष निहाल सिंह, प्रदेश भाजपा सचिव प्रियंका शर्मा तथा जिला महामंत्री ओम प्रकाश नायक भी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### शंकराचार्य जयंती पर आज निकलेगी शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी के वेदांत कुटीर में 17 अप्रैल से जगद्गुरु शंकराचार्य जयंती का पांच दिवसीय आयोजन शुरू हो रहा है। शुक्रवार सुबह 10 बजे आचार्य पूजन के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा, जिसके बाद 11 बजे शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से कई संत-महात्मा भाग लेंगे। कार्यक्रम के तहत 18 अप्रैल को कर्मयोग, 19 अप्रैल को भक्तियोग और 20 अप्रैल को ज्ञानयोग सम्मेलन आयोजित होंगे। 21 अप्रैल को मुख्य उत्सव में संतों के प्रवचन, सन्यास दीक्षा और उत्तराधिकारी की घोषणा की जाएगी। दोपहर 1 बजे भंडारे का आयोजन होगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### कबड्डी खिलाड़ियों को मिले डीएसपी पद: टेकचंद



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी भावना ठाकुर को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा हिमाचल दिवस पर 'युवा प्रेरणा स्रोत अवार्ड' से सम्मानित किए जाने पर जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष टेकचंद शर्मा ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की बेटियों ने कबड्डी में राज्य का नाम रोशन किया है और यह सम्मान पूरे खेल जगत के लिए गर्व का विषय है। टेकचंद शर्मा ने मांग की कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कबड्डी खिलाड़ियों भावना ठाकुर और अन्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हिमाचल पुलिस में डीएसपी जैसे पदों से सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा की तर्ज पर हिमाचल में भी खिलाड़ियों को सरकारी सेवाओं में उचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए, जिससे युवाओं का मनोबल बढ़े और वे नशे से दूर रहकर खेलों की ओर अग्रसर हों।

### बीडीओ कार्यालय का गेट व मार्ग बना शौचालय

**अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** सुंदरनगर में बीडीओ कार्यालय को जाने वाला जवाहर पार्क से सटा मार्ग और मुख्य गेट बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। यहां खुले में पेशाब किए जाने के कारण पूरा क्षेत्र मूत्रालय में तब्दील हो गया है, जिससे लोगों को नाक ढककर गुजरना पड़ रहा है। जवाहर पार्क में लगे हाट बाजार के चलते यह समस्या और बढ़ गई है, जहां आने-जाने वाले लोग सार्वजनिक स्थानों पर ही शौच के लिए मजबूर हो रहे हैं। लगभग एक महीने से अधिक समय से यह स्थिति बनी हुई है, जिससे आसपास गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। स्थानीय लोगों ने डीसी मंडी से स्वच्छता व्यवस्था सुधारने व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### 120 कर्मियों ने 2.5 क्विंटल कचरा किया एकत्रित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय प्रयोगशाला सुंदरनगर ने नगर परिषद के सहयोग से हिमाचल दिवस पर स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान आयोजित किया। 'स्वच्छ जल-सुरक्षित पर्यावरण, स्वस्थ जीवन' थीम के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को जल प्रदूषण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान नरेश चौक, बस स्टैंड और अंबेडकर नगर सहित कई स्थानों पर सफाई गतिविधियां चलाई गईं। इसमें करीब 120 सफाई कर्मियों और अधिकारियों ने भाग लिया तथा लगभग 2.5 क्विंटल कचरा एकत्रित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि जल स्रोतों में कचरा फेंकना गंभीर खतरा है और स्वच्छता अपनाना सभी की जिम्मेदारी है।

### चौहार-छोटाभंगाल घाटी में खुले आदर्श पाठशाला

**अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार और छोटाभंगाल घाटी के लोगों ने क्षेत्र में आदर्श पाठशाला स्थापित करने की मांग एक बार फिर जोर-शोर से उठाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार ने क्षेत्र में स्कूल और छोटाभंगाल के मुल्थान में महाविद्यालय तो खोले हैं, लेकिन अब तक कोई आदर्श पाठशाला नहीं बनाई गई है। इससे दुर्गम क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर शिक्षा सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। लोगों ने बताया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में बरोट को केंद्र मानकर आदर्श पाठशाला खोलने की प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई। स्थानीय नागरिकों ने सरकार से मांग की है कि दोनों घाटियों के मध्य क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर आदर्श पाठशाला स्थापित की जाए, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

### भेड़पालकों को ऊन-कंबल को नहीं मिल रहा बाजार

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** चौहार और छोटाभंगाल घाटी में भेड़पालकों का पारंपरिक रोजगार गंभीर संकट में है। ऊन और उससे बने कंबलों को उचित दाम और बाजार न मिलने से यह व्यवसाय धीरे-धीरे खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। भेड़पालकों का कहना है कि उनके द्वारा तैयार किए गए ऊनी उत्पाद अब घरों तक ही सीमित रह गए हैं और बाजार में उनकी मांग बेहद कम है। छोटाभंगाल के कोठी कोहड़ गांव के भेड़पालक शेर सिंह ने बताया कि सरकारी सहायता के अभाव में यह काम घाटे का सौदा बन गया है। उन्होंने कहा कि कमाई कम और मेहनत अधिक होने के कारण अब कई लोग इस पुश्तैनी व्यवसाय को छोड़कर मजदूरी करने को मजबूर हैं। भेड़पालकों ने सरकार से आधुनिक मशीनों पर सब्सिडी व उचित बाजार उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि यह पारंपरिक आजीविका फिर से जीवित हो सके।

### आयुक्त ने की स्वच्छता व कचरा प्रबंधन पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी द्वारा सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं प्रतिनिधियों के साथ नगर निगम सभागार में स्वच्छता एवं क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता आयुक्त नगर निगम मंडी रोहित राठौर ने की। इसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कचरे के पृथक्करण और स्वच्छता नियमों पर विस्तार से जानकारी दी गई। आयुक्त ने कहा कि घर, विद्यालय और सार्वजनिक स्थानों पर कचरे का सही पृथक्करण स्वच्छ शहर की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने बताया कि शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह द्वारा 'क्लीन मंडी, ग्रीन मंडी 2026' अभियान की शुरुआत 15 अप्रैल को सेरी मंच से की गई थी। कार्यशाला में विद्यालयों को छात्रों के माध्यम से स्वच्छता विषय पर लघु वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया पर साझा करने के लिए प्रेरित किया गया। यह अभियान 15 मई 2026 तक जारी रहेगा और इसका उद्देश्य व्यापक जनजागरूकता फैलाना है।

# किरतपुर-मनाली फोरलेन पर बस सवार युवक 215 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** मंडी जिला के पुलिस थाना धनोटू क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने किरतपुर-मनाली फोरलेन पर स्थित तरोट बस अड्डा के पास नाकाबंदी के दौरान एक आरोपी को 215 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस थाना धनोटू की टीम हेड कांस्टेबल विनय कुमार के नेतृत्व में गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पंजाब रोडवेज की कुल्लू से चंडीगढ़ जा रही बस को जांच के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान सीट नंबर 32 पर बैठे एक व्यक्ति के बैग से 215 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान भादर सिंह (36) पुत्र मान सिंह निवासी जिला कुल्लू के रूप में हुई है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी को वीरवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। एसपी मंडी विनोद कुमार ने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### 350 ग्राम चरस के साथ दो युवक दबोचे

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर पुलिस थाना की टीम ने पुंघ क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए 350 ग्राम चरस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। नियमित चेकिंग के दौरान बाइक (एचपी17एच1722) को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें नशीला पदार्थ बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके पर ही हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान प्रिंस (23), निवासी सलोनी, डाकघर कठयाना, तहसील बड़सर और साहिल चौधरी (22), निवासी शौर, तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने बाइक भी जब्त कर ली है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि चरस की खेप कहां से लाई गई थी और कहां सप्लाई की जानी थी।

# सीबीएसई स्कूल चौंतड़ा में अब तक 585 बच्चों ने लिया प्रवेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रदेशभर में निजी स्कूलों को छोड़ विद्यार्थी अब सरकारी स्कूलों में दाखिला ले रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों को सीबीएसई से मान्यता करवाने के बाद सरकारी स्कूलों में रिकॉर्ड तोड़ दाखिला हो रहा है। मंडी जिला की सीबीएसई से मान्यता प्राप्त पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा में प्रवेश प्रक्रिया चली हुई है और अब तक 585 विद्यार्थियों ने दाखिला ले लिया है, जिसमें 100 से अधिक छात्र व छात्राएं शामिल हैं, जिन्होंने निजी स्कूलों को अलविदा कहकर चौंतड़ा स्कूल को चुना है। बता दें कि चौंतड़ा स्कूल के होनहार शिक्षा के अलावा खेल के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा रहे हैं। अब सीबीएसई की मान्यता मिलने के बाद चौंतड़ा स्कूल में रोजाना अनेक होनहार दाखिला ले रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि 16 अप्रैल तक 585 बच्चों ने अपना एडमिशन ले लिया है, जिसमें 100 से अधिक बच्चे निजी स्कूलों को छोड़ कर आए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल में पिछले साल की अपेक्षा छात्र संख्या में वृद्धि दर्ज की गई।उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द अपने बच्चों को सीबीएसई से मान्यता प्राप्त पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा में प्रवेश लें क्योंकि छात्रों की हर कक्षा में 80 की संख्या है । उन्होंने बताया की सत्र 2026-27 में नर्सरी कक्षा से लेकर जमा दो तक हिंदी और इंग्लिश दोनों मीडियम में पढ़ाई मुहैया करवाई जाएगी।

# जल संकट के बीच लापरवाही उजागर, धनोटू में सरकारी पानी से हो रही गाड़ियों की धुलाई

अनंत ज्ञान




धनोटू के सरकारी कार्यालय में गाड़ियों की धुलाई के लिए इस्तेमाल किया जा रहा पानी। अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** धनोटू के एक सरकारी कार्यालय परिसर में पानी की खुलेआम बर्बादी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, यहां सरकारी पानी का उपयोग गाड़ियों की धुलाई के लिए किया जा रहा है, जबकि क्षेत्र में पानी की कमी को लेकर लोग पहले ही परेशान हैं। नाचन विधानसभा क्षेत्र के इस हिस्से में एक व्यक्ति को सरकारी परिसर में पाइप लगाकर लंबे समय तक एक-दो गाड़ियों को धोते हुए देखा गया। यह दृश्य स्थानीय लोगों के लिए चिंता का विषय बन गया है, क्योंकि जहां एक तरफ लोग पानी की बूंद-बूंद के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ इस तरह पानी का दुरुपयोग हो रहा है।

स्थानीय बुद्धिजीवियों का कहना है कि सरकारी पानी से गाड़ियों की धुलाई का यह सिलसिला काफी समय से चल रहा है, लेकिन इसे रोकने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग और प्रशासन इस मुद्दे पर मूकदर्शक बने हुए हैं, जिससे ऐसी लापरवाही को बढ़ावा मिल रहा है।

लोगों ने जिला प्रशासन, विशेषकर डीसी मंडी से मांग की है कि इस तरह हो रही पानी की बर्बादी को तुरंत रोका जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि जल संकट के समय इस तरह की लापरवाही पर अंकुश लगाया जा सके।

# स्मार्ट मीटर स्थापना में सहयोग करें उपभोक्ता

## आरडीएसएस योजना के तहत प्रदेश में लग रहे मीटर, कोई अतिरिक्त भार नहीं

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल-1 मंडी नरेश ठाकुर ने बताया कि भारत सरकार की संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के अंतर्गत प्रदेश में स्थापित पारंपरिक विद्युत मीटरों को चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट मीटर से प्रतिस्थापित किया जा रहा है। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं पर किसी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं डाला जा रहा है। यह कार्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत अधिकृत एजेंसी अप्रावा हमीरपुर स्मार्ट मीटर प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 163 (1) के तहत लाइसेंसी अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि को उचित सूचना देकर किसी भी परिसर में प्रवेश कर मीटर की जांच, मरम्मत अथवा प्रतिस्थापन करने का अधिकार है। धारा 163 (3) के अनुसार यदि कोई उपभोक्ता अधिकृत अधिकारी को परिसर में प्रवेश या कार्य करने से रोकता है, तो लिखित सूचना देने के 24 घंटे पश्चात विद्युत आपूर्ति को अस्थायी रूप से विच्छेदित किया जा सकता है।

### कुछ स्थानों पर नहीं मिल रहा सहयोग

**नरेश** ठाकुर ने कहा कि हाल ही में यह संज्ञान में आया है कि कुछ स्थानों पर उपभोक्ताओं द्वारा अधिकृत कर्मचारियों या एजेंसी को परिसर में स्थापित पुराने मीटर को बदलने की अनुमति नहीं दी जा रही है, जिससे विद्युत वितरण लाइसेंसी हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के विधिसम्मत कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (मीटरों की स्थापना एवं संचालन) संशोधन विनियम, 2026 के अनुसार जिन क्षेत्रों में संचार नेटवर्क उपलब्ध है, वहां निर्धारित समयावधि में स्मार्ट मीटर उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया है।

### शुल्क दर और अनुदान में कोई बदलाव नहीं

**उन्होंने** यह भी स्पष्ट किया है कि वर्तमान उपभोक्ताओं के लिए शुल्क दर तथा अनुदान में कोई परिवर्तन नहीं होगा। मीटर सामान्यतः लाइसेंसी की संपत्ति होते हैं और उनका प्रतिस्थापन एक नियमित तकनीकी प्रक्रिया है। स्मार्ट मीटर प्रणाली से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था अधिक पारदर्शी, कुशल तथा विश्वसनीय बनेगी।

### उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील

**उन्होंने** सभी उपभोक्ताओं से अपेक्षा की है कि वे अधिकृत अधिकारियों तथा एजेंसी को सहयोग प्रदान करें और अपने परिसर में स्मार्ट मीटर स्थापना के लिए अनुमति दें, ताकि कार्य समयबद्ध रूप से पूरा किया जा सके। अन्यथा, विद्युत अधिनियम, 2003 के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई, जिसमें विद्युत आपूर्ति का विच्छेदन भी शामिल है, की जा सकती है।

# किसान मेले में खेलकूद स्पर्धाओं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज

**अनंत ज्ञान, पधर।** जिला स्तरीय किसान मेला पधर के अवसर पर आज खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। मेले में स्थानीय लोगों, युवाओं, महिलाओं तथा स्कूली विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर कार्यक्रमों को आकर्षक बनाया। मेले के अंतर्गत आज वॉलीबॉल प्रतियोगिता, महिलाओं के नाटी समूह नृत्य तथा विभिन्न स्कूलों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मेला अध्यक्ष सुरजीत सिंह ने कहा कि इस बार मेले में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। महिलाओं के लिए अलग से सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है, जिससे उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिल सके। उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं में लड़कियां भी बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं, जो समाज में सकारात्मक बदलाव का संकेत है।

# लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल सरकाघाट में हवन-यज्ञ से नए सत्र का शुभारंभ



नए सत्र के शुभारंभ अवसर पर नौनिहाल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट के अग्रणी शिक्षण संस्थान लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल सरकाघाट में गुरुवार को नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ वैदिक परंपरा के अनुसार हवन-यज्ञ से हुआ। स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पवित्र अग्नि में आहुतियां डालकर सत्र की सफलता की कामना की गई। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2005 में स्थापित यह विद्यालय सफलता के 21 वर्ष पूर्ण कर चुका है, इन तीन दशकों में संस्थान ने हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संवारते हुए शिक्षा, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। यज्ञ की पूर्णाहुति पर विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए स्कूल प्रिंसिपल सपना ठाकुर ने कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को साक्षर बनाने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार और संस्कारवान नागरिक बनाना है। स्कूल प्रबंधक कर्नल बलवंत सिंह बरारी ने कहा की स्कूल आज भी उसी सेवा भाव और गुणवत्ता के साथ जारी है। यज्ञ के उपरांत पूरे स्टाफ, बच्चों और अभिभावकों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन और अभिभावक वर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# मजदूरों ने 2-3 माह से सैलरी न मिलने पर एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार



निर्माण कंपनी के खिलाफ मजदूरों ने सौंपा ज्ञापन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल में कार्यरत एक निजी निर्माण कंपनी के खिलाफ मजदूरों ने गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। चंबा जिला से आए आठ मजदूरों ने उपमंडलीय अधिकारी सरकाघाट को शिकायत पत्र सौंपा है।

मजदूरों का कहना है कि वे एनएच सूर्या इंफ्रा कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड में ड्राइवर और ऑपरेटर के रूप में कार्यरत हैं और पिछले चार से पांच महीनों से काम कर रहे हैं। इसके बावजूद कंपनी ने उनकी दो से तीन महीने की सैलरी रोक रखी है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जब मजदूरों ने अपनी मजदूरी की मांग की, तो प्रोजेक्ट मैनेजर और अन्य कर्मचारियों ने भुगतान से इनकार कर दिया। साथ ही उन्हें किराए के कमरों से निकाल दिया गया और धमकाया भी गया, जिससे उनकी स्थिति बेहद खराब हो गई है।

मजदूरों ने एसडीएम से मांग की है कि कंपनी के अधिकारियों को तलब कर उनकी बकाया सैलरी दिलाई जाए और हाजिरी रजिस्टर की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। इस मौके पर दिदार मोहम्मद, रहमत अली, समसुद्दीन, शुकरुद्दीन, मोईन, देवेंद्र, धर्मेंद्र पुष्पबट सहित अन्य मजदूर मौजूद रहे।

## अंदरूनी घमासान | टिहरा जिला परिषद वार्ड में टिकट को लेकर भाजपा में बढ़ी हलचल

# राजिता ने ठोंकी दावेदारी, वंदना को सीधी चुनौती

अनंत ज्ञान




राजिता कुमारी दावेदारी जताती हुईं। अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के टिहरा जिला परिषद वार्ड में भाजपा के भीतर टिकट को लेकर सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं। मंडल कार्यालय टिहरा में राजिता कुमारी पत्नी राजीव आर्य, निवासी गांव कोठी (चोलथरा), ने मंडल अध्यक्ष विनोद ठाकुर एवं अन्य पदाधिकारियों के समक्ष जिला परिषद वार्ड टिहरा से पार्टी की अधिकृत उम्मीदवार बनने के लिए अपना आवेदन प्रस्तुत किया।

इस दावेदारी के सामने आने के बाद मौजूदा जिला परिषद सदस्य वंदना गुलेरिया को उनके ही गृह पंचायत में सीधी चुनौती मिलती दिख रही है। राजिता कुमारी पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के ओएसडी रहे तथा भाजपा प्रत्याशी स्वर्गीय कर्मवीर वर्मा के परिवार से जुड़ी हैं। यह परिवार लंबे समय से भाजपा और संघ विचारधारा से सक्रिय रूप से जुड़ा रहा है और क्षेत्र में इसकी मजबूत राजनीतिक पहचान मानी जाती है।

वहीं दूसरी ओर वंदना गुलेरिया कर्मवीर वर्मा के निधन के बाद उनके परिवार के राजनीतिक प्रभाव और ठाकुर महेंद्र सिंह के भाजपा में आने के बाद पार्टी से जुड़ीं। वे अब तक चार चुनाव लड़ चुकी हैं और वर्ष 2016 में माकपा नेता भूपेंद्र सिंह से उन्हें हार का सामना भी करना पड़ा था। वर्तमान में उनके सामने उसी क्षेत्र से नई दावेदारी सामने आने के बाद संगठन के भीतर प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है।

स्थानीय स्तर पर इस घटनाक्रम को भाजपा के भीतर 'अंदरूनी मुकाबले' के रूप में देखा जा रहा है। कुछ कार्यकर्ताओं ने भी मांग उठाई है कि लंबे समय से सक्रिय और संगठन से जुड़े परिवारों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि जमीनी कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान हो सके।

आवेदन देने के बाद राजिता कुमारी ने कहा कि उनका परिवार वर्षों से भाजपा की विचारधारा और संगठन के प्रति समर्पित रहा है। उनके पति राजीव आर्य पार्टी में युवा मोर्चा महामंत्री, प्रदेश आईटी सेल प्रमुख सहित विभिन्न दायित्व निभा चुके हैं और वर्तमान में टिहरा मंडल के प्रवक्ता हैं। वे स्वयं भी संगठनात्मक और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं।

उन्होंने कहा कि उनके परिवार के वरिष्ठ सदस्य स्वर्गीय कर्मवीर वर्मा ने प्रदेश स्तर पर पार्टी की सेवा की है, जो उनके लिए प्रेरणा स्रोत है। राजिता कुमारी ने विश्वास जताया कि पार्टी कार्यकर्ताओं की भावना और क्षेत्रीय जन अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें अवसर दिया जाएगा। अब सभी की नजरें भाजपा के आगामी निर्णय पर टिकी हैं, जिससे क्षेत्र का राजनीतिक समीकरण तय होगा।

इस अवसर परजीत ठाकुर, रत्न चंद, कै. हरजीत ठाकुर, कै. ओमकार सिंह, राकेश कुमार, सुरेश कुमार,मदन प्रताप, श्रवण भारद्वाज, वेद प्रकाश, विनोद आदि उपस्थित रहे और उन्होंने इस बार लंबे अरसे से एक ही महिला को ओपन सीट से भी और महिला आरक्षित सीट से भी उन्हीं को ही उम्मीदवार बनाने का विरोध किया और इस बार रजिता वर्मा को उमीदवार बनाने की मांग उठाई है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रशासन ने साहसी युवाओं को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** कालेश्वर महादेव में आयोजित तीन दिवसीय बैसाखी मेला श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न हुआ। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, वहीं सुरक्षा व्यवस्था में तैनात आपदा मित्रों ने अपनी निस्वार्थ सेवा से सराहनीय उदाहरण पेश किया। चिंतपूर्णी क्षेत्र के तीन आपदा मित्रों ने ब्यास नदी के तट पर अपनी जान जोखिम में डालकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की। एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह पाटन के अनुसार, इन युवाओं ने एसडीआरएफ टीम के साथ मिलकर बचाव कार्यों में अहम भूमिका निभाई। उनका मुख्य कार्य नदी में स्नान कर रहे श्रद्धालुओं की निगरानी करना और आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्रदान करना था। प्रशासन द्वारा सम्मानित किए गए युवाओं में संदीप कुमार, प्रबल कुमार और मयंक शर्मा शामिल हैं, जिन्होंने पूरे मेले के दौरान सतर्कता और साहस का परिचय दिया। मुख्य अतिथि विवेक शर्मा विक्कू ने उन्हें मफलर, हिमाचली टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। तीन दिनों तक चले इस मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक आस्था का परिचय दिया।

### सुमेधा, शुभांगी व प्रेरणा ने किया शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एचआईईटी), शाहपुर के विधि विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की मूट कोर्ट प्रतियोगिता में हिमकैप्स कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रनरअप स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न विधि महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। हिमकैप्स कॉलेज ऑफ लॉ की बीएएलएलबी पांचवें वर्ष की छात्राएं सुमेधा, शुभांगी और प्रेरणा ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर एचआईईटी के विधि विभाग की ओर से उन्हें ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. जसवंत सिंह ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि मूट कोर्ट प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती हैं, जिससे उन्हें न्यायिक प्रक्रिया की व्यावहारिक समझ मिलती है और आत्मविश्वास बढ़ता है। संस्थान के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पीड़ित परिवारों को मिली केंद्र की आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बरठीं के समीप भल्लू पुल के पास पिछले वर्ष 7 अक्तूबर को हुए दर्दनाक बस हादसे के पीड़ित परिवारों को केंद्र सरकार द्वारा घोषित आर्थिक सहायता राशि प्रदान कर दी गई है। सभी औपचारिक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद मृतकों के परिजनों व घायलों के बैंक खातों में यह राशि सीधे हस्तांतरित की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे के बाद शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की थी। यह हादसा 7 अक्तूबर, 2025 की शाम उस समय हुआ था, जब भल्लू पुल के पास पहाड़ी से मलबा गिरने के कारण एक निजी बस उसकी चपेट में आ गई थी, जिसमें 16 लोगों की मौत हो गई थी और दो बच्चे घायल हुए थे। झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने सहायता राशि जारी होने पर केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस आर्थिक सहायता से पीड़ित परिवारों को कठिन समय में कुछ राहत मिलेगी।

### स्मार्ट मीटर के विरोध में झंडूता में प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल में स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। लखनपाल शर्मा की अगुवाई में लोगों ने नारेबाजी कर विभाग को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर आपत्ति जताते हुए इसे रोकने की मांग की। इस दौरान विजय, अनिल धीमान, सुभाष वर्मा व जीतराम भी मौजूद रहे। कार्यवाहक सहायक अभियंता सचिन कुमार ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार पुराने मीटरों की जगह स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, अन्यथा बिजली सप्लाई काटी जा सकती है।

### घुमारवीं के घंडालवी में 40 लोगों का मुफ्त इलाज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के समर्पित को-ऑर्डिनेटर आशीष ठाकुर के नेतृत्व में उपमंडल घुमारवीं की ग्राम पंचायत घंडालवी में वीरवार को एक और निशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में टीम ने गांव के लगभग 40 लोगों का मुफ्त इलाज किया। सबसे सराहनीय पहल यह रही कि चिकित्सा टीम केवल कैंप स्थल तक सीमित नहीं रही, बल्कि आशीष ठाकुर के मार्गदर्शन में टीम के सदस्यों ने गांव के विभिन्न घरों में जाकर बुजुर्गों, महिलाओं व जरूरतमंद व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच एवं उपचार किया। आशीष ठाकुर ने इस अवसर पर जानकारी देते हुए बताया, घंडालवी में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा का कैंप आयोजित किया गया।

### डॉ. आभा को हिमाचल दिवस पर मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल दिवस के अवसर पर पशु चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली वेटरनरी डॉक्टर आभा कौशल को स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनी राम शांडिल्य द्वारा सम्मानित किया गया। वर्तमान में डॉ. कौशल बिलासपुर जिले के नम्होल क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही हैं व ग्रामीण पशुपालकों के बीच एक भरोसेमंद नाम बन चुकी हैं। डॉ. आभा कौशल ने अपने कार्यकाल के दौरान पशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में अहम योगदान दिया है। उन्होंने हजारों पशुओं का सफल उपचार किया है व जटिल मामलों में भी अपनी विशेषज्ञता से उन्हें नया जीवन दिया है। समय पर निदान और प्रभावी उपचार उनकी कार्यशैली की विशेष पहचान है। उन्होंने विभिन्न टीकाकरण अभियानों को सफलतापूर्वक संचालित करते हुए पशुओं में फैलने वाली बीमारियों पर नियंत्रण पाया। साथ ही, गांव-गांव जाकर जागरूकता शिविर आयोजित कर पशुपालकों को आधुनिक पशुपालन और देखभाल से जुड़ी जानकारी दी। उनकी इस उपलब्धि को जिले के लिए गर्व और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है।

### महिलाओं को सिलाई मशीनें व सामग्री वितरित




**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** मानव विकास संस्थान कलोल के डायरेक्टर रसम सिंह चंदेल द्वारा क्षेत्र में महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में सराहनीय पहल की गई। उनके द्वारा कलोल व भडोली कला में महिलाओं को टेलरिंग कार्य के लिए सिलाई मशीनें, प्रेस व अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई। इस सामग्री की कुल अनुमानित कीमत करीब 51 हजार रुपए बताई जा रही है। इस अवसर पर रसम सिंह चंदेल ने कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे घर बैठे रोजगार प्राप्त कर सकें व अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकें। उन्होंने कहा कि आज के समय में हुनर ही सबसे बड़ी ताकत है और सिलाई जैसे कार्य से महिलाएं आसानी से अपनी आय बढ़ा सकती हैं। स्थानीय महिलाओं ने इस पहल के लिए संस्थान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हें रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे और इस प्रयास की सराहना की।

### दीक्षा शर्मा व गोल्ड मेडलिस्ट रिंपी देवी सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय बिलासपुर में लाडली फाउंडेशन, हिमाचल रेनबो स्टार क्लब व सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच के संयुक्त तत्वावधान में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेनबो स्टार क्लब की संरक्षक शीला सिंह ने की। इस अवसर पर मिसेज हिमाचल 2026 का खिताब जीतने वाली दीक्षा शर्मा का भव्य स्वागत किया गया। साथ ही वॉटर स्पोर्ट्स (सेलिंग) में गोल्ड मेडल जीतने वाली रिंपी देवी को भी सम्मानित किया गया, जिन्हें खेल कोटे के तहत बिजली विभाग में नियुक्ति मिली है। कार्यक्रम में नीलम ठाकुर, श्यामलाल, रेखा बिष्ट व निर्मला देवी ने दोनों प्रतिभाओं को हिमाचली टोपी और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने नारी सशक्तिकरण को समाज की प्रगति के लिए जरूरी बताया। इस मौके पर दीक्षा शर्मा और रिंपी देवी ने आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

### अंब में पशु मित्र भर्ती की शारीरिक परीक्षा 17 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमंडल अंब के तहत आयोजित होने वाली पशु मित्र भर्ती प्रक्रिया की शारीरिक परीक्षा का शेड्यूल निर्धारित कर दिया गया है। पशु पालन विभाग के उप निदेशक वीरेंद्र सिंह पटियाला ने जानकारी दी कि यह शारीरिक परीक्षा 17 अप्रैल को सुबह 9 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) अंब के खेल मैदान में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि एसडीएम अंब की अध्यक्षता में पशु मित्र एंगेजमेंट कमेटी, अंब द्वारा यह परीक्षा उपमंडल स्तर पर पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित की जाएगी। पटियाला ने बताया कि शारीरिक परीक्षा प्रक्रिया पशु मित्र नीति 2025 के मानकों एवं एसओपी के अनुसार संपन्न करवाई जाएगी। इसके अंतर्गत पुरुष अभ्यर्थियों के लिए 5000 मीटर दौड़ तथा महिला अभ्यर्थियों के लिए 1500 मीटर दौड़ आयोजित की जाएगी। परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा ट्रैक मार्किंग, चिकित्सा सुविधा तथा सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं ताकि चयन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न हो सके। उप निदेशक ने पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों सहित परीक्षा स्थल पर समय से पहुंचें और चयन प्रक्रिया में सहयोग करें।

---

### बाबा बालकनाथ मंदिर शाहतलाई में चैत्र मेले का विधिवत समापन

# एक माह में सात लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

अनंत ज्ञान

**गोपाल कपिल, झंडूता।** उपमंडल झंडूता के शाहतलाई स्थित उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बालकनाथ मंदिर में एक माह तक चले चैत्र मेले का विधिवत समापन हो गया।

14 मार्च से 14 अप्रैल तक आयोजित इस मेले में इस बार श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे क्षेत्र में भक्ति का वातावरण बना रहा। उपमंडलीय अधिकारी अर्शिया शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले के दौरान लगभग 7 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा बालकनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अब तक की गई गिनती के अनुसार मंदिर में 1 करोड़ 58 लाख रुपए का चढ़ावा प्राप्त हुआ है, जबकि चढ़ावे की गिनती आगामी दो महीनों तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि मेले



के सफल आयोजन में प्रशासन, मंदिर न्यास, स्थानीय लोगों और स्वयंसेवी संस्थाओं का सराहनीय योगदान रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। मेले के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था भी निरंतर जारी रही, जिससे दूर-दराज से आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। प्रशासन के अनुसार पूरे मेले के दौरान कानून व्यवस्था पूरी तरह से बनाए रखी गई और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई। मेले का समापन धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। चैत्र मेले के सफल समापन से क्षेत्र के लोगों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया तथा इसे बाबा बालकनाथ की कृपा और सभी के सहयोग का परिणाम बताया गया।

---

## मजदूरों ने रैली निकालकर मांगों को किया बुलंद

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) के बैनर तले रेलवे टनल साइट महाबली स्वारघाट में कार्यरत मजदूरों ने केंद्र सरकार व भाजपा शासित हरियाणा, उत्तर प्रदेश व दिल्ली सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान मजदूरों ने रैली निकालकर अपनी मांगों को बुलंद किया और श्रम नीतियों के विरोध में नारेबाजी की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में मजदूर शामिल हुए। मजदूरों ने रैली के दौरान निरस्त किए गए 29 श्रम कानूनों को बहाल करने और उनका सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की मांग उठाई। उनका आरोप था कि नए श्रम कोड उनके हितों के खिलाफ हैं और बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बनाए गए हैं। रैली को संबोधित करते हुए सीटू के महासचिव विजय शर्मा ने कहा कि केंद्र और विभिन्न राज्यों की सरकारें लगातार मजदूर विरोधी नीतियां अपना रही हैं, जिससे श्रमिकों के अधिकार कमजोर हो रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

---

# आग को लेकर जागरूकता अभियान रहेगा जारी : हितेश



शैक्षणिक संस्थानों व अस्पतालों में आग को लेकर चलाया जागरूकता अभियान। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहद ऊना अग्निशमन केंद्र की ओर से वीरवा को हिमकेप्स लॉ कॉलेज बढ़ेड़ा व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगड़, नंदा अस्पताल व एलिट अस्पताल ऊना में आग से बचाव को लेकर जागरूक किया गया।

बताया गया कि शैक्षणिक संस्थान व अस्पताल आग की दृष्टि से अति संवेदनशील क्षेत्र में आते हैं इसलिए अगर किसी कारण आग लग जाती है, तो किस प्रकार संस्थानों में स्थापित अग्निशमन यंत्रों द्वारा आग पर नियंत्रण डालना है और किस आग पर कौन से यंत्र का प्रयोग करना है। इसी जागरूकता अभियान में फायर टीमों ने मॉक ड्रिल की ओर स्टाफ , नर्सों व स्टूडेंट्स को आग के बारे में अलर्ट किया व अग्निशमन यंत्रों व सुरक्षा उपकरणों को चलाने बारे जानकारी दी । होमगार्ड्स वाहिनी ऊना के कमांडेंट हितेश लखनपाल ने बताया कि आग के प्रति जागरूकता अभियान लगातार जारी है । ओर सभी आग के प्रति हमेशा अलर्ट रहें। अग्निशमन केंद्र अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि फायर टीम द्वारा वीरवार को शैक्षणिक संस्थानों व अस्पतालों में आग बुझाने की ट्रेनिंग दी गई है, ताकि अपने आप को सुरक्षित रखते हुए मौका पर उपस्थित सभी आग लगने की स्थिति में लगे अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग कर प्रथम चरण में ही आग को बुझा सकें।

---

# रुक्मिणी कुंड में बड़ी माली में प्रिंस समोह ने जबरा बठिंडा को हराया



बैसाखी मेले के समापन पर मुख्यातिथि विवेक व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** झंडूता उपमंडल के अंतर्गत रुक्मिणी कुंड में आयोजित तीन दिवसीय बैसाखी मेले का समापन धूमधाम के साथ हुआ।

मेले के अंतिम दिन पारंपरिक दंगल का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र सहित बाहरी राज्यों से आए पहलवानों ने दमखम दिखाया। समापन समारोह में कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने दंगल कमेटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी संस्कृति व परंपराओं को जीवित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। दंगल की बड़ी माली का मुकाबला प्रिंस समोह और जबरा बठिंडा के बीच हुआ, जिसमें रोमांचक मुकाबले के बाद प्रिंस समोह विजेता रहे। विजेता को 3100 रुपए नकद और चांदी का कंगन, जबकि उपविजेता को भी 3100 रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं, छोटी माली का मुकाबला रोहित बिलासपुर और धीरज बिलासपुर के बीच हुआ, जिसमें धीरज बिलासपुर ने जीत हासिल की। दोनों पहलवानों को 1500-1500 रुपए की पुरस्कार राशि भेंट की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने दंगल का आनंद लिया।

---

## उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सोनिया शर्मा को विशेष सम्मान

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** जिला प्रशासन द्वारा नारी-चिंतपूर्णी पंचायत के चौबे बस्ती की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सोनिया शर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान बुधवार को हिमाचल दिवस के अवसर पर ऊना में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान समाज सेवा और बाल विकास से जुड़े कार्यों में सोनिया की सक्रिय भूमिका की सराहना की गई। सोनिया शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिसमें विभिन्न सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन और बच्चों से संबंधित कार्यक्रमों में उनके उल्लेखनीय योगदान का जिक्र किया गया है। उनके कार्य के प्रति समर्पण और निष्ठा को देखते हुए जिला प्रशासन ने उन्हें इस सम्मान से नवाजा। गणतंत्र दिवस परेड 2026 के दौरान कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश की झांकी में भी सोनिया शर्मा ने भाग लिया था।

---

# वशिष्ट पब्लिक स्कूल बहडाला के छात्रों का सीबीएसई 10वीं में शानदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ऊना।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में वशिष्ट पब्लिक स्कूल बहडाला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा दसवीं के जागृत शर्मा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

राघव ने 96 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि आर्यन सहोड़ ने 92 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा राधिका ने 91.8 प्रतिशत, सहजदीप सिंह ने 91.4 प्रतिशत, दक्ष भारद्वाज ने 90.8 प्रतिशत, राजवंश राणा, रिद्धि राणा, कृष्णव, अन्वेशा, शगुन ठाकुर तथा रिजुल ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के कुल 11 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए, जबकि 29 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों, अभिभावकों



वशिष्ट पब्लिक स्कूल बहडाला में मेधावियों के साथ स्कूल स्टाफ। अनंत ज्ञान

व विद्यालय स्टाफ में खुशी की लहर दौड़ गई। अभिभावकों ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के बेहतर शैक्षणिक वातावरण, प्रबंधन और शिक्षकों की मेहनत को दिया। विद्यालय के अध्यक्ष सतपाल वशिष्ट ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। वहीं, प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सफलता उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने उन विद्यार्थियों का भी हौसला बढ़ाया, जो अपने अपेक्षित लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाए। उन्होंने कहा कि निराश होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि यह एक अनुभव है, जिससे आगे और बेहतर किया जा सकता है। सफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि प्रयास और जिज्ञासा से मापी जाती है। विद्यालय के निदेशक अनुज वशिष्ट ने इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी विद्यालय इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देता रहेगा।

---

## सरकाघाट हत्याकांड को लेकर एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सरकाघाट में सिया की निर्मम हत्या के विरोध में वीरवार को बिलासपुर कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान छात्रों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए। प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों का कहना था कि प्रदेश में महिलाओं व बेटियों की सुरक्षा को लेकर हालात चिंताजनक होते जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपराधों को रोकने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है, जिसके चलते इस तरह की दर्दनाक घटनाएं सामने आ रही हैं। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने मांग की कि इस हत्याकांड के दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा दी जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। साथ ही उन्होंने प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने की भी मांग की।

---

# प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रही सुक्खू सरकार

अनंत ज्ञान

**ऊना।** प्राकृतिक खेती अब हिमाचल के किसानों के लिए सिर्फ विकल्प नहीं, भरोसे की खेती बनती जा रही है।

मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा वर्ष 2026-27 के बजट में प्राकृतिक खेती से उत्पादित फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी के फैसले ने इस भरोसे को और मजबूत किया है। सरकार ने प्राकृतिक खेती से उगाए गए गेहूं का एमएसपी 60 से बढ़ाकर 80 रुपए प्रति किलोग्राम, मक्का का 40 से 50 रुपए व हल्दी का 90 से 150 रुपए प्रति किलोग्राम कर दिया है। इस बढ़ोतरी से किसानों को अपनी उपज का बेहतर दाम मिलने की उम्मीद है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस फैसले को सकारात्मक रूप से देखा जा रहा है। किसानों का कहना है कि जब फसल का सही मूल्य मिलेगा, तो प्राकृतिक खेती अपनाने का उत्साह भी बढ़ेगा। ऊना जिले के किसान सरकार के एमएसपी वृद्धि के निर्णय को दूरदर्शी सोच और किसान हितैषी बता रहे हैं।



इसके लिए उन्होंने एकस्वर में प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है।

ऊना ब्लॉक के मलाहत गांव के प्रगतिशील किसान केवल चंद का कहना है कि मक्की, गेहूं व हल्दी के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी करना प्रदेश सरकार का निर्णय अत्यंत सराहनीय है। यह निर्णय और भी किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर प्रोत्साहित करेगा तथा युवाओं में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखू का इस जनहितैषी पहल के लिए धन्यवाद किया। वहीं, घालूवाल के किसान कुलवंत सिंह, जो पिछले सात-आठ वर्षों से प्राकृतिक खेती से जुड़े हैं, उन्होंने भी सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि वह गेहूं, मक्की, चना, मसूर, प्याज सहित अनेक फसलों का उत्पादन प्राकृतिक पद्धति से कर रहे हैं। आत्मा परियोजना की उपनिदेशक डॉ. प्यारो देवी के अनुसार, ऊना जिले में 14,240 किसान पहले ही प्राकृतिक खेती से जुड़े हुए हैं। एमएसपी में वृद्धि से इन किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और अन्य किसानों का रुझान भी इस ओर बढ़ेगा।

### आय बढ़ाने की दिशा में प्रभावी पहल

**डीसी** ऊना जतिन लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशानुसार जिले में किसान हितैषी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत किसानों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसानों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो, ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बने और खाने की थाली तक शुद्धता पहुंचे।

---

# स्मार्ट पंचायत व विकास का विजन लेकर जनता के बीच उतरे रोहित ठाकुर

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर की ग्राम पंचायत हरनोडा में युवा नेता एवं समाजसेवी रोहित ठाकुर द्वारा एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर अपने समर्थन व उम्मीदों का प्रदर्शन किया।

इस जनसभा के दौरान रोहित ने जिला परिषद के बरमाना वार्ड से अपनी दावेदारी औपचारिक रूप से पेश की व क्षेत्र के विकास को लेकर अपना स्पष्ट विजन जनता के सामने रखा। रोहित ने कहा कि यदि उन्हें जनता का आशीर्वाद मिला, तो उनकी पहली प्राथमिकता बरमाना वार्ड को जिला का सबसे आदर्श वार्ड बनाना होगी। उन्होंने कहा कि बरमाना वार्ड के अंतर्गत आने वाली प्रत्येक पंचायत को स्मार्ट पंचायत के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके तहत गांवों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने, डिजिटल सेवाओं का विस्तार करने, स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे हमेशा क्षेत्र की जनता के साथ खड़े रहेंगे और हर संभव मदद करेंगे। कार्यक्रम के दौरान समाज में महिलाओं की भूमिका को सम्मान देते हुए रोहित ने नारी शक्ति को विशेष रूप से सम्मानित किया। जनसभा में क्षेत्र के गणमान्य लोग, युवा, महिलाएं व बुजुर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। लोगों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला और कई लोगों ने रोहित ठाकुर के विजन की सराहना करते हुए उन्हें समर्थन देने का भरोसा भी जताया।

---

# स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल के स्टूडेंट्स का सीबीएसई दसवीं परिणाम में शानदार प्रदर्शन




अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** जिला मुख्यालय स्थित स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा बुधवार को घोषित दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

परीक्षा परिणाम में स्कूल के कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यार्थियों में प्रतिभा ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा वेदान्त बहल ने 94.6 प्रतिशत, पलक ने 94.4 प्रतिशत, अर्चना ने 94.2 प्रतिशत, सत्यम ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं, श्रेया व आरुष ने 92 प्रतिशत, अनिका व प्रतीक ने 91 प्रतिशत, सूर्यप्रताप सिंह ने 90.2 प्रतिशत तथा अक्षिता, दीपांशी और कार्तिक ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरज शर्मा ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन व अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है, जिसका सकारात्मक प्रभाव इन परिणामों में स्पष्ट रूप से देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि अनुशासन, निरंतर अभ्यास व आत्मविश्वास के बल पर विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय भविष्य में भी बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा, ताकि छात्र-छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर सकें। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही, शिक्षकों के समर्पण और मेहनत की भी सराहना की गई, जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की।

---

## महिला आरक्षण बिल की आड़ में राजनीतिक लाभ ले रही केंद्र सरकार: हीरापाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पूर्व कांग्रेस सचिव हीरापाल ठाकुर ने केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण बिल को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मुद्दे का उपयोग चुनावी लाभ के लिए कर रही है। ठाकुर ने कहा कि जब देश के विभिन्न राज्यों में चुनावी माहौल रहता है, ऐसे समय में महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय को प्रमुखता देना राजनीतिक मंशा को दर्शाता है यदि सरकार वास्तव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रति गंभीर होती, तो इस दिशा में पहले ही ठोस कदम उठाए जा सकते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दे को पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों के मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हैं। सोनिया गांधी का हवाला देते हुए ठाकुर ने कहा कि महिला आरक्षण का मुद्दा पूर्व में भी उठाया जा चुका है, लेकिन वर्तमान सरकार इसे राजनीतिक हथियार के रूप में उपयोग कर रही है। केंद्र सरकार बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक चुनौतियों जैसे असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।

---

### सुन्हाणी में पशु मित्र भर्ती के लिए हुए फिजिकल टेस्ट

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल की ग्राम पंचायत सुन्हाणी में पशु मित्र के दो पदों (नखलेहडा व समोह) के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की गई। फिजिकल टेस्ट में पुरुष अभ्यर्थियों को 5000 मीटर दौड़ 30 मिनट में और महिला अभ्यर्थियों को 1500 मीटर दौड़ 10 मिनट में पूरी करनी थी। नखलेहडा पद के लिए 27 (15 पुरुष, 12 महिलाएं) तथा समोह पद के लिए 36 (23 पुरुष, 13 महिलाएं) अभ्यर्थियों ने भाग लिया। भर्ती प्रक्रिया के दौरान पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की उपस्थिति रही। डॉ. रविन्द्र ने बताया कि फिजिकल टेस्ट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### बोर्ड कर्मचारियों के काम में बाधा डाली तो बिजली अस्थायी तौर पर काट दी जाएगी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड बिजली उपमंडल भरवाईं के अंतर्गत पुराने बिजली मीटरों को बदलकर, अब अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर लगाने जा रहा है। सहायक अधिशाषी अभियंता त्रिलोक चंद शर्मा ने स्पष्ट किया है कि बिजली अधिनियम 2003 के तहत मीटर व सर्विस लाइन बोर्ड की संपत्ति हैं, जिन्हें बदलने या निरीक्षण करने के लिए अधिकृत अधिकारियों को परिसर में प्रवेश का पूर्ण अधिकार है। बोर्ड ने चेतावनी दी है कि इस कार्य में बाधा डालने वाले उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से काटी जा सकती है। पारदर्शी व बेहतर बिजली सेवाओं के लिए विभाग ने सभी क्षेत्रवासियों से इस अभियान में पूर्ण सहयोग की अपील की है।

### नोपाल बने भारतीय व्यापार मंडल के प्रदेश कोषाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारतीय व्यापार मंडल (रजि) द्वारा नोपाल गुप्ता को हिमाचल प्रदेश का प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकुर सिंघल द्वारा की गई। जारी मनोनयन पत्र के अनुसार नोपाल गुप्ता को व्यापारी हितों के उत्थान, संगठन के विस्तार तथा विकास में उनकी सक्रियता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष हंसराज की संस्तुति पर की गई है। संगठन ने आशा जताई है कि नोपाल गुप्ता अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए व्यापारी हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे और संगठन को मजबूत करेंगे। इस नियुक्ति पर क्षेत्र के व्यापारियों और शुभचिंतकों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है।

# 20 अप्रैल से कसोल में शुरू होगा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** पर्यटन नगरी मणिकर्ण के कसोल में स्थापित किए जा रहे ठोस कचरा प्रबंधन प्लांट व मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा ने की।

बैठक में प्लांट के निर्माण, मशीनरी की खरीद और संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि स्थित इस प्लांट को आगामी 20 अप्रैल से संभावित रूप से शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। इसका संचालन साडा, खंड विकास अधिकारी व हीलिंग हिमालया के माध्यम से किया जाएगा। प्लांट के लिए आवश्यक मशीनरी जैसे श्रेडर, बेलिंग मशीन, डस्ट रिमूवर व सेनेटरी पैड इंसीनरेटर की आपूर्ति के लिए वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है। संबंधित फर्में जल्द ही इनकी स्थापना करेंगी। ऑर्गेनिक वेस्ट कंपोस्टर की प्रक्रिया अभी पाइपलाइन में है। बैठक में जानकारी दी गई कि प्लांट के लिए आवश्यक ट्रांसफार्मर स्थापित किया जा चुका है व 3-फेज हाई टेंशन लाइन को शिफ्ट करने का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। परियोजना के लिए कुल 88.67 लाख रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। इसमें सिविल कार्य के लिए साडा द्वारा 30 लाख रुपए व मशीनरी व अन्य कार्यों के लिए डेस्ट द्वारा 25.60 लाख रुपए जारी किए जा चुके हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 16 लाख रुपए की राशि राज्य सरकार से अपेक्षित है।बैठक में साइट की फेंसिंग (बाड़बंदी) के लिए 6.20 लाख रुपए के संशोधित अनुमान पर भी चर्चा हुई। साथ ही, प्लांट के रखरखाव और यूजर चार्ज के लिए मॉडल बाइलॉज अपनाने के निर्देश दिए गए। इस प्लांट के शुरू होने से कसोल और आसपास के क्षेत्रों में कचरा प्रबंधन की समस्या का वैज्ञानिक समाधान होगा और क्षेत्र में स्वच्छता सुनिश्चित की जा सकेगी।

## दिव्यांग जनों की पहचान के लिए लगाए जाएं अधिक से अधिक जागरूकता शिविर : अनुराग

अनंत ज्ञान



अधिकारियों से चर्चा करते हुए डीसी कुल्लू। अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** कुल्लू जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के जिला प्रबंधन दल की बैठक वीरवार को उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में दिव्यांग जनों की पहचान के लिए अधिक से अधिक जागरूकता शिविर लगाए जाएं, ताकि दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रम का लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, समाज कल्याण विभाग व अन्य संबंधित विभागों को संयुक्त रूप से जागरूकता शिविर लगाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि इसमें पंचायतीराज संस्थाओं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्कर जैसे कार्यकर्ताओं की भी सहायता ली जानी चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी लाभान्वित हो सके।

बैठक में बंजार खंड के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मई 2026 से प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मंजूरी प्रदान की गई। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी के कार्यालय में एक कंप्यूटर प्रोग्रामर को भर्ती तीन माह के लिए करने के लिए निर्णय लेने के लिए प्रस्ताव सदन में रखा गया, ताकि रोगियों के बारे में डाटा का संकलन सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जा सके। बैठक में अर्ली इंटरवेंशन सेंटर में बिजली कनेक्शन, आवश्यक सामान की खरीद पर भी चर्चा गई। बैठक में बैठक की कार्रवाई का संचालन जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव वीके मोदगिल ने किया। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार, सहायक आयुक्त जयवंती ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रणजीत ठाकुर सहित गैर सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

## रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के विस्तार पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में वीरवार को जिला रेड क्रॉस सोसायटी प्रबंधन समिति की जिला शाखा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जहां पिछले वित्तीय वर्ष के कार्यों की समीक्षा की गई। वहीं, भविष्य की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर कई बड़े निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पिछली बैठकों में लिए गए निर्णयों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि लिए गए निर्णयों को जल्द से जल्द 'अमलीजामा' पहनाया जाए, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्तियों को समय पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में वित्तीय पारदर्शिता और योजनाबद्ध विकास पर केंद्रित निम्नलिखित रिपोर्टें प्रस्तुत और स्वीकृत की गई। जिनमें वर्ष 2024-25 की अंकेक्षित बैलेंस शीट और आय-व्यय खाते को प्रस्तुत किया गया। वर्ष 2025-26 की गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट को मंजूरी दी गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित गतिविधियों का कैलेंडर और बजट अनुमान पेश किए गए। वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत 24 लाख 18 हजार रुपए के पूंजीगत कार्यों का भी बैठक में अनुमोदन किया गया। बैठक की कार्यवाही का कुशल संचालन जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव वीके मोदगिल ने किया। डीसी अनुराग चंद्र शर्मा ने सामाजिक सरोकारों पर चर्चा करते हुए कहा कि भविष्य में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का विस्तार किया जाएगा।

# आनी में सिया गुलेरिया को श्रद्धांजलि न्याय की मांग को लेकर कैंडल मार्च

अनंत ज्ञान



**आनी।** भाजपा द्वारा आनी में मंडी जिले की 19 वर्षीय स्वर्गीय सिया गुलेरिया की हत्या के बाद हुई दुखद मृत्यु पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के पश्चात उन्हें न्याय दिलाने की मांग को लेकर कैंडल मार्च भी निकाला गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों व पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभी ने एकजुट होकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। इस अवसर पर आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और निंदनीय है। उन्होंने सरकार से मांग की कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि स्वर्गीय सिया गुलेरिया को न्याय मिल सके। विधायक ने कहा कि शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए जल्द न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ पूरी संवेदना है और इस कठिन समय में सभी उनके साथ खड़े हैं।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस कार्यक्रम में भाजयुमो एवं रिसर्च के प्रदेश संयोजक मोनू भारद्वाज, भाजपा मंडल आनी के अध्यक्ष वेद ठाकुर, प्रदेश महिला मोर्चा कार्यकारिणी की पदाधिकारी शशी मल्होत्रा, व्यापार मंडल आनी के अध्यक्ष विनोद चंदेल,योगेश वर्मा, भाग चंद वर्मा, पूर्ण चंद शर्मा, भीम सैन, यशपाल निशु नेगी, लोकेश ठाकुर, श्यामानंद, युवराज ठाकुर, स्कूल कॉलेज की छात्राएं, छात्र, क्षेत्र की महिलाओं ने भाग लिया।

# पतलीकूहल में रिहायशी मकान में आग, एक लाख रुपए का नुकसान

अनंत ज्ञान



**पतलीकूहल।** कुल्लू जिले के पतलीकूहल क्षेत्र के तहत गांव भट कराल में वीरवार सुबह एक रिहायशी मकान में आग लगने की घटना सामने आई। सूचना के अनुसार अग्निकांड की सूचना सुबह 7:55 बजे फायर पोस्ट पतलीकूहल को प्राप्त हुई, जिसके तुरंत बाद 7:56 बजे फायर ब्रिगेड की टीम मौके के लिए रवाना हो गई।

करीब 35 मिनट के रिस्पॉन्स टाइम के बाद टीम घटनास्थल पर पहुंची व आग पर काबू पाने का कार्य शुरू किया। आग लगने से मकान के ग्राउंड फ्लोर में बने तीन कमरे, रसोईघर, घरेलू सामान व एमसीबी बॉक्स जलकर नष्ट हो गए। इस हादसे में लगभग 1 लाख रुपए की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। हालांकि, फायर ब्रिगेड की तत्परता के चलते करीब 20 लाख रुपए की संपत्ति को सुरक्षित बचा लिया गया। इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है व मामले की जांच की जा रही है। पतलीकूहल दमकल चौकी प्रभारी सूरज भारद्वाज ने बताया कि फायर ब्रिगेड की टीम में तीन होमगार्ड व एक चालक शामिल थे, जिन्होंने दमकल वाहन (एचपी-66 ए-3027 क्यूआरवी) के साथ मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य किया। आग बुझाने के बाद टीम सुबह 10:10 बजे वापस स्टेशन पहुंची। घटनास्थल फायर स्टेशन से करीब 19.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

# अब रखरखाव शुल्क पर मिल सकेंगे सभागार व हिमाचली वेशभूषा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** प्रदेश की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्था सूत्रधार कला संगम कुल्लू ने अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने व उसके संरक्षण की दिशा में एक बड़ा निर्णय लिया है।

संस्था के सूत्रधार भवन में अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में यह तय किया गया कि अब संस्था का सभागार (हॉल), पारंपरिक हिमाचली वेशभूषा व अन्य सांस्कृतिक सामग्री इच्छुक व्यक्तियों व संस्थाओं को रखरखाव शुल्क के आधार पर उपलब्ध करवाई जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि सूत्रधार कला संगम का मूल उद्देश्य केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करना ही नहीं, बल्कि हिमाचली संस्कृति का संरक्षण करना भी है। उन्होंने बताया सभागार व वेशभूषा जैसी सुविधाओं को उपलब्ध कराने से जहां कलाकारों व आम लोगों को सहूलियत मिलेगी। वहीं, प्राप्त होने वाले रखरखाव शुल्क से इन अमूल्य संसाधनों का बेहतर संरक्षण व देखरेख सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने युवाओं और अन्य सांस्कृतिक संस्थाओं से आह्वान किया कि वे इन सुविधाओं का लाभ उठाकर क्षेत्र की सांस्कृतिक गतिविधियों को एक नई दिशा प्रदान करें। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इन सुविधाओं के लाभ के लिए इच्छुक व्यक्तियों एवं संस्थाओं को पूर्व अनुमति लेनी होगी। संस्था द्वारा निर्धारित नियमों व अनुशासन का पालन करना अनिवार्य होगा।



बैठक के दौरान चर्चा करते हुए सूत्रधार कला संगम के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

इस बैठक में संस्था के उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह, वित्त सचिव जोंगेंद्र ठाकुर, सचिव यशोदा शर्मा व हितेश गोगी, प्रचार-प्रसार सहप्रभारी धर्मेंद्र शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य सुदेश कुमार व सुबोध सूद, संगीत अकादमी के प्राचार्य पं. विद्या सागर, जीवन बुडाल, संजय पुजारी तथा प्रबंधक उत्तम चंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। उधर,संस्था के इस निर्णय का स्थानीय कलाकारों और संस्कृति प्रेमियों ने स्वागत किया है।

# छात्रा सिया हत्याकांड, एबीवीपी ने कुल्लू में किया मूक प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** सरकाघाट की 19 वर्षीय छात्रा सिया की निर्मम हत्या के विरोध में वीरवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कुल्लू इकाई के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। परिषद ने जिला मुख्यालय पर मूक धरना देकर छात्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ अपना कड़ा रोष व्यक्त किया।

धरने को संबोधित करते हुए विद्यार्थी परिषद के नेताओं ने कहा कि एक छात्रा जो अपने घर से कॉलेज की पढ़ाई के लिए निकली थी, उसकी रास्ते में हत्या कर दी जाना अत्यंत हृदयविदारक है। इस घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। परिषद ने आरोप लगाया कि प्रशासन की ढिलाई और लचर सुरक्षा व्यवस्था के कारण ही अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज हर छात्र और उनके अभिभावक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अगर प्रशासन मुस्तैद होता, तो शायद आज सिया हमारे बीच होती।

मीडिया प्रमुख आदित्य रॉय ने प्रेस को जारी बयान में स्पष्ट किया कि यह प्रदर्शन केवल एक शुरुआत है। यदि सरकार और पुलिस प्रशासन ने इस मामले में जल्द और संतोषजनक कार्रवाई नहीं की, तो विद्यार्थी परिषद पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन छेड़ने के लिए विवश होगी। विद्यार्थी परिषद ने सरकार व प्रशासन के समक्ष विभिन्न मांगें रखी हैंद्ब जिनमें दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। शिक्षण संस्थानों की ओर जाने वाले रास्तों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त और सुरक्षा बढ़ाई जाए। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## 20 से सिक्योरिटी गार्ड सुपरवाइजर के 120 पदों के लिए साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर के 120 पद अधिसूचित किए गए हैं। इन पदों को भरने के लिए साक्षात्कार 17 से 20 अप्रैल से आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी कुल्लू ने दी। उन्होंने बताया कि उपरोजगार कार्यालय आनी में 17 अप्रैल, उपरोजगार कार्यालय बंजार में 18 अप्रैल व जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू में 20 अप्रैल को प्रात: 11 बजे साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस भर्ती प्रक्रिया में दसवीं पास पात्र पुरुष अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थी की आयु 19 से 40 वर्ष निर्धारित किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को 18000 से 24000 रुपए तक वेतन दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त कंपनी द्वारा अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

# 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान से पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने साधा जनसंपर्क

अनंत ज्ञान



पूर्व विधायक रवि ठाकुर ग्रामीणों के साथ। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता और लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने घाटी में 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान के माध्यम से चुनावी व सामाजिक सक्रियता तेज कर दी है।

अभियान के तहत रवि ठाकुर ने लाहौल के दुर्गम और ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर जनता से सीधा संवाद स्थापित किया। बुधवार और वीरवार को चले सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान रवि ठाकुर ने लगभग 24 गांवों की धूल छानी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ आत्मीय संवाद किया और जमीनी स्तर पर उनकी समस्याओं को समझा। रवि ठाकुर ने इस दौरे के दौरान खंगसर, पुरद, टीलिंग, खीनंग, जगला, मूर्तिचा, रॉलिंग, शूलिंग, सिस्सू, रोपसंग, जुगलिंग, गोंपाथांग और शाशिन जैसे महत्वपूर्ण गांवों में दस्तक दी। जनसंपर्क का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना रहा। रवि ने ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग इनका लाभ उठा सकें। ग्रामीणों ने अपनी स्थानीय समस्याओं और भविष्य की आवश्यकताओं से नेता को अवगत कराया, जिस पर रवि ठाकुर ने त्वरित समाधान के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा और विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

### गोंपाथांग में बना 'संवाद का सेतु'

**गोंपाथांग** गांव में जनसंपर्क के दौरान एक भावुक दृश्य देखने को मिला, जहां पूर्व विधायक ने 'अपनों के बीच' बैठकर चर्चा की। यहां संवाद का एक ऐसा सशक्त सेतु बना जिसने राजनीति और जनता के बीच की दूरी को कम करने का काम किया। अभियान का मूल मंत्र हर घर तक जागरूकता पहुंचाना रहा।

# कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल मौहल कुल्लू का परिणाम शत-प्रतिशत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल मौहल, कुल्लू ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर शानदार उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय की छात्रा धरा गौर ने 97.4 फीसदी अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया।



धरा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों व विद्यालय के सकारात्मक वातावरण को दिया। विद्यालय में भार्या ठाकुर और अदिति ठाकुर ने 96.4 फीसदी अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि वैभव ठाकुर ने 95.2 फीसदी अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा संस्कृति मारपा ने 95 फीसदी, मायशा सूद ने 94.8 फीसद, मीनल सूद ने 93 फीसद, अनिमेष चौधरी ने 92.6 फीसदी, धैर्य नायक ने 91.6 फीसदी, तेनजिन नॉर्जीन ने 91.2 फीसदी, शारवी कदम ने 91 फीसदी व एलीना शर्मा ने 90 फीसदी अंक प्राप्त किए। इस परीक्षा में विद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। 80 फीसदी से 89 फीसदी के बीच 22 विद्यार्थी रहे, 70 फीसदी से 79 फीसदी के बीच 17 विद्यार्थी और 60 फीसदी से ऊपर 4 विद्यार्थी रहे।

विद्यालय की प्रधानाचार्या रैना वर्मा ने शत-प्रतिशत परिणाम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों व शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय के प्रबंधक राजीव शर्मा ने अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं व कहा कि लगातार चौथे वर्ष कैंब्रिज स्कूल से ही जिला टॉपर आना गर्व की बात है। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को सामूहिक प्रयास व अनुशासन का परिणाम बताया। विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों का मार्गदर्शन व अभिभावकों का सहयोग इस सफलता की नींव है। इस परिणाम ने विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को और मजबूत किया है तथा भविष्य में भी इसी तरह की उपलब्धियों की उम्मीद जताई गई है। यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गौरव का क्षण है और इससे पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

# संवेदनशील बनें, नशे से दूर रहें विद्यार्थी : लोकेंद्र

अनंत ज्ञान




आनी स्कूल में सीबीएसई पाठ्यक्रम आधारित नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर विधायक लोकेंद्र कुमार। अनंत ज्ञान

**आनी।** पीएम श्री राजकीय आदर्श माध्यमिक विद्यालय आनी में सीबीएसई पाठ्यक्रम आधारित नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर स्थानीय विधायक लोकेंद्र कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने मंडी की 19 वर्षीय बेटी सिया गुलेरिया के साथ हुई हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए समाज को अधिक संवेदनशील व जागरूक बनने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों व अन्य लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। विद्यालय पहुंचने पर शिक्षकों द्वारा विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रवक्ता कुंदन शर्मा ने औपचारिक स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। प्रात:कालीन सभा में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक लोकेंद्र कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को सही दिशा व संस्कार देना बेहद आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से संवेदनशील बनने व नशे से दूर रहने की अपील की। साथ ही अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की दिनचर्या व गतिविधियों पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि बच्चों का उठना-बैठना, मित्र मंडली और शाम के समय उनकी गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखना जरूरी है।

विधायक ने छात्रों को नैतिक मूल्यों का महत्व बताते हुए कहा कि महिलाओं व बेटियों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से सकारात्मक सोच अपनाने और समाज में सुरक्षित माहौल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य प्रभारी नरेश ठाकुर ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय भवन की मरम्मत से जुड़ी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। इस पर विधायक ने विद्यालय भवन की मरम्मत के लिए 3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष वेद ठाकुर, युवा मोर्चा के वरिष्ठ कार्यकर्ता राम सिंह ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान के लिए अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में आगामी पंचायत चुनावों को लेकर प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। इसी कड़ी में अतिरिक्त जिला उपायुक्त (एडीसी) अश्वनी कुमार ने वीरवार को जिला के समस्त खंड विकास अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक में चुनाव की पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। एडीसी अश्वनी कुमार ने स्पष्ट किया कि सभी खंड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए पूरी तरह मुस्तैद रहें। उन्होंने विशेष रूप से चुनाव ड्यूटी में तैनात होने वाले कर्मियों के प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि चुनाव के विभिन्न घटकों के लिए अलग-अलग रिसोर्स पर्सन तैयार किए जाएं। मतदान प्रक्रिया और मतगणना से जुड़ी बारीकियों का गहन प्रशिक्षण दिया जाए। बैठक में बताया गया कि चुनाव सामग्री संबंधित क्षेत्रों को भेज दी गई है। बैलेट पेपर राइटिंग के लिए केवल एआरओ द्वारा उपलब्ध करवाए गए डेटा का ही उपयोग किया जाए। इसके अतिरिक्त, चुनाव के दौरान सूचनाओं के सही आदान-प्रदान के लिए प्रत्येक स्तर पर मीडिया नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के भी निर्देश दिए गए। इस वर्चुअल बैठक में कुल्लू मुख्यालय से एसडीएम निशांत ठाकुर, जिला ग्राम विकास अधिकारी दयाराम ठाकुर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### 8 मई तक मांगी पोलिंग स्टेशनों की सूची

**प्रशासनिक** कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए एडीसी ने कहा कि सभी बीडीओ 8 मई 2026 तक अपने क्षेत्रों के सभी पोलिंग स्टेशनों की अंतिम सूची तैयार कर जिला मुख्यालय भेजें। इसके साथ ही उन्होंने बैलेट बॉक्स (मतपेटी) की समय पर जांच करने और मतगणना केंद्रों पर सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरे करने के आदेश दिए।

**स्वागत** विधायक अनुराधा राणा ने शूलिंग पंचायत में सुनी जनसमस्याएं

# लाहौल-स्पीति के हर गांव तक पहुंचेगा विकास



विधायक अनुराधा राणा जनसमस्याएं सुनती हुईं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा का वीरवार को नव गठित शूलिंग पंचायत पहुंचने पर स्थानीय जनता द्वारा पारंपरिक व भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरे का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना व क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करना था। विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लाहौल-स्पीति के कठिन भौगोलिक परिवेश के बावजूद विकास की रफ्तार को कम नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सड़क, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चल रहे प्रोजेक्ट्स को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाए। इस मौके पर ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष बिजली, पानी व शीतकालीन तैयारियों से जुड़ी कुछ मांगें रखीं, जिस पर विधायक ने त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक के साथ सीडब्ल्यूसी चेयरमैन शशि किरण, पूर्व जिला अध्यक्ष ज्ञालछन ठाकुर, जिला परिषद सदस्य निर्मला देवी, पूर्व उपप्रधान अशोक सहित स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

### सर्किल रेट को लेकर आ रही समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा

**केलांग।** डीसी कार्यालय केलांग के सभागार में वीरवार को एसकेटी रोड के सर्किल रेट से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता लाहौल-स्पीति की स्थानीय विधायक अनुराधा राणा ने की। बैठक में विशेष रूप से एसकेटी रोड के सर्किल रेट से जुड़े विभिन्न तकनीकी व व्यावहारिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान क्षेत्र के प्रभावित ग्रामीणों व भूमि मालिकों ने भी भाग लिया। प्रभावित लोगों ने सर्किल रेट को लेकर आ रही अपनी समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा और उचित सुधार के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। विधायक अनुराधा राणा ने जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े इन मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। सर्किल रेट निर्धारण में पारदर्शिता बरती जाए, ताकि स्थानीय लोगों को किसी प्रकार का आर्थिक नुकसान न हो। बैठक में एसडीएम केलांग कुनिका एकर्स सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन व जनता के बीच हुए इस सकारात्मक संवाद में क्षेत्र के विकास व जनहित के प्रति साझा प्रतिबद्धता दोहराई गई। विधायक ने आश्वासन दिया कि सरकार और प्रशासन प्रभावित लोगों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है।

# बेटियां करती हैं माता पार्वती की विशेष पूजा समृद्ध परंपराओं के साथ मिलता है आशीर्वाद

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** देवभूमि कुल्लू की पार्वती घाटी अपनी समृद्ध देव संस्कृति व अनूठी परंपराओं के लिए जानी जाती है।

यहां देवी-देवताओं की आस्था के बीच माता पार्वती की पूजा का विशेष महत्व है, जिसे क्षेत्र की बेटियां सामूहिक रूप से बड़े श्रद्धा भाव से निभाती हैं। पार्वती घाटी में वर्ष में लगभग चार बार विशेष पूजा का आयोजन किया जाता है, जिसे स्थानीय भाषा में 'धूप देना' कहा जाता है। इस अवसर पर क्षेत्र की बेटियां व महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर माता पार्वती के मंदिरों में एकत्रित होती हैं। वे माता को तिलक लगाकर धूप अर्पित करती हैं तथा अक्षत, पुष्प, चूड़ियां व चुनरियां भेंट स्वरूप चढ़ाती हैं। इस परंपरा की खास बात यह है कि इन आयोजनों के दौरान क्षेत्र की सभी बेटियां अपने मायके लौटती हैं व सामूहिक रूप से पूजा में भाग लेती हैं, जिससे पारिवारिक व सामाजिक संबंध भी मजबूत होते हैं। यह विशेष आयोजन चौंग गांव स्थित माता पार्वती मंदिर में होता है, जबकि हर तीसरे वर्ष विरशू मेले के दौरान जल्लूग्रां में भी इसका भव्य आयोजन किया जाता है। स्थानीय मान्यता के अनुसार माता पार्वती की इस पूजा से क्षेत्र में सुख-समृद्धि आती है व फसल भी अच्छी होती है। इसी के साथ बेटियों पर माता की विशेष कृपा व आशीर्वाद रहता है। श्रद्धालु मानते हैं कि माता का आशीर्वाद पूरे क्षेत्र पर बना रहता है, जिससे यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी जीवित और सशक्त बनी हुई है।

# सितंबर 2024 से पानी की बिलिंग बंद, मुश्किल में पेयजल उपभोक्ता

## विभाग की लचर व्यवस्था से उपभोक्ता खफा, बढ़ेगा आर्थिक बोझ

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** जल शक्ति विभाग के नाहन सब डिवीजन के करीब साढ़े बारह हजार शहरी उपभोक्ता पेयजल आपूर्ति के बिलों का करीब 20 महीनों से इंतजार कर रहे हैं। विभाग के अनुसार सितंबर 2024 से बिलिंग बंद है। उपभोक्ताओं को अभी भी आने वाले 6 महीने पेयजल आपूर्ति के बिलों का इंतजार करना पड़ेगा। ऐसे में हजारों उपभोक्ता विभाग की लचर कार्यप्रणाली से खफा हो रहे हैं। क्योंकि आने वाले समय मे विभाग सरचार्ज सहित हजारों के बिल थोपेगा।

### कारण: अभी तक टैरिफ नहीं था तय

**जानकारी** के अनुसार सरकार ने अभी तक टैरिफ ही तय नहीं कर रखा था। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों से भी पेयजल की कीमत वसूलने के मूड में थी, जिससे टैरिफ लटक रहे थे। इस कारण बिलिंग का काम ठप था। सरकार ने अब टैरिफ तय कर के विभाग को दी है। उपभोक्ताओं के अब सितंबर 2024 से हजारों के लंबित बिल बनेंगे।

### आरोप : नियमित बिलिंग प्रतिमाह नहीं

**उपभोक्ताओं** का आरोप है कि सालों से नियमित प्रतिमाह बिलिंग नही हो रही है, ऐसे में हज़ारों उपभोक्ताओं को भारी भरकम बिल थोपे जाते हैं। समय पर भुगतान होने पर सरचार्ज की अलग से मार झेलनी पड़ती है। विभाग यहीं नहीं ठहरता, भुगतान न होने की सूरत में सैकड़ों उपभोक्ताओं को वसूली के लिए लोक अदालत में खड़ा करवा देता है, जबकि समय पर भुगतान न होने के पीछे विभाग की लचर कार्यप्रणाली है।

### आज तक ऑनलाइन पेमेंट सुविधा नहीं

**हजारों** शहरी उपभोक्ताओं को न आज तक ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा दी गई, न ही ऑनलाइन बिलिंग की जा रही है। ऑनलाइन मसले पर सालों से विभाग की ऊपर से लेकर नीचे तक की अफसरशाही तकनीकी कारण बता कर पल्ला झाड़ती नजर आई है। ऐसे में शहर के हजारों उपभोक्ताओं को कैश काउंटर पर जाकर भुगतान करने के लिए धक्के खाने पड़ रहे हैं। वर्तमान में 90 फीसदी लोग ऑनलाइन भुगतान करना पसंद करते हैं।

**सितंबर** 2024 से पेयजल आपूर्ति की बिलिंग बंद है, क्योंकि सरकार ने पेयजल की दरें तय करनी थी। हाल ही में नई दरें तय होकर आई है।

**रोशन लाल, सहायक अभियंता, जल शक्ति विभाग**

## पाइनग्रोव स्कूल का सीबीएसई परीक्षा में असाधारण प्रदर्शन

# सानवी ने 99 .2% अंक प्राप्त कर किया टॉप

अनंत ज्ञान



परीक्षा में अव्वल रहे छात्र

**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाओं में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शैक्षणिक उत्कृष्टता की अपनी परंपरा को मजबूत किया है। इस वर्ष स्कूल के छात्रों ने बेहतरीन परिणाम हासिल किए हैं और कई उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की हैं। सर्वश्रेष्ठ पांच श्रेणी में सानवी ने 99.2% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदित सर्राफ ने 98% और सुहानी सिंगला ने 97.2% अंक हासिल किए। कुल 29 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जो स्कूल की मजबूत शैक्षणिक नींव को दर्शाता है। छात्रों ने 33 विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए, जिनमें विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, चित्रकला, हिंदुस्तानी संगीत (गायन) और सूचना प्रौद्योगिकी प्रमुख हैं। स्कूल का समग्र प्रदर्शन भी प्रभावशाली रहा, जिसमें 'सर्वश्रेष्ठ पांच' का औसत 86.2% दर्ज किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### वरिष्ठ पत्रकार नितिन भारद्वाज की माता के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार नितिन भारद्वाज की माता राधिका भारद्वाज का वीरवार को निधन हो गया। वह पिछले लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं और हाल ही में उनकी तबीयत अधिक बिगड़ गई थी। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे राजगढ़ क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय राधिका भारद्वाज एक धार्मिक एवं सरल स्वभाव की महिला थीं, जिन्होंने अपने जीवनकाल में परिवार और समाज के प्रति महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन से न केवल भारद्वाज परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र को अपूरणीय क्षति पहुंची है। इस दुखद अवसर पर राजगढ़ पत्रकार संघ ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नितिन भारद्वाज एक सक्रिय और समर्पित पत्रकार हैं, और इस कठिन समय में पूरा पत्रकार समुदाय उनके साथ खड़ा है। संघ के पदाधिकारियों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। वहीं राजगढ़ व्यापार मंडल ने भी शोक संदेश जारी करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### निजी बस से 102 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राजगढ़ में तैनात डिटेक्शन सैल ने मरियोग मुख्य सड़क गिरिपुल-सोलन रोड पर मादक पदार्थ की तलाशी के लिए वाहनों को चेकिंग कर रहा था, तो गिरी पुल से सोलन की तरफ एक प्राइवेट बस (मीनू कोच) से चैकिंग के दौरान लोहे के रैंक पर एक आटे की प्लास्टिक थैली लावारिस तौर पर रखी पाई गई। जिसके बारे में बस परिचालक व सभी सवारियो से पूछताछ की गई। जिसका कोई भी मालिक बस में मौजूद न पाया गया। चेक करने पर उसमें 102 ग्राम चरस बरामद हुई है। इस संदर्भ में पुलिस थाना राजगढ़ में मामला पंजीकृत कर दिया गया है तथा आरोपी की तलाश की जा रही है।

### सीएमओ ने एचपीवी टीकाकरण के संबंध में वर्चुअल बैठक की आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अजय पाठक ने वीरवार को एचपीवी टीकाकरण (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) के संबंध में सोलन जिला के समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। डॉ. अजय पाठक ने समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह चिकित्सा अधिकारियों व अन्य फील्ड स्टॉफ के साथ विद्यालयों में जाकर 14 से 15 वर्ष आयुवर्ग की लड़कियों से वार्तालाप करें। उन्होंने कहा कि लड़कियों के अभिभावकों का संपर्क सूत्र प्राप्त कर उन्हें भी टीकाकरण के बारे में जागरूक करें। लड़कियों व उनके अभिभावकों को एचपीवी टीकाकरण के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण व इससे संबंधित भ्रांतियों को दूर करने के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ व शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करें ताकि लोगों को जागरूक किया जा सके।

### बरायली पंचायत के युवाओं ने विधायक संजय अवस्थी से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट क्षेत्र की बरायली पंचायत के युवाओं ने अर्की के विधायक संजय अवस्थी से बाघल होटल दाड़लाघाट में मुलाकात की। इस दौरान युवाओं ने क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। विधायक संजय अवस्थी ने युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में सक्रिय भागीदारी करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि समाज में अनुशासन और एकता भी मजबूत करते हैं। युवाओं की मांग पर विधायक ने स्पोर्ट्स किट के लिए 15,000 रुपए की राशि प्रदान की और भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस पहल पर युवाओं ने उनका आभार जताया। इस अवसर पर अजय ठाकुर, अमित कुमार, नरेश, मुकुल, धीरज, लकी, गौरव, राहुल, कार्तिक, निखिल, जरतिक और विक्की सहित कई युवा उपस्थित रहे।

### फौजियों पर टिप्पणी को लेकर ईशिता के खिलाफ शिकायत, माफी के बावजूद विवाद थमा नहीं

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ईशिता पुंडीर द्वारा भारतीय सेना के जवानों को लेकर कथित तौर पर की गई विवादित टिप्पणी का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इस बयान के बाद जहां सोशल मीडिया पर व्यापक विरोध देखने को मिल रहा है, वहीं अब यह प्रकरण पुलिस तक भी पहुंच चुका है। माफी मांगने के बावजूद लोगों का गुस्सा शांत नहीं हो रहा है और विवाद बढ़ता जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सिरमौर जिले में इस मामले को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इन्फ्लुएंसर ने भारतीय सैनिकों के बारे में आपत्तिजनक और मानहानिकारक टिप्पणी की है, जिससे न केवल सैनिकों की भावनाएं आहत हुई हैं, बल्कि उनके परिवारों में भी रोष व्याप्त है। शिकायतकर्ता ने इस मामले में विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस प्रकार की टिप्पणियां न केवल सेना की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं, बल्कि समाज में गलत संदेश भी देती हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शिकायत पर संज्ञान लिया है और आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू होने की बात कही जा रही है।

## सोलन में भाजपा की जन आक्रोश रैली, कांग्रेस सरकार पर तीखे आरोप

# प्रशासनिक विफलता, विकास कार्यों में कमी को लेकर जोरदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, सोलन।** सोलन में वीरवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक बड़ा जन आक्रोश रैली एवं विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा के जनआक्रोश अभियान के तहत किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नेता शामिल हुए।

रैली के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला और प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की गई। इस प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. राजेश कश्यप ने किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राज्य सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। डॉ. कश्यप ने कहा कि वर्तमान सरकार प्रदेश को विकास के मार्ग पर आगे ले जाने के बजाय पीछे धकेल रही है और वित्तीय प्रबंधन तथा प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह से कमजोर हुई है। उन्होंने विधानसभा में पारित घाटे के बजट का उल्लेख करते हुए सरकार की आर्थिक स्थिति पर सवाल उठाए। यह रैली सोलन में राजनीतिक माहौल को और अधिक सक्रिय करती नजर आई, जहां दोनों प्रमुख दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज होता दिख रहा है।




सोलन में जन आक्रोश रैली निकालते भाजपा कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

### क्षेत्रीय मुद्दों पर सरकार को घेरा

**भ्रष्टाचार,** प्रशासनिक विवादों और कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर भी चिंता जताई और विभिन्न घटनाओं का उल्लेख करते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्रीय मुद्दों जैसे स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, शैक्षणिक संस्थानों के संचालन, पेयजल योजनाओं की प्रगति और बंद पड़े सरकारी कार्यालयों को लेकर भी सरकार की आलोचना की।

### सोलन में अपेक्षित विकास कार्य नहीं हुए

**भाजपा** नेताओं ने आरोप लगाया कि सोलन क्षेत्र में पिछले वर्षों में अपेक्षित विकास कार्य नहीं हुए हैं और कई परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं। साथ ही उन्होंने जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ और स्थानीय प्रशासनिक निर्णयों को लेकर भी असंतोष व्यक्त किया। नेताओं ने दावा किया कि जनता वर्तमान सरकार की नीतियों से असंतुष्ट है और आने वाले समय में इसका राजनीतिक प्रभाव देखने को मिल सकता है।

## हत्या मामले में बद्दी पुलिस की त्वरित कार्रवाई

# 24 घंटे के भीतर दोनों आरोपी गिरफ्तार, मामले की जांच जारी

अनंत ज्ञान

**बद्दी।** औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के तहत बिलांवाली लबाणा में युवक की हत्या के मामले में बद्दी पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस थाना बद्दी में बीती 14 अप्रैल को हत्या का मामला दर्ज किया गया था, जिसमें एक युवक का शव खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया था। मृतक की पहचान ओमकार चौधरी पुत्र दिलावर सिंह निवासी जिला बिजनौर (उ.प्र.) के रूप में हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बद्दी विनोद धीमान द्वारा स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे तथा एफएसएल टीम द्वारा मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए गए। अभियोग दर्ज होने के पश्चात बद्दी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर ही दोनों आरोपियों का पता लगा लिया था। दोनों आरोपी सन्नी कुमार पुत्र स्व. मुरारी सिंह निवासी समस्तीपुर (बिहार), हाल निवासी गोपाल विलेज, बिलांवाली, बद्दी उम्र 30 वर्ष तथा राहुल सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) उम्र 26 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## हत्या मामले में उत्कृष्ट कार्य पर बद्दी पुलिस के जवान सम्मानित



अनंत ज्ञान

**ओम शर्मा, बद्दी।** बद्दी क्षेत्र के बिलांवाली लबाणा में हुए युवक की हत्या के मामले में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने पर बद्दी पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है। पुलिस अधीक्षक बद्दी विनोद धीमान ने पुलिस कर्मियों के कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र (C.C. Class-III) प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित पुलिस कर्मियों में निरीक्षक शिव राम कृष्ण (थाना प्रभारी, पुलिस थाना बद्दी), उप निरीक्षक विपन कुमार (अतिरिक्त थाना प्रभारी), एएसआई मनोज कुमार, मुख्य आरक्षी दीपक कुमार, मुख्य आरक्षी गौतम सैनी (साइबर सेल), मुख्य आरक्षी प्रवीण (सीसीटीवी सेल), आरक्षी बिट्टू राम, आरक्षी प्रकाश चंद, आरक्षी मनप्रीत सिंह तथा आरक्षी रॉकी शामिल हैं।

## कसौली हेरिटेज मार्केट में अग्निकांड के बाद पसरा सन्नाटा

# कारोबार ठप, जली हुई दुकानें देख पर्यटक निराश होकर लौटे




अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** पर्यटन नगरी कसौली को शांत वादियों और हेरिटेज मार्केट के लिए जाना जाता है, पर अग्निकांड के बाद यहां सन्नाटा छाया हुआ है । आम दिनों में जहां पर्यटकों की चहल-पहल से बाजार गुलजार रहता था, वहीं अब आग की घटना के बाद माहौल में उदासी साफ झलक रही है। हाल ही में हेरिटेज मार्केट में लगी भीषण आग ने कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे स्थानीय कारोबारियों को भारी नुकसान हुआ। इस घटना का असर अब पर्यटन पर भी देखने को मिल रहा है। घूमने आए पर्यटकों के चेहरों पर भी मायूसी दिखाई दे रही है और कई लोग निराश होकर वापस लौट रहे हैं। पर्यटकों का कहना है कि वे कसौली की खूबसूरती, शांति और खासकर हेरिटेज मार्केट की रौनक देखने आए थे, लेकिन जली हुई दुकानों और सुनसान माहौल को देखकर उन्हें निराशा हुई।

### पर्यटन के लिहाज से नुकसानदायक घटना

**पर्यटकों** ने स्थानीय दुकानदारों के प्रति सहानुभूति भी जताई। उनका कहना है कि यह घटना न केवल व्यापारियों के लिए बड़ा झटका है, बल्कि पर्यटन के लिहाज से भी नुकसानदायक है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द बाजार को दोबारा व्यवस्थित किया जाए, ताकि कसौली की पहचान और आकर्षण बना रहे।

**यह** घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं और इससे प्रभावित व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ है। सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है, उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

**विनोद सुल्तानपुरी**
**विधायक, कसौली**

# उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन व सेवाओं के लिए डॉ. संदीप खिमटा सम्मानित



***अनंत ज्ञान, सोलन।*** *जिला प्रशासन सोलन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय हिमाचल दिवस-2026 समारोह में पशुपालन विभाग में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन और सेवाओं के लिए हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन आरएस बाली ने डॉ. संदीप खिमटा को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपायुक्त सोलन द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र में डॉ. खिमटा के योगदान की सराहना की गई है।*

# हॉस्टल से गिरकर छात्र गंभीर घायल, मामले की जांच जारी

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जेपी यूनिवर्सिटी में बुधवार दे रात एक दुखद हादसा सामने आया है, जहां आईटी डिपार्टमेंट के एक छात्र ने कथित तौर पर हॉस्टल से कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के बाद छात्र को गंभीर हालत में तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे बेहतर उपचार के लिए आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया। छात्र की उम्र लगभग 18 वर्ष है और वह कल्लू का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि अस्पताल में उसके परिजन भी पहुंच गए हैं। घटना के बाद यूनिवर्सिटी परिसर में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और छात्र काफी चिंतित हैं। बता दें कि हादसे के बाद का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। पुलिस व प्रशासन मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं। जानकारी के अनुसार घटना के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर आर के शर्मा ने शांति बनाए रखने की अपील की है। छात्र का इलाज आईजीएमसी में चल रहा है उसकी हालत स्थिर है।

**◆ यूनिवर्सिटी में माहौल तनावपूर्ण, आईजीएमसी में चल रहा ईलाज, हालत स्थिर**

# पांवटा साहिब में एचआरटीसी बस रोके जाने पर मामला दर्ज

अनंत ज्ञान

**नाहन।** पांवटा साहिब में परिवहन व्यवस्था से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक निजी बस संचालक द्वारा एचआरटीसी की बस को बीच रास्ते में रोक दिया गया। जानकारी के अनुसार 12 अप्रैल को शिमला से शिलाई जा रही एचआरटीसी बस को जानबूझकर रोका गया, जिससे न केवल बस संचालन बाधित हुआ, बल्कि यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस घटना ने सार्वजनिक परिवहन की सुरक्षा और सुचारू संचालन पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

शिकायत अड्डा प्रभारी राजेंद्र सिंह द्वारा दर्ज करवाई गई, जिसमें बताया गया कि आरोपी ने बस के बुकिंग क्लर्क, चालक और परिचालक के साथ तीखी बहस की। विवाद इतना बढ़ गया कि बस को आगे बढ़ने से रोक दिया गया। इस दौरान यात्रियों को असुविधा हुई और निर्धारित समय पर सेवा प्रभावित हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

**मामले** की गहन जांच जारी है और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

**निश्चिंत सिंह नेगी**
**एसपी, सिरमौर**

## गुरुकुल विद्यालय राजगढ़ का सीबीएसई 10वीं का परिणाम शत-प्रतिशत

# मीनाक्षी 95.6% अंक लेकर रही प्रथम

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** राजगढ़ स्थित गुरुकुल पीच वैली इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई कक्षा 10वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनु दानी ने बताया कि छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है।

मीनाक्षी ने 500 में से 478 अंक (95.6 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सोनम ने 476 अंक (95.2 प्रतिशत) लेकर द्वितीय स्थान तथा साक्षी वर्मा ने 468 अंक (93.6 प्रतिशत) के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। नवेशा ने 467 अंक और कार्तिक ने 466 अंक प्राप्त कर क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान पाया। कुल 18 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### डीएवी अंबुजा विद्या निकेतन दाड़लाघाट के छात्रों का सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान दाड़लाघाट।** डीएवी अंबुजा विद्या निकेतन दाड़लाघाट के छात्रों ने एक बार फिर सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। इस वर्ष परीक्षा में कुल 63 विद्यार्थियों ने भाग लिया और सभी ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय में 13 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 25 छात्रों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। रोहन शर्मा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। दृष्टि चौहान 96.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि जाह्नवी गुप्ता ने 95.6 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेघना ठाकुर 94.8 प्रतिशत और साक्षी ठाकुर 93.6 प्रतिशत अंकों के साथ क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य नसीब ठाकुर ने छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी तथा इसे सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया।

## राजगढ़ बैसाखी मेला — राजेश और हिमाचली जोड़ी के नाम रही राजगढ़ मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या

# अर्शप्रीत, राजेश त्यागी के गानों पर युवाओं ने लगाए ठुमके

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** राजगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय बैसाखी मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या इस बार पंजाबी और पहाड़ी संगीत के नाम रही। मंच पर प्रसिद्ध पंजाबी गायक अर्शप्रीत, हिमाचली जोड़ी और लोक गायक राजेश त्यागी के शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। तेज बीट और लोकप्रिय लोकगीतों पर युवाओं ने खूब नृत्य किया, जिससे पूरा मेला परिसर उत्साह और उमंग से भर गया।

अर्शप्रीत ने दमादम मस्त कलंदर, जुगनी जैसे लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को पूरी तरह रंगीन बना दिया। वहीं राजेश त्यागी ने अपनी पहाड़ी नाटियों से दर्शकों को बांधे रखा। विशेष रूप से 'बसी गोई दिल दी मेरे प्यारिए' और 'हाय रे मेरिए जौनसारिए' जैसे गीतों पर पंडाल झूम उठा। हिमाचली जोड़ी और अन्य स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से लोक संस्कृति की छटा बिखेरी।

हालांकि इस सांस्कृतिक संध्या के मुख्य आकर्षण माने जा रहे बॉलीवुड गायक अमित कुमार का प्रदर्शन दर्शकों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सका। रात करीब 9:30 बजे मंच पर आने के बाद उन्होंने अपने कार्यक्रम की शुरुआत पंजाबी गीत 'मित्रां दी छतरी उड़ गई' से की, लेकिन प्रस्तुति में वह अपेक्षित जोश और प्रभाव नहीं दिखा सके। इसके बाद कुछ पहाड़ी और हिंदी गीतों के बावजूद दर्शकों की रुचि कम होती गई और कई लोग पंडाल छोड़कर जाने लगे। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि मेले और त्योहार प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखते हैं और समाज में आपसी मेल-जोल, सद्भाव और एकता को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर कई प्रशासनिक और राजनीतिक हस्तियां भी मौजूद रहीं, जिन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।



मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार। अनंत ज्ञान

# भारत और ऑस्ट्रिया के बीच खाद्य सुरक्षा सहित कई समझौते

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** स्थित हैदराबाद हाउस में गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर के बीच अहम द्विपक्षीय वार्ता हुई। यह बैठक दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

यह क्रिश्चियन स्टॉकर का पहला अधिकारिक भारत दौरा है, जो 14 से 17 अप्रैल के बीच हो रहा है। इस दौरे को भारत-ऑस्ट्रिया साझेदारी को नई दिशा देने के रूप में देखा जा रहा है।

बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, ग्रीन



टेक्नोलॉजी, डिजिटल इनोवेशन और उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। इसके अलावा वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच कई समझौता ज्ञापनों के आदान-प्रदान और संयुक्त प्रेस बयान की भी संभावना जताई गई है। यह उच्चस्तरीय बैठक द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे पहले चांसलर स्टॉकर ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भी मुलाकात की। इससे पहले चांसलर स्टॉकर ने नई दिल्ली स्थित राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने वहां पुष्पांजलि अर्पित करते हुए गांधीजी के शांति, अहिंसा और वैश्विक सद्भाव के संदेश को याद किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि ऑस्ट्रिया के चांसलर ने बापू और उनके आदर्शों को याद करते हुए राजघाट पर श्रद्धांजलि दी और उनके सार्वकालिक संदेश पर चिंतन किया। (अनंत ज्ञान)

## लश्कर के को-फाउंडर आमिर पर फायरिंग, भर्ती

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान के लाहौर में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक सदस्य आमिर हमजा पर अज्ञात हमलावरों ने गोली चला दी। हमले के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावरों ने लाहौर में एक न्यूज चैनल के दफ्तर के बाहर उन पर फायरिंग की। हमला किसने और क्यों किया, यह अभी साफ नहीं हो पाया है। यह एक साल से भी कम समय में दूसरा मौका है, जब हमजा पर हमला हुआ है। इससे पहले पिछले साल मई में भी उनके घर के बाहर अज्ञात लोगों ने उन्हें गोली मारी थी। पिछले हमले के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। इसके बाद पाकिस्तानी अधिकारियों ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी थी, हालांकि उस घटना पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया था। आतंकी आमिर हमजा 1987 में लश्कर-ए-तैयबा की स्थापना में शामिल 17 लोगों में से एक है। वह आतंकी गतिविधियों, प्रचार, फंड जुटाने और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कई अखबारों और पत्रिकाओं का संपादन करता था। वह लश्कर की सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी का सदस्य भी रहा है और अन्य आतंकी समूहों के साथ संबंध स्थापित करने में एक्टिव रहा है। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 123 अंक लुढ़का

### निफ्टी भी 35 अंक गिरा, ऑटो के शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली

**एजेंसी, नई दिल्ली**




**सेंसेक्स** वीरवार को 123 अंक (0.16%) की गिरावट के साथ 77,989 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 35 अंकों (0.14%) की गिरावट है, ये 24,197 के स्तर पर आ गया। आज के कारोबार में मेटल और आईटी शेयरों में खरीदारी रही, जबकि प्राइवेट बैंक में सबसे ज्यादा बिकवाली रही। निफ्टी ने 153.90 अंक उछल कर 24,385.20 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक उछल कर 24,400.95 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद प्रॉफिट बुकिंग के चक्कर में हुई बिकवाली की वजह से निफ्टी की चाल कमजोर पड़ने लगी। लगातार हो रही बिकवाली के कारण पहले आधे घंटे के कारोबार में ही यह सूचकांक गिर कर 24,275.20 अंक के स्तर पर आ गया। राहत की बात यही रही कि बिकवाली का दबाव बनने के बावजूद यह सूचकांक लगातार हरे निशान में ही कारोबार करता रहा। शेयर बाजार में 15 अप्रैल को तेजी रही। सेंसेक्स 1264 अंक (1.64%) चढ़कर 78,111 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 388 अंक (1.63%) बढ़कर 24,231 पर आ गया। कारोबार में ऑटो, आईटी, मेटल और रियल्टी के शेयरों में ज्यादा खरीदारी रही। (अनंत ज्ञान)

## सुप्रीम कोर्ट का अशोक चक्र के लिए गाइडलाइंस की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय ध्वज पर अशोक चक्र के प्रदर्शन के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि भावुक मुद्दों पर मुकदमेबाजी करने के बजाय समाज के लिए रचनात्मक कार्य करें। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने वाराणसी के एक चौराहे पर स्थापित अशोक चक्र की तस्वीर दिखाते हुए कहा कि इसके प्रदर्शन में कई अनियमितताएं हैं और इसके लिए मानक प्रोटोकॉल की जरुरत है।

तब कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता की मंशा भले ही अच्छी है, लेकिन ये मामला न्यायिक हस्तक्षेप के लायक नहीं है। इन चीजों को लेकर इतना भावुक होने की जरुरत नहीं है। आपका विचार अच्छा है। आपने अधिकारियों को सूचित कर दिया है। अब यह अधिकारियों को देखना है कि वे क्या करना चाहते हैं। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि न्यायपालिका का समय अधिक गंभीर सामाजिक मुद्दों पर खर्च होना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता फिर 'खराब', एक्यूआई 223 दर्ज




**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी में एक बार फिर वायु गुणवत्ता खराब दर्ज की गई है। वीरवार को न्यूनतम तापमान 20.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम में औसत से 1.3 डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी।

विभाग ने दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 223 दर्ज किया गया जो 'खराब' श्रेणी में आता है। सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 को 'मध्यम', 201 से 300 को 'खराब', 301 से 400 को 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है। (अनंत ज्ञान)

## नक्सलियों के आईईडी हमले में पांच जवान हुए घायल

**एजेंसी, रांची।** झारखंड के अति नक्सल प्रभावित सारंडा जंगल क्षेत्र में सुरक्षाबलों के खिलाफ एक बड़ा हमला हुआ है। मनोहरपुर प्रखंड अंतर्गत छोटानागरा थाना क्षेत्र के बालिबा गांव के पास चडराडेरा में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट में पांच जवान घायल हो गए। इस घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। जानकारी के अनुसार, सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ हुई। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा पहले से प्लांट किए गए आईईडी में विस्फोट हो गया। इस ब्लास्ट में कोबरा बटालियन 205 के इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य चार जवान मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से जख्मी हुए हैं। घटना की पुष्टि चाईबासा के एसपी अमित रेणु ने की है। उन्होंने बताया कि यह हमला नक्सलियों की सुनियोजित साजिश का हिस्सा प्रतीत होता है। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है और अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है। घायल जवानों को तत्काल एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। गंभीर रूप से घायल जवानों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य का इलाज स्थानीय स्तर पर किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## तुर्किये में छात्र ने की स्कूल में गोलीबारी, नौ की मौत




**एजेंसी, अंकारा**

**तुर्किये** के दक्षिणी हिस्से में स्थित एक मिडिल स्कूल में बुधवार को हुई गोलीबारी में घायल 20 लोगों में पांच और लोगों ने दम तोड़ दिया। इस घटना में चार लोगों की मौके पर मौत हो गई थी। घायलों में छह की हालत गंभीर है। यह जानकारी गृहमंत्री मुस्तफा सिफ्टसी ने दी।

मुस्तफा सिफ्टसी ने कहमनमारास शहर से जारी बयान में कहा कि नौ लोगों की मौत हो गई है। घायलों में से छह लोग फिलहाल इंटेंसिव केयर में हैं। इनमें से तीन की हालत अत्यधिक गंभीर है।' अधिकारियों ने बताया कि ओनिकिसुबात जिले के आयसेल कैलिक मिडिल स्कूल में करीब 13 साल के एक छात्र ने अंधाधुंध गोलीबारी की।

इस घटना से ठीक एक दिन पहले एक अन्य स्कूल में एक हमलावर ने 16 लोगों को घायल कर दिया था और फिर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। गवर्नर मुकर्रम उनलुअर ने बताया कि एक छात्र अपने बैग में बंदूकें लेकर स्कूल आया था। हमारा मानना है कि ये बंदूकें उसके पिता की थीं। वह दो क्लासरूम में घुसा और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे कई लोग घायल हो गए और कुछ की मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

## चांदी 3,656 रुपए महंगी, 2,53 लाख पर पहुंची

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में वीरवार को लगातार दूसरे दिन तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी 3,656 रुपए बढ़कर 2.53 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले बुधवार को इसकी कीमत 2.49 लाख रुपए प्रति किलो थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 440 रुपए बढ़कर 1,53,305 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले 15 अप्रैल को इसकी कीमत 1,52,865 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। बीते दो दिन में सोना 3,294 और चांदी 15,694 रुपए महंगी हुई है। सोना-चांदी में ये तेजी अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता फिर शुरू होने की उम्मीद बढ़ने से आई है। इससे कच्चे तेल की कीमतें गिरी हैं, महंगाई का डर कम हुआ और डॉलर कमजोर पड़ा, जिससे निवेशक सोने-चांदी की तरफ लौटे हैं।

## 10वीं की छात्रा ने परीक्षा में कम नंबर आने पर खाया जहरीला पदार्थ, रास्ते में मौत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नारनौल क्षेत्र में वीरवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 10वीं कक्षा की एक छात्रा ने कम नंबर आने से आहत होकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है व परिवार सदमे में है। पुलिस के अनुसार, गांव कोजिंदा निवासी 16 वर्षीय छात्रा शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में पढ़ती थी। बुधवार शाम को सीबीएसई बोर्ड का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ था। बताया जा रहा है कि छात्रा गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों में फेल हो गई थी, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान हो गई। वीरवार सुबह छात्रा ने घर पर ही जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों को जब इस बारे में पता चला तो वे तुरंत उसे उपचार के लिए नारनौल के नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन छात्रा को जयपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव को वापस नारनौल के नागरिक अस्पताल लेकर आए और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि छात्रा परीक्षा परिणाम को लेकर तनाव में थी।

## अकाली नेता की गिरफ्तारी ने सुखबीर बादल का 'पंजाब बचाओ' ड्रामे की पोल खोली: पन्नू

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के स्टेट मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने शिरोमणि अकाली दल (बादल) पर तीखा हमला करते हुए कहा कि अकाली दल का इतिहास काले कामों से भरा है। पन्नू ने कहा कि 2007 से 2017 तक अकाली-भाजपा सरकार के दौरान पंजाब ने जो संताप झेले हैं, उनकी लिस्ट बहुत लंबी है। चाहे गोरे लोगों का काला धंधा हो, केबल माफिया हो, बस का धंधा हो या गैंगस्टर कल्चर को बढ़ावा देना हो, हर जगह अकाली नेताओं की सीधी संलिप्तता साफ दिखती थी।

आज एक बार फिर उनका घिनौना चेहरा जनता के सामने आ गया है। बलतेज पन्नू ने मोगा के ताजा घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि वहां एक अकाली नेता व एमसी जगजीत सिंह जीता को देह व्यापार का धंधा चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, जिस होटल में लड़कियों से यह गलत काम करवाया जा रहा था, उसका मालिक जगजीत सिंह जीता है। छापेमारी के दौरान पुलिस को मौके से कई लड़कियां मिलीं, जिनमें एक नाबालिग लड़की का मिलना बहुत दिल दहला देने वाला और चिंता की बात है। पन्नू ने सवाल उठाया कि गिरफ्तारी के इतने घंटे बाद भी किसी बड़े अकाली नेता ने इस पर कोई प्रतिक्रिया क्यों नहीं दी? क्या उनकी चुप्पी सीधे तौर पर अपराधियों का समर्थन करना है? अकाली दल की 'पंजाब बचाओ यात्रा' पर तंज कसते हुए पन्नू ने कहा कि मोगा में इस रैली के दौरान जगजीत सिंह जीता की सीनियर अकाली नेताओं के साथ तस्वीरें सामने आई हैं। उन्होंने पूछा कि क्या ये लोग ऐसे ही पंजाब को बचाएंगे? जिनके हाथ ऐसे धंधों से सने हैं जो मासूम लड़कियों का भविष्य अंधेरे में धकेलते हैं, उन्हें पंजाब बचाने की बात करना शोभा नहीं देता। मोगा में पहले भी सामने आए सेक्स स्कैंडल में कई सीनियर अकाली नेताओं के नाम सामने आए हैं, जिससे साबित होता है कि यह पार्टी अनैतिकता और बुरे धंधों का गढ़ बन गई है। पन्नू ने पंजाब के लोगों से अपील करते हुए कहा कि आज पंजाब को किसी और से नहीं बल्कि ऐसे लोगों से बचाने की ज़रूरत है जिन्होंने अपने निजी फायदे और लालच के लिए कोई भी बुरा धंधा नहीं छोड़ा। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप सरकार ऐसे किसी भी अपराधी को बख्शने वाली नहीं है, चाहे वह कितना भी रसूखदार क्यों न हो।

## एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने 15,200 से ज्यादा जल निकायों का निर्माण किया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** एचडीएफसी बैंक के मुख्य कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) कार्यक्रम, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने घोषणा की है कि उसने पूरे भारत में कुल मिलाकर 15,289 से ज्याद जल निकायों का निर्माण किया हैं व उनकी मरम्मत की है। ये निकायें 10,430 से ज्यादा गांवों में फैले हैं और इनसे 14.92 लाख परिवारों को मदद मिली है। इसके 'स्वास्थ्य और स्वच्छता' ( हेल्थ एंड हाइजीन) स्तंभ के तहत, 950 से ज्यादा गांवों को सामुदायिक शुद्धिकरण प्रणालियों के माध्यम से सुरक्षित पेयजल भी उपलब्ध कराया गया है। एचडीएफसी बैंक की सीएसआर हेड, नुसरत पठान ने इस मौके पर बोलते हुए कहा, 'एचडीएफसी बैंक परिवर्तन में हमने समुदायों तक पहुंचने और उनकी ज़रूरतों को पूरा करने का काम किया है, चाहे पहाड़ों में 'आइस स्तूप' बनाना हो या उन गांवों में पानी शुद्ध करने वाले प्लांट लगाना हो, जहां पहले कभी साफ़ नल का पानी नहीं पहुंचा था। 'परिवर्तन' के जरिए हमारा काम वाटरशेड डेवलपमेंट, बारिश के पानी को जमा करना, जल निकायों का निर्माण और उन्हें फिर से जीवित करना, आखिरी छोर तक सिंचाई का इंफ्रास्ट्रक्चर पहुंचाना और पर्यावरण के अनुकूल खेती के तरीकों को बढ़ावा देना है। 15,000 से ज्यादा जल संरचनाएं बनाना व लगभग एक हजार गांवों को सुरक्षित पीने का पानी उपलब्ध कराना एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन हमारी असली सफलता उन खेतों में दिखती है जहा अब दूसरी फसल भी उगती है और उन बच्चों में जो अब गंदे पानी की वजह से बीमार नहीं पड़ते। हम एक 'जल-सुरक्षित भारत' बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।' बैंक ने इन सभी क्षेत्रों में जल से जुडे कई तरह के संसाधनों का निर्माण के साथ-साथ उनकी मरम्मत की है। इनमें खेतों में तालाब ( फार्म पोंडस), चेक डैम, पानी के बंटवारे के लिए 'जल मीनार', और स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों तथा घरों पर वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) प्रणालियां शामिल हैं।

## एआई सिनेमा की तकनीक तो बदल देगा, लेकिन मानवीय जुड़ाव को कभी नहीं बदल सकता: मधुर

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित दो दिवसीय साहित्य समारोह 'लिटवर्स' का गुरुवार को उत्साहपूर्ण समापन हुआ। इस अवसर पर देशभर से आए प्रसिद्ध कलाकारों, साहित्यकारों, लेखकों, कवियों और छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

समापन सत्र में प्रसिद्ध फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि एआई और तेजी से बदलती तकनीक के साथ फिल्म निर्माण एक नए युग में प्रवेश कर रहा है, लेकिन कहानी कहने की प्रक्रिया में मानवीय संवेदना और भावनात्मक जुड़ाव हमेशा अनिवार्य रहेगा। उन्होंने कहा कि तकनीक भले ही सहायक हो, लेकिन सिनेमा की आत्मा वास्तविक अनुभवों और मानवीय भावनाओं में निहित है। भंडारकर ने यह भी कहा कि फिल्म निर्माण केवल कला नहीं बल्कि एक बड़ा व्यवसाय भी है, इसलिए इसमें सामाजिक प्रभाव और व्यावसायिक सफलता के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है,



क्योंकि इसमें जोखिम भी अधिक रहता है।

उन्होंने आगे कहा कि उनकी फिल्मों का अधिकांश हिस्सा वास्तविक घटनाओं पर आधारित होता है, जिसे प्रभावी बनाने के लिए कुछ हद तक नाटकीय रूप दिया जाता है, लेकिन प्रस्तुति हमेशा जिम्मेदारी के साथ होनी चाहिए ताकि अनावश्यक उत्तेजना न फैले। उन्होंने यह भी कहा कि सिनेमा समाज की सोच को बदलने और नई दृष्टि देने की क्षमता रखता है। इस अवसर पर पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल (पीवीएसएम, एवीएसएम (बार)) केजे सिंह ने 'युद्ध और साहित्य' विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि युद्ध केवल रणनीति का विषय नहीं होता, बल्कि यह विचार, संवाद और नैरेटिव का भी परिणाम होता है। उन्होंने कहा कि संघर्ष के समय रचनात्मकता और विचारों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि वही भविष्य की दिशा तय करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि युद्धों की वास्तविक समझ उनके पीछे छिपी कहानियों और उनके प्रस्तुतीकरण से बनती है। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के सीनियर मैनेजिंग डायरेक्टर दीप इंदर सिंह संधू ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के समग्र विकास के लिए प्रायोगिक शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दे रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे साहित्यिक आयोजन छात्रों को कक्षा से बाहर सीखने और अभिव्यक्ति के नए अवसर प्रदान करते हैं। समारोह के दौरान कवि सम्मेलन, टोस्टमास्टर्स वर्कशॉप और ओपन माइक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने कविता, कहानी, गायन और स्टैंड-अप कॉमेडी जैसी विभिन्न श्रेणियों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में देशभर के प्रतिष्ठित कवियों और कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

## आपात स्थिति में बिल्डिंग खाली कर बचाव अभ्यास का किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, लोकल हैड ऑफिस, सैक्टर-17, चंडीगढ़ में मॉक फायर ड्रिल का अभ्यास किया गया। इस दौरान आपातकालीन नंबर-112 पर कॉल करके चंडीगढ़ फायर सर्विस को सूचित किया गया तथा आपातकालीन सायरन बजने पर फ्लोर मार्शल्स की सहायता से बिल्डिंग को खाली करवाया गया।

मौके पर पहुंची दमकल टीम व चंडीगढ़ फायर सर्विस के ऑफिसर के नेतृत्व में बिल्डिंग में आग बुझाने का अभ्यास प्रदर्शन किया गया व बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से दो स्टाफ सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस अवसर पर एंबुलेंस भी बुलाई गई, जिसमें चिकित्सा दल द्वारा बिल्डिंग में फंसने पर बाहर निकाले गए स्टाफ को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने का प्रदर्शन किया गया। इस फायर ड्रिल मे बैंक के अग्निशमन अधिकारी पवन कुमार द्वारा सभी स्टाफ सदस्यों को आग से बचने व सुरक्षित बाहर निकलने की जानकारी दी गई। फॉयर ड्रिल पूर्ण होने पर कृष्ण शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक, चंडीगढ़ मंडल द्वारा नीरज भारती, महाप्रबंधक (नेटवर्क-2), मनमीत सिंह छाबरा, महाप्रबंधक (नेटवक-1) व काजल कुमार भौमिक, उपमहाप्रबंधक व मंडल विकास अधिकारी की उपस्थिति में नगर निगम चंडीगढ फॉयर विभाग के अधिकारियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

इस अभ्यास के अंत में काजल कुमार भौमिक द्वारा सभी फॉयर विभाग के अधिकारियों व पुलिसकर्मियों तथा सभी स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## सभी नगर निकायों में एक मई से चलेगा स्पेशल स्वच्छता अभियान: सैनी

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि राज्य के सभी नगर निकाय संस्थानों में आगामी एक मई 2026 से दो सप्ताह के लिए स्पेशल स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, इस अभियान के अलावा वर्षभर चलने वाले सफाई कार्यों में वार्ड समिति के सदस्यों की अहम भूमिका रहेगी।

उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों को अपनी जिमेदारी समझकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छ भारत मिशन' के विजन को लक्ष्य तक पहुंचाना है। स्वच्छता के मामले में बेहतरीन कार्य करने वाले वार्डों को रैंकिंग के आधार पर उनको इन्सेंटिव देकर सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शहरी स्थानीय निकायों में नवगठित वार्ड समितियों के सदस्यों से रुबरु हो रहे थे। सैनी ने सभी सदस्यों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था लोगों की सहभागिता से ही संभव है, क्योंकि जब तक प्रत्येक व्यक्ति स्वच्छता की स्वयं जिम्मेवारी नहीं लेगा, तब तक




इस अभियान को अंजाम तक पहुंचाना संभव नहीं है।

उन्होंने समिति के सदस्यों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के शहरी नगर निकाय में कूड़ा उठाने वाले ठेकेदार से मिलकर उनके वाहन का रुट प्लान इस तरह से तैयार करें कि हर घर तक वाहन पहुंचे और सभी घरों का समय पर कूड़ा उठान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने इन सदस्यों से स्वच्छता अभियान के लिए सुझाव देने के लिए भी प्रेरित किया व कहा कि अच्छे सुझावों पर गौर करके उनको कार्य में सम्मिलित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने वार्ड समिति के इन सदस्यों को जनता व सरकार के मध्य एक सेतु बताते हुए कहा कि अगर कोई अधिकारी कूड़े के उठान से संबंधित उनकी शिकायत नहीं सुनता है तो राज्य मुख्यालय पर एक हेल्पलाइन नंबर भी दिया जाएगा, जिस पर वे अपनी शिकायत उच्च स्तर तक पहुंचा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि निर्धारित स्थान की बजाए अन्य स्थान पर कूड़ा फेंकने वाले नागरिकों को समझाएं, टोकें, फिर धीरे-धीरे उनका भी मूड बदलने लगेगा और वे भी स्वच्छता में सहभागी बन जाएंगे। उन्होंने नुक्कड़ नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों से भी जागरूक करने की बात कही। उन्होंने वार्ड समिति के सदस्यों को 'मेरा वार्ड, स्वच्छ वार्ड' के संकल्प को पूरा करने के लिए आह्वान करते हुए कहा कि उन्होंने अधिकारियों को इन सदस्यों की शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर करने के लिए निर्देश दे दिए हैं। उन्होंने सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्र में सभी समुदायों के बीच शांति, सौहार्द व भाईचारा रखने में सहयोग करने की अपील भी की है।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक पार्क, स्ट्रीट लाइट, स्टेडियम, सरकारी अस्पतालों में भी स्वच्छता के साथ-साथ अन्य बुनियादी सुविधाओं में कमियों की तरफ भी प्रशासन तथा सरकार का ध्यान आकर्षित करने को कहा। उन्होंने पात्र व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए भी जनता की मदद करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री अशोक कुमार मीणा, मुख्यमंत्री के उपप्रधान सचिव श्री यशपाल तथा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के मिशन-निदेशक श्री शाश्वत सांगवान के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## हॉकी इंडिया व कोका-कोला इंडिया ने खिलाड़ियों के विकास को दी मजबूती

अनंत ज्ञान




**चंडीगढ़।** कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन के समर्थन से हॉकी इंडिया ने सफलतापूर्वक रांची में 16वें हॉकी इंडिया सब-जूनियर वीमेन नेशनल चैंपियनशिप 2026 का समापन किया है।

2024 से कोका-कोला इंडिया और हॉकी इंडिया के बीच साझेदारी के माध्यम से प्रतिस्पर्धी प्लेटफॉर्म तक पहुंच व विभिन्न स्तर पर स्ट्रक्चर्ड तरीके से अवसर प्रदान करते हुए लंबी अवधि में खिलाड़ियों के विकास पर फोकस किया जा रहा है। इस गठजोड़ के माध्यम से खिलाड़ियों को विशेष कोचिंग, ट्रेनिंग इक्विपमेंट, न्यूट्रिशनल सपोर्ट और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कैंप व टूर्नामेंट तक पहुंच के साथ-साथ परफॉर्मेंस गियर, स्पोर्ट्स साइंस सपोर्ट व मेंटल कोचिंग के माध्यम से समर्थन प्रदान किया जा रहा है। इससे उनके संपूर्ण विकास में योगदान मिलता है। उच्च गुणवत्ता की प्रतिस्पर्धा व राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच प्रदान करते हुए भारतीय हॉकी की संरचना को मजबूत बनाने में सब-जूनियर वीमेन नेशनल चैंपियनशिप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कोका-कोला इंडिया एंड साउथ वेस्ट एशिया की पब्लिक अफेयर्स, कम्युनिकेशंस एंड सस्टेनेबिलिटी वाइस प्रेसिडेंट देवयानी राणा ने कहा, 'सशी द डिफरेंस के अंतर्गत हॉकी इंडिया के साथ हमारी साझेदारी जमीनी स्तर पर महिला खिलाड़ियों के लिए अवसर मजूबत करने की भावना पर आधारित है। प्रतिस्पर्धी प्लेटफॉर्म, प्रशिक्षण व विकास के अवसरों तक पहुंच प्रदान करते हुए हमारा लक्ष्य भारत में महिला हॉकी के दीर्घकालिक विकास को समर्थन देना है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### चेन्नई की टीम डोसा, इडली-सांभर चटनी गाने से नाराज, शिकायत दर्ज

**एजेंसी, बेंगलुरु।** आईपीएल-2026 में चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुकाबले के बाद विवाद सामने आया है। सीएसके ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड से आरसीबी के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। मामला 5 अप्रैल का है, जिस दिन बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में चेन्नई और बेंगलुरु का मैच खेला गया। इस दौरान स्टेडियम में एक गाना बजाया गया, जिसमें डोसा, इडली, सांभर, चटनी जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। चेन्नई का आरोप है कि यह गाना उनके खिलाड़ियों और टीम पर तंज के तौर पर बजाया गया। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक चेन्नई के मैनेजिंग डायरेक्टर काशी विश्वनाथन ने कहा, आमतौर पर डीजे घरेलू टीम का समर्थन करने के लिए होते हैं, लेकिन चिन्नास्वामी स्टेडियम में स्थिति अलग थी। हमारे खिलाड़ियों के खिलाफ कुछ खास टिप्पणियां की गईं। इसी को ध्यान में रखते हुए, हमने बीसीसीआई को पत्र लिखकर मामले की जांच का अनुरोध किया है। 5 अप्रैल को खेले गए मैच में आरसीबी ने चेन्नई को 43 रन से हराया था। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी आरसीबी ने 250 रन बनाए। यह सीजन का बेस्ट स्कोर है। जवाब में चेन्नई 207 रन ही बना सकी थी। (अनंत ज्ञान)

### चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका खलील अहमद आईपीएल से बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बीच चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके)को बड़ा झटका लगा है। टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज खलील अहमद क्वाड्रिसेप (जांघ) की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए मुकाबले के दौरान उन्हें यह चोट लगी थी। 17वें ओवर की आखिरी गेंद डालने से पहले खलील अचानक रन-अप के दौरान रुक गए और अपने दाहिने पैर को पकड़ लिया। शुरुआत में यह सामान्य क्रैम्प्स जैसा लगा, लेकिन खलील दोबारा गेंदबाजी करने की कोशिश के बाद असहज दिखे और उन्होंने डगआउट की ओर इशारा करते हुए मैदान छोड़ दिया। इसके बाद उनके ओवर की आखिरी गेंद गुरजपनीत ने पूरी की। 28 वर्षीय खलील अहमद इस सीजन में चेन्नई की गेंदबाजी आक्रमण का अहम हिस्सा थे। उनकी गैरमौजूदगी टीम के संतुलन पर असर डाल सकती है, खासकर डेथ ओवरों में। (अनंत ज्ञान)



### अर्जुन और आदित्य ने यूएस ओपन में एक और स्वर्ण पदक जीता

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अर्जुन सिंह ने आदित्य सिंह की भारतीय जोड़ी ने फ्लोरिडा के नेपल्स में चल रही यूएस ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में जे मेओडे और डब्ल्यू लिन को 9-11, 11-2, 11-7 से हराकर पुरुष युगल 5.0 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारत के ही पंथ ठक्कर और अथर्व शेठ की जोड़ी ने 4.5 पुरुष युगल वर्ग में रजत पदक जीता। उन्हें फाइनल में कैयन एप्पल और माइकल वैन ड्यूसेन से 8-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। अर्जुन और आदित्य ने कहा, 'यूएस ओपन में एक और स्वर्ण पदक जीतना बेहद संतोषजनक है। हमने फिर से मिलकर यह खिताब जीता है जिससे यह और खास बन जाता है। हम आगे भी जीत हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते रहेंगे।' अर्जुन का यह टूर्नामेंट में तीसरा स्वर्ण पदक है। अपने भाई आदित्य के साथ उनका दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले टूर्नामेंट में उन्होंने लड़कों के अंडर-18 में युगल खिताब जीता था। (अनंत ज्ञान)

### चार्ली अपने स्वीट लुक के लिए मशहूर

**चार्ली** एस्टकोर्ट वेल्स की एक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी हैं। वह 2015 में राष्ट्रीय टीम में शामिल हुईं। हालांकि उन्हें अपना पहला गोल करने में एक साल लग गया। यह गोल अब तक चार्ली 34 मैच खेल चुकी हैं और 3 गोल कर चुकी हैं। वह अपने स्वीट लुक के लिए काफी मशहूर हैं।



# चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाली वैशाली पहली भारतीय महिला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू ने फिडे वुमंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2026 का खिताब जीत लिया है। उन्होंने 15 अप्रैल को साइप्रस के कैप सेंट जॉर्ज होटल में खेले गए फाइनल राउंड के बाद पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहते हुए खिताब अपने नाम किया।

वैशाली ने फाइनल राउंड में सफेद मोहरों से खेलते हुए रूस की अनुभवी खिलाड़ी कैटरिना लग्नो को हराया। 24 साल की वैशाली कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। अब वे वर्ल्ड चैंपियनशिप में चीन की मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन जू वेनजुन को चुनौती देंगी।

रूस की कैटरिना लग्नो ने मुकाबले की शुरुआत में सिसिलियन डिफेंस की ड्रैगन वेरिएशन अपनाई। यानी उन्होंने अपने किंग को सुरक्षित रखते हुए काले मोहरों को इस तरह जमाया कि उनका ऊंट (बिशप) कोने से लंबी दूरी तक असर डाल सके। इसके जवाब में वैशाली रमेशबाबू ने यूगोस्लाव अटैक खेला। मतलब, उन्होंने शुरुआत से ही सफेद मोहरों से किंग साइड पर तेज हमला करने की रणनीति अपनाई और खेल पर पकड़ बना ली। करीब 16वीं चाल तक वैशाली के पास साफ बढ़त थी। इसके बाद उन्होंने बिना जल्दबाजी किए रूसी खिलाड़ी की गलतियों का भी पूरा फायदा उठाया। 48वीं चाल पर लग्नो ने हार मान ली।

पिछली बार भारत के डी गुकेश ने इसे जीतकर चीन के डिंग लिरेन को चुनौती दी थी। तब गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले भारत के दूसरे खिलाड़ी बने थे। 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने 1995 में पहली बार कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता था। (अनंत ज्ञान)

### धीमी शुरुआत के बाद की शानदार वापसी

**वैशाली** टूर्नामेंट में सबसे कम रेटिंग वाली खिलाड़ी थीं। पहले चार मुकाबले ड्रॉ रहे और पांचवें में हार मिली। इसके बाद उन्होंने लगातार बेहतर खेल दिखाते हुए वापसी की और खिताब जीत लिया। साल 2016 से वुमंस वर्ल्ड चैंपियनशिप पूरी तरह से चीनी खिलाड़ियों के कब्जे में रही है। वैशाली पिछले एक दशक में पहली ऐसी खिलाड़ी हैं जो चीन के इस दबदबे को चुनौती देंल्र्ड चैंपियनशिप जीती थी। उम्मीद जताई जा रही है कि 2026 में वैशाली भी जू वेनजुन को हराकर वही कारनामा दोहराएंगी।



### ◆ वर्ल्ड चैंपियनशिप में चीन की जू वेनजुन से होगी भिड़ंत

### दिव्या देशमुख के ड्रॉ से वैशाली को हुआ फायदा

**आखिरी** राउंड शुरू होने से पहले वैशाली रमेशबाबू और कजाकिस्तान की बिबिसारा असौबायेवा 7.5 अंकों के साथ बराबरी पर थीं। आखिरी मुकाबले में कजाकिस्तानी खिलाड़ी को भारत की दिव्या देशमुख ने ड्रॉ पर रोक दिया। इसका फायदा वैशाली को मिला, जिससे उन्हें बढ़त हासिल हुई और वे चैंपियन बन गईं।

### कैंडिडेट्स टूर्नामेंट ?

**कैंडिडेट्स** टूर्नामेंट शतरंज की दुनिया का सबसे अहम इवेंट माना जाता है, क्योंकि यही तय करता है कि वर्ल्ड चैंपियन को अगला चैलेंजर कौन होगा। इसे वर्ल्ड चैंपियनशिप का सेमीफाइनल भी कहा जाता है। विजेता को सीधे वर्ल्ड चैंपियन से खेलने का मौका मिलता है। यह शतरंज का सबसे बड़ा क्वालिफाइंग टूर्नामेंट है। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट हर दो साल में होता है और विजेता वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती देता है। ओपन कैटेगरी के विजेता का मुकाबला भारत के डी गुकेश से, जबकि विमेंस कैटेगरी की विजेता चीन की जू वेनजुन से होगा।

# पैट कमिंस फिट, जल्द संभालेंगे सनराइजर्स हैदराबाद की कमान

**एजेंसी, हैदराबाद**

सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस अपनी कमर की चोट से पूरी तरह उबर चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में हुई ताजा स्कैन रिपोर्ट में उनकी पीठ की चोट के ठीक होने की पुष्टि हुई है।



अब वह जल्द ही टीम के साथा आईपीएल में जुड़ेंगे। उम्मीद है कि वह 25 अप्रैल को जयपुर में राजस्थान के खिलाफ मैच में खेल सकते हैं। कमिंस ने इंस्टाग्राम पर एक फैमिली हॉलिडे पोस्ट पर जवाब देते हुए बताया कि वे शुक्रवार को भारत के लिए रवाना होंगे और 25 अप्रैल को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में खेलने का लक्ष्य रख रहे हैं। इस आईपीएल सीजन की शुरुआत में वे टीम के साथ थे, लेकिन बाद में ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे। (अनंत ज्ञान)

### लंबे समय से थी बैक इंजरी की समस्या

**कमिंस** को अगस्त में कमर की हड्डी में स्ट्रेस इंजरी हुई थी। इसकी वजह से वह पिछले जुलाई के बाद सिर्फ एक ही मैच खेल पाए थे। इंग्लैंड के खिलाफ एडिलेड टेस्ट में उन्होंने 6 विकेट लेकर टीम को एशेज बरकरार रखने में मदद की थी। हालांकि, इसके बाद वे टी-20 वर्ल्ड कप और आईपीएल के शुरुआती मैचों से बाहर रहे।

### अभी ईशान किशन के हाथ है सनराइजर्स की कमान

**पीट** कमिंस की गैरमौजूदगी में फिलहाल ईशान किशन सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी कर रहे हैं। टीम फिलहाल पॉइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर है, जिसने 5 में से 2 मैच जीते हैं। हेड कोच डेनियल वेटोरी ने बताया कि भले ही कमिंस मैदान पर नहीं थे, लेकिन वे टीम के साथ जुड़े हुए थे। वेटोरी के मुताबिक,'पैट ग्रुप के साथ रहे हैं और उन्होंने ईशान से उनकी कप्तानी स्टाइल को लेकर काफी चर्चा की है, जिसका फायदा टीम को मिल रहा है।'

# केकेआर का आज गुजरात से सामना

## कोलकाता नाइट राइडर्स को 5 मैचों में से 4 में मिली है हार

**एजेंसी, अहमदाबाद**

खराब प्रदर्शन के कारण दबाव में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार फॉर्म में चल रही गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अपनी लय में लौटकर पहली जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। कप्तान अजिंक्य रहाणे और कोच अभिषेक नायर के नेतृत्व में केकेआर की स्पष्ट रणनीति नजर नहीं आ रही है। उसे अब तक पांच मैच में से चार मैच में हार का सामना करना पड़ा है।




हर्षित राणा और आकाश दीप के चोटिल होने तथा भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर किए जाने के बाद टूर्नामेंट से पहले उसकी गेंदबाजी काफी कमजोर हो गई थी। उसके लिए हालांकि सबसे बड़ी चिंता सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती जैसे स्पिन गेंदबाजों की खराब फॉर्म है। चक्रवर्ती इस टूर्नामेंट में अभी तक एक भी विकेट नहीं ले पाए हैं। केकेआर की समस्याएं मैदान के अंदर और बाहर के कुछ फैसलों के कारण बढ़ गई हैं। टिम सीफर्ट और रचिन रविंद्र जैसे खिलाड़ियों को टीम से बाहर रखने पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि टॉस जीतने के बाद उनके फैसले भी समझ से परे हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए मैच में रहाणे ने बल्लेबाजी का फैसला करके सभी को चौंका दिया, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उन्होंने ऐसी पिच पर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जो गेंदबाजों के अनुकूल थी। मुंबई इंडियंस के खिलाफ वह 220 रन के स्कोर का बचाव नहीं कर सकी जबकि सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 65 रन की हार ने उसकी समस्याएं और बढ़ा दी। इस तरह से केकेआर दिशाहीन टीम नजर आ रही है।

वहीं, गुजरात टाइटन्स की टीम भी अभी तक अपने घरेलू मैदान पर जीत हासिल नहीं कर पाई है। उसे अभी तक यहां खेले गए एकमात्र मैच में राजस्थान रॉयल्स से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इसके बाद उसने विरोधी टीम के मैदानों पर दो जीत हासिल की। (अनंत ज्ञान)

### संभावित टीमें

**गुजरात टाइटंसः** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, मानव सुथार, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, गुरनूर बराड़, अरशद खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कगिसो रबाडा, आर साई किशोर, इशांत शर्मा, अशोक शर्मा, जेसन होल्डर, टॉम बैंटन, ल्यूक वुड, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, जयंत यादव, कुलवंत खेजरोलिया।

**कोलकाता नाइट राइडर्सः** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, सुनील नारायण, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती, कैमरन ग्रीन, मथीशा पथिराना, राहुल त्रिपाठी, टिम सीफर्ट, तेजस्वी दहिया, रचिन रवींद्र, आकाश दीप, ब्लेसिंग मुजरबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी, फिन एलन, दक्ष कामरा, कार्तिक त्यागी, सार्थक रंजन, सौरभ दुबे।

## खेल मंत्री डॉ. मांडविया बोले–प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी पर बनेगा आपराधिक कानून

# डोपिंग के खिलाफ सख्ती बढ़ाएगी सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने डोपिंग के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि सरकार प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी और उनके उपयोग को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ आपराधिक प्रावधान लाने की दिशा में काम कर रही है। वे विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के ग्लोबल एंटी-डोपिंग इंटेलिजेंस एंड इन्वेस्टिगेशन नेटवर्क (गैन) के अंतिम सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। डॉ. मांडविया ने कहा कि आज डोपिंग केवल व्यक्तिगत गलती नहीं रह गई है, बल्कि यह एक संगठित बहुराष्ट्रीय नेटवर्क का रूप ले चुकी है। ऐसे में इसे रोकने के लिए वैश्विक स्तर पर समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि भारत न केवल खेलों में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि खेलों की निष्पक्षता और ईमानदारी बनाए रखने के लिए भी पूरी तरह समर्पित है। मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी अधिनियम 2022 देश में एक मजबूत कानूनी ढांचा प्रदान करता है, जबकि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन अधिनियम 2025 के माध्यम से नियमों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार अब उन लोगों के खिलाफ सख्त आपराधिक कार्रवाई करने की तैयारी में है, जो प्रतिबंधित पदार्थों की सप्लाई या तस्करी में शामिल हैं।



डॉ. मांडविया ने कहा कि भारत में इस तरह के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों से जांच क्षमता मजबूत हुई है और देश का एंटी-डोपिंग तंत्र और सुदृढ़ हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक उभरती वैश्विक खेल शक्ति के रूप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि खेलो इंडिया और फिट इंडिया जैसे कार्यक्रम देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं और युवाओं को खेलों से जोड़ रहे हैं। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि खिलाड़ियों को सही समय पर सही जानकारी देना बेहद जरूरी है, ताकि वे जानबूझकर या अनजाने में डोपिंग से बच सकें।

डॉ. मांडविया ने बताया कि देश में डोपिंग परीक्षणों की संख्या 2019 के लगभग 4,000 से बढ़कर पिछले वर्ष करीब 8,000 हो गई है। पॉजिटिव मामलों की दर 5.6 प्रतिशत से घटकर 2 प्रतिशत से भी कम हो गई है, जो जागरूकता और रोकथाम के प्रयासों की सफलता को दर्शाता है। अंत में, डॉ. मांडविया ने कहा कि डोपिंग जैसी चुनौती से निपटने के लिए सरकार, नियामक संस्थाओं और खेल संगठनों के बीच मजबूत साझेदारी जरूरी है। (अनंत ज्ञान)

### कृष भगत मुंबई इंडियंस में शामिल

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाकी बचे मैचों के लिए चोटिल अथर्व अंकोलेकर के स्थान पर कृष भगत को टीम में शामिल किया है। घरेलू क्रिकेट में पंजाब की तरफ से खेलने वाले 21 वर्षीय ऑलराउंडर कृष तेज गेंदबाज और निचले क्रम के उपयोगी बल्लेबाज हैं। वह पिछले दो वर्षों से मुंबई इंडियंस के ट्रायल्स का हिस्सा रहे हैं। मुंबई इंडियंस ने बयान में कहा, 'कृष ने अपनी लगन और कड़ी मेहनत से कोचिंग स्टाफ को प्रभावित किया है। पिछले कुछ वर्षों में घरेलू क्रिकेट और मुंबई इंडियंस के अभ्यास सत्रों में उनके समर्पण ने उन्हें मुख्य टीम में शामिल होने का अवसर दिलाया है।' (अनंत ज्ञान)

### आईजीपीएल गोल्फ में उदयन माने, मिलिंद सोनी और मानव शाह ने बनाई संयुक्त बढ़त

**एजेंसी, जोहानिसबर्ग।** ओलंपियन उदयन माने, मिलिंद सोनी और मानव शाह ने यहां आईजीपीएल इनविटेशनल साउथ अफ्रीका गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में समान सात अंडर 65 का स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की। यह तीनों खिलाड़ी पिछले साल के आईजीपीएल रैंकिंग विजेता पुखराज सिंह गिल (66) से एक शॉट आगे हैं। गगनजीत भुल्लर, करनदीप कोचर और सार्थक छिब्बर पांच अंडर 67 के स्कोर के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। पहले दिन के बाद महिला खिलाड़ियों में विधात्री उर्स और वाणी कपूर सबसे आगे हैं। इन दोनों ने पार 72 का स्कोर बनाया। दोनों ने दो-दो बर्डी और दो-दो बोगी लगाईं। (अनंत ज्ञान)

# आईपीएल: विराट कोहली ने अपने नाम की ऑरेंज कैप

**एजेंसी, बेंगलुरु**



आईपीएल 2026 के 23वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 5 विकेट से हरा दिया। यह जीत चिन्नास्वामी स्टेडियम में लखनऊ के खिलाफ आरसीबी की पहली सफलता भी रही। रन चेज में आरसीबी ने 15.1 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विराट कोहली ने 34 गेंदों में 49 रन की तेज पारी खेलते हुए टीम की जीत की नींव रखी। यह पहला मौका रहा जब कोहली आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतरे और वह अपने आईपीएल करियर में पहली बार 49 रन पर आउट हुए। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने ऑरेंज कैप भी अपने नाम कर ली है। कप्तान रजत पाटीदार ने 27 रन और जितेश शर्मा ने 23 रन का अहम योगदान दिया। लखनऊ की ओर से प्रिंस यादव ने 2 विकेट लिए, लेकिन टीम जीत से दूर रह गई। इस जीत के साथ आरसीबी ने लगातार मजबूत प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में अपनी स्थिति को और सशक्त किया है। फिलहाल टीम पांच मैच में चार पर जीत दर्ज कर 8 अंकों के साथ प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गई है। इस जीत के साथ रजत पाटीदार की कप्तानी वाली आरसीबी ने अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। आरसीबी की ओर से गेंदबाजी में रसिख सलाम ने सबसे प्रभावी प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि भुवनेश्वर कुमार ने 3 विकेट अपने नाम किए। (अनंत ज्ञान)

## चैंपियंस लीग | आखिरी पलों में लुइस और माइकल के गोल ने बायर्न को दिलाई यादगार जीत

# रियल मैड्रिड को हराकर बायर्न म्यूनिख सेमीफाइनल में

**एजेंसी, म्यूनिख**

जर्मनी के दिग्गज क्लब बायर्न म्यूनिख ने स्पेन के रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रियल मैड्रिड को बुधवार रात एक रोमांचक मुकाबले में 4-3 से हराकर (कुल स्कोर 6-4) यूएफा चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मुकाबले में आखिरी पलों में लुइस डियाज और माइकल ओलिसे के गोल ने बायर्न को यादगार जीत दिलाई।

मुकाबले के 89वें मिनट में लुइस डियाज ने गोल कर बायर्न को बढ़त दिलाई, जबकि इंजरी टाइम में माइकल ओलिसे ने गोल दागकर जीत पर मुहर लगा दी। इस जीत के साथ बायर्न अब सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन से भिड़ेगा। मैच के 86वें मिनट में रियल मैड्रिड के मिडफील्डर एडुआर्डो कामाविंगा को दो पीले कार्ड मिलने के बाद मैदान से बाहर कर दिया गया। इसके बाद मैच के अंत में आर्डा गुलर को भी असंतोष जताने पर रेड कार्ड मिला, जिससे टीम की वापसी की उम्मीदों को झटका लगा। वहीं, रियल मैड्रिड के कोच अल्वारो अर्बेलोआ ने रेड कार्ड पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इतने बड़े मैच में इस तरह का फैसला खेल की खूबसूरती को प्रभावित करता है। इस जीत के साथ बायर्न म्यूनिख ने शानदार वापसी का उदाहरण पेश किया और अब उसकी नजरें खिताब जीतने पर टिकी हैं। (अनंत ज्ञान)



### मैच के पहले हाफ में हुई गोलों की बरसात

**मुकाबले** की शुरुआत बेहद तेज रही और सिर्फ 35 सेकंड में ही आर्डा गुलर ने गोल कर रियल को बढ़त दिलाई। हालांकि बायर्न ने पांच मिनट बाद ही अलेक्जेंडर पावलोविच के हेडर से बराबरी कर ली। 29वें मिनट में गुलर ने शानदार फ्री-किक से रियल को फिर बढ़त दिलाई, लेकिन हैरी केन ने आठ मिनट बाद गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया। इसके बाद किलियन एम्बाप्पे ने हाफ टाइम से ठीक पहले गोल कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया।

### दूसरे हाफ में दिखा संघर्ष

**दूसरे** हाफ में खेल की रफ्तार थोड़ी धीमी रही, लेकिन दोनों टीमों ने मौके बनाए। मैनुअल नॉयर ने शानदार बचाव कर बायर्न को मैच में बनाए रखा। हालांकि अंत में कामाविंगा के रेड कार्ड के बाद बायर्न ने इसका पूरा फायदा उठाया और लगातार दो गोल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। बायर्न के कोच विन्सेंट कोम्पनी ने टीम के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा, 'यह क्लब के लिए शानदार रात रही।'

# कुल्लू की टीम वॉलीबॉल चैंपियन

## हरिपुर की टीम उपविजेता, मुख्यतिथि तुले राम ने विजेता टीम को बांटे पुरस्कार

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल दिवस के उपलक्ष्य पर युवक मंडल शिरड ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता गांव शिरड में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में जिला कुल्लू की महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसमें आसपास की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के आयोजक चंदन, ऋषभ, अरुण, मोहित, मुकुल सदस्यों ने बताया कि इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में राजकीय अर्ध राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ जिला कुल्लू के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सरकारी चालक संघ के प्रचार प्रसार मंत्री शिरड गांव के समाज सेवक तुलेराम ने शिरकत की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुल्लू की टीम ने प्राप्त किया व दूसरे स्थान पर हरिपुर की टीम रही। समापन समारोह के मुख्यतिथि तुले राम ने विजेता टीम को पुरस्कार बांटे और अपने संबोधन में युवाओं से कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन अपने गांव में आयोजित करते रहे। सभी युवाओं से नशे से दूर रहने के लिए और नशे के विरोध में आवाज उठाने के लिए आह्वान किया। मुख्यातिथि ने बताया कि आजकल जो यह सबसे खतरनाक जो हमारा दुश्मन है वह नशा है। इस नशे को न हम खुद इस्तेमाल करेंगे और न ही अपने गांव में आसपास के क्षेत्र में इसे इस्तेमाल करने देंगे। इस प्रकार से इस प्रतियोगिता में आए हुए सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।



वॉलीबॉल विजेता टीम मुख्यातिथि व आयोजकों के साथ। अनंत ज्ञान